# देशबन्धु

जबलपुर, बुधवार 23 अप्रैल 2025 | वर्ष – 69 | अंक – 157 पृष्ठ – 12 | मूल्य – 3.00 रु.



- सख्त कार्रवाई हो ...
- न्यायपालिका को... 04
- आखिर महिलाएं क्यों नहीं बन सकतीं पोप ?...
- हिंदुओं को बचाने के लिए यह देश लाया ... 09
- महंगा हो सकता है सीमेंट ...
- एसबीआई ने यूजर्स को किया अलर्ट 11
- मुंबई अब हैदराबाद ...
- मंधाना और बुमराह... 10


**आईपीएल में आज**

TATA IPL

हैदराबाद विरुद्ध मुंबई
हैदराबाद
3.30 बजे से

## सार संक्षेप

### महाराष्ट्र में हिंदी अनिवार्य भाषा नहीं होगी

#### –विद्यार्थी खुद चुन सकेंगे तीसरी भाषा

**मुंबई, (एजेंसियां)।** महाराष्ट्र में स्कूली पढ़ाई के लिए अब हिंदी अनिवार्य भाषा नहीं होगी। राज्य सरकार ने हिंदी को तीसरी अनिवार्य भाषा बनाने का निर्णय वापस ले लिया है। शिक्षा मंत्री दादाजी भुसे ने कहा कि मराठी अनिवार्य होगी, अंग्रेजी दूसरी भाषा और तीसरी भाषा ऑप्शनल यानी वैकल्पिक होगी। इससे पहले रविवार को पत्रकारों से बातचीत के दौरान महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडनवीस ने कहा था कि स्टूडेंट्स तीसरी भाषा अपने मन से चुन सकेंगे। हिंदी अनिवार्य नहीं होगी। बता दें फैसला वापस लेने से 6 दिन पहले यानी बुधवार को ही महाराष्ट्र में 1 से 5वीं तक के विद्यार्थियों के लिए तीसरी भाषा के तौर पर हिंदी अनिवार्य की गई थी। यह फैसला राज्य के सभी मराठी और अंग्रेजी मीडियम स्कूलों पर लागू किया गया था। नेशनल एजुकेशन पॉलिसी 2020 के नए करिकुलम को ध्यान में रखते हुए महाराष्ट्र में इन क्लासेज के लिए तीन भाषा की पॉलिसी लागू की गई थी। राज्य के स्कूल एजुकेशन डिपार्टमेंट ने बुधवार को ये घोषणा की थी। करिकुलम के नए फ्रेमवर्क के अनुसार, महाराष्ट्र स्टेट बोर्ड की टेक्स्ट बुक्स एनसीईआरटी के करिकुलम पर आधारित होंगी। हालांकि, सोशल साइंस और लैंग्वेजेस की बुक्स में महाराष्ट्र का लोकल कॉन्टैक्स्ट जोड़ा जाएगा। इसी के हिसाब से पहली क्लास की टेक्स्ट बुक्स बालभारती द्वारा पब्लिश की जाएंगी। बालभारती स्टेट का टेक्स्ट बुक ब्यूरो है।

**महाराष्ट्र में 5+3+3+4 मॉडल लागू करने का प्लान**

वहीं, महाराष्ट्र में एनईपी का रिकमेंड किया गया 5+3+3+4 मॉडल फेज–वाइज पहले की गई घोषणा के मुताबिक ही लागू किया जाएगा। इस नए स्ट्रक्चर के पहले फेज को नए एकेडमिक ईयर यानी 2025–26 से पहली क्लास के लिए लागू किया जाएगा।

### पहलगाम के बैसरन में पर्यटकों पर बड़ा आतंकी हमला

# पर्यटकों पर अंधाधुंध गोलीबारी, 27 मारे जाने की आशंका





## मरने वालों में दो विदेशी भी शामिल, लश्कर-ए-तैयबा ने ली हमले की जिम्मेदारी

**– सुरेश एस डुग्गर**

**जम्मू, (देशबन्धु)।** दक्षिण कश्मीर के अनंतनाग जिले में पहलगाम के पास बैसरन में पर्यटकों पर हुए घातक आतंकी हमले में 27 लोगों की मौत हो गई, जबकि कई अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। मंगलवार सुबह हुए इस हमले ने पूरे देश को हिलाकर रख दिया है, जिसके बाद अधिकारियों ने स्थिति को संभालने के लिए तत्काल कदम उठाए हैं।

प्राप्त होने वाले गैर सरकारी समाचारों के अनुसार हमले में 27 लोगों की मौत हो गई है, जिनमें से अधिकांश पर्यटक थे, जिनमें से अधिकतर गैर–स्थानीय थे। मृतकों में एक की पहचान शैलिंदर कल्पिया के तौर पर हुई है। जबकि हमले में घायल हुए 20 के करीब अन्य लोग गुजरात, महाराष्ट्र, कर्नाटक, तमिलनाडु और ओडिशा के हैं। फिलहाल सरकारी तौर पर मृतकों की संख्या और पहचान की पुष्टि होना बाकी है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक आतंकियों ने टूरिस्ट से नाम पूछा, इसके बाद उसके सिर में गोली मार दी और फायरिंग करते हुए भाग निकले। हमले की जिम्मेदारी लश्कर–ए–तैयबा ने ली है। मरने वालों में दो विदेशी भी शामिल।

जहां हमला हुआ, वहां पर सुरक्षा के पर्याप्त इंतजाम नहीं थे। आतंकियों ने इसी का फायदा उठाया। वे सैन्य वर्दी में आए और पर्यटकों से परिचय–पत्र मांगना शुरू कर दिया। इसके बाद जो भी पर्यटक हिंदू थे, उन्हें आतंकियों ने गोलियां मारनी शुरू कर दीं। हमले की सूचना मिलने और मौके पर पहुंचने में सुरक्षा बलों को 30 मिनट का समय लगा। आतंकी इस दौरान पहाड़ियों की तरफ भाग गए। उनके मारे जाने या पकड़े जाने की फिलहाल कोई सूचना नहीं है। बताया जा रहा है पहलगाम से 10 किलोमीटर दूर बायसरन घाटी में दोपहर को दहशत फैल गई। हरेभरे घास के मैदान गोलियों की तड़तड़ाहट से गूज उठे। घास के मैदानों की साइट पर बनी चाय की दुकानों के पीछे से अचानक आए आतंकियों ने अंधाधुंध फायरिंग शुरू कर दी। इससे अफरातफरी मच गई। घटनास्थल के कुछ वीडियो सामने आए हैं। चार लोग जमीन पर पड़े दिखाई दे रहे हैं, जिनमें एक बच्चा भी है, जबकि कुर्सी पर बैठा एक व्यक्ति खून से लथपथ है।

### सेना की वर्दी में आए थे आतंकी

### मुर्मू, मोदी, उमर ने की तीखी निंदा, जताया दुख

जम्मू–कश्मीर के पहलगाम में पर्यटकों पर हुआ आतंकवादी हमला चौंकाने वाला और दर्दनाक है। यह एक नृशंस और अमानवीय कृत्य है जिसकी स्पष्ट रूप से निंदा की जानी चाहिए। निर्दोष नागरिकों, इस मामले में पर्यटकों पर हमला करना बेहद भयावह और अक्षम्य है :

**– द्रौपदी मुर्मू, राष्ट्रपति**

इस जघन्य कृत्य के पीछे जो लोग हैं, उन्हें न्याय के कठघरे में लाया जाएगा। उन्हें बख्शा नहीं जाएगा। आतंकवाद से लड़ने का हमारा संकल्प अडिग है तथा यह और भी मजबूत होगा। जिन लोगों ने अपने प्रियजनों को खो दिया है, उनके प्रति मेरी संवेदनाएं

**– नरेन्द्र मोदी, प्रधानमंत्री**

मैं अविश्वसनीय रूप से स्तब्ध हूं। हमारे आगंतुकों पर यह हमला एक घृणित कार्य है। इस हमले के अपराधी जानवर, अमानवीय और घृणा के पात्र हैं। निंदा के लिए कोई भी शब्द पर्याप्त नहीं है

**– उमर अब्दुल्ला, मुख्यमंत्री जम्मू–कश्मीर**

### मोदी ने गृहमंत्री से फोन पर की बात, घटना स्थल पर पहुंचे शाह

घटना को लेकर पीएम नरेंद्र मोदी ने सऊदी अरब से गृह मंत्री अमित शाह से फोन पर बात की है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हमले की निंदा करते हुए इसे निर्दोष नागरिकों पर कायरतापूर्ण हमला बताया। उन्होंने गृह मंत्री को घटना से निपटने के लिए त्वरित और निर्णायक कार्रवाई सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। मोदी ने न्याय की आवश्यकता और क्षेत्र में सार्वजनिक सुरक्षा की बहाली पर भी जोर दिया। प्रधानमंत्री से बातचीत के बाद शाह श्रीनगर पहुंचें। वे यहां अफसरों के साथ हाईलेवल बैठक करेंगे। इधर, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने सेना प्रमुख उपेंद्र द्विवेदी से बातचीत करके हालातों की जानकारी ली। सुरक्षाबलों ने पहलगाम में हमले वाले इलाके को घेर रखा है। हेलिकॉप्टर के जरिए इलाके पर नजर रखी जा रही है। घायलों का अस्पताल में इलाज जारी है।

### मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने आतंकी हमले की घोर निंदा की

**भोपाल , देशबन्धु।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने जम्मू–कश्मीर के पहलगाम में पर्यटकों पर हुए आतंकी हमले की घोर निंदा की है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने हमले में हुए सभी दिवंगत नागरिकों को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए इस घृणित कृत्य में अपने प्रिय जन खोने वाले शोकाकुल परिवारों के प्रति गहरी संवेदनाएं व्यक्त की हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि पहलगाम में हुआ आतंकी हमला कायराना और अमानवीय कृत्य है।

### दमोह में भयावह सड़क हादसा

# पुल से सूखी नदी में बोलेरो गिरी, 5 बहनों समेत 8 की मौत

### मुख्यमंत्री ने जताया दुख, सहायता राशि की घोषणा

**दमोह, देशबन्धु।** दमोह के बनवार चौकी क्षेत्र में महादेव घाट के पास बोलेरो अनियंत्रित होकर खाई में गिर गई। मंगलवार सुबह करीब 11 बजे हुए हादसे में एक ही परिवार के 8 लोगों की मौत हो गई। इनमें 5 बहनें शामिल हैं। 8 और 10 साल के दो बच्चों की भी जान गई है। पुलिस ने बताया कि जबलपुर जिले का परिवार बांदकपुर से जागेश्वर धाम के दर्शन करने के बाद लौट रहा था। बोलेरो में 15 लोग सवार थे। इनमें से 6 की मौके पर ही मौत हो गई जबकि दो बच्चों ने दमोह जिला अस्पताल में इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। 5 अन्य घायलों को दमोह जिला अस्पताल में प्राथमिक उपचार के बाद जबलपुर मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया है। उन्हें ग्रीन कॉरिडोर बनाकर दमोह से जबलपुर पहुंचाया गया।

**हादसे में इनकी गई जान–** वैजयंती बाई (60), लौंग बाई, हल्की बाई, संपत बाई, गुड्डी बाई, रचना, तमन्ना (10), शिब्बू (8)

**ये 5 लोग घायल–** रज्जो सिंह (55), वैभव सिंह (12, रविंद्र (22), आयुष, अंकित। पुलिस के मुताबिक, जबलपुर के भीटा फुलर गांव के परिवार के सदस्य जबलपुर के ही कटंगी स्थित राजघाट पौड़ी गांव में शादी समारोह में शामिल होने गए थे। वहां से बांदकपुर दर्शन करने पहुंचे। लौटते समय हादसा हो गया। यह सभी शादी समारोह के बाद बांदकपुर गए थे हादसे में घायल लोग जबलपुर जिले के अलग–अलग गांव के रहने वाले हैं।

हादसे में घायल बोलेरो ड्राइवर अंकित लोधी भी इसी परिवार का हिस्सा है। वह राजघाट पौड़ी गांव का रहने वाला है। परिवार के सभी लोग अंकित की बहन की शादी में आए हुए थे। यही से बांदकपुर दर्शन करने गए थे। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने मृतकों के परिजन को 2–2 लाख, घायलों को 50–50 हजार रुपए की आर्थिक सहायता देने की घोषणा की।



ग्रीन कॉरिडोर बनाकर दमोह से जबलपुर पहुंचाया

### तेज गति के कारण अनियंत्रित हुई बोलेरो

कलेक्टर कलेक्टर सुधीर कोचर ने बताया कि महादेव घाट पर प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत एक पुल बना है। इस पुल के एप्रोच रोड पर आते ही बोलेरो अनियंत्रित होकर खाई में जा गिरी। प्रारंभिक अनुमान के मुताबिक, गाड़ी तेज स्पीड के कारण अनियंत्रित हुई।

**खतरनाक मोड़, स्ट्रक्चरल प्रॉब्लम–** एसपी श्रुतिकीर्ति सोमवंशी ने कहा–प्राथमिक तौर पर सामने आया है कि जिस टर्न पर एक्सीडेंट हुआ, वह खतरनाक मोड़ है। कुछ स्ट्रक्चरल प्रॉब्लम भी हो सकती है। गाड़ी की स्पीड भी ज्यादा थी। सड़क पर पहियों के निशान मिले हैं। कमेटी मामले की जांच करेगी।

# सिविल सेवा परीक्षा में बेटियों ने मारी बाजी

### प्रयागराज की शक्ति दुबे ने हासिल किया पहला स्थान



- हर्षिता गोयल दूसरे व अर्चित तीसरे स्थान पर रहे
- टॉप पांच में 3 बेटियों ने पक्की की अपनी जगह

**नई दिल्ली।** संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) सिविल सेवा परीक्षा 2024 के फाइनल परीणाम में इस बार भी देश की बेटियों ने बाजी मारी है। टॉप पांच में तीन लड़कियों ने अपनी जगह पक्की की है। इस बार भी पिछले सालों की तरह ही बेटियों की मेहनत, संघर्ष और दृढ़ निश्चय की जो मिसाल देखने को मिली है।

यूपीएससी 2024 की ऑल इंडिया टॉपर बनीं शक्ति दुबे प्रयागराज की रहने वाली हैं। साइंस बैकग्राउंड से आने वाली शक्ति ने इलाहाबाद यूनिवर्सिटी से बायोकेमिस्ट्री में बीएससी की और फिर बनारस हिंदू यूनिवर्सिटी से पोस्ट ग्रेजुएशन पूरा किया। उन्होंने पॉलिटिकल साइंस और इंटरनेशनल रिलेशंस को ऑप्शनल सब्जेक्ट चुना। साल 2018 से तैयारी कर रहीं शक्ति ने आखिरकार अपने सपने को साकार किया। दूसरे स्थान पर रहीं हर्षिता गोयल मूल रूप से हरियाणा की हैं, लेकिन कई वर्षों से गुजरात के वडोदरा में रह रही हैं। हर्षिता एक चार्टर्ड अकाउंटेंट हैं और उन्होंने समाज >>शेष पृष्ठ 2 पर







### सूचना

**सुधि पाठकों के लिए देशबन्धु अखबार का ई–पेपर**
epaper.deshbandhump.com
**वेबसाइट पर भी उपलब्ध है।**

### बिरादरी की बात

**चूहा-सुनती हो**-सोने की कीमत एक लाख रुपये प्रति 10 ग्राम से ऊपर निकल गई।

**चुहिया- हां प्रिये**-जिन्हें दो जून की रोटी की चिंता सताती रहती है वे तो बस शादी ब्याह के समय इसकी चिंता करते हैं।

### बाजार

### सोना आज 1800 रुपये और महंगा हुआ

# 10 ग्राम की कीमत 1 लाख के पार

**नई दिल्ली।** सोने का दाम बुलेट ट्रेन की रफ्तार से आगे बढ़ रहा है। आज सोना फिर 1800 रुपये महंगा हो गया है। अखिल भारतीय सर्राफा संघ ने यह जानकारी दी है। इस बीच, अक्षय तृतीया और शादी–विवाह के सीजन में मांग बढ़ने की उम्मीद के चलते इस कीमती धातु को समर्थन मिला। अखिल भारतीय सर्राफा संघ के अनुसार, 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना 1,800 रुपये चढ़कर 1,01,600 रुपये प्रति 10 ग्राम के सर्वकालिक उच्चस्तर पर पहुंच गया।

सोना सोमवार को 99,800 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। अक्षय तृतीया 30 अप्रैल को है, जिसे सोना खरीदने के लिए सबसे शुभ दिन माना जाता है। देश में शादी का सीजन मई के अंत तक जारी रहेगा। दिसंबर, 2024 से सोना 22,650 रुपये प्रति 10 ग्राम या लगभग 29 प्रतिशत महंगा हुआ है। इस बीच, मंगलवार को चांदी की कीमतें 98,500 रुपये प्रति किलोग्राम पर स्थिर रहीं।



**क्यों बढ़ी सोने की कीमत** – वैश्विक स्तर पर आर्थिक अनिश्चितताओं के कारण सुरक्षित निवेश की मांग बढ़ रही है, जिसके कारण सोने में लगातार तेजी बनी हुई है। इसके चलते सोने के दाम में उछाल देखने को मिल रहा है। दुनियाभर के केंद्रीय बैंक सोने की खरीदारी कर रहे हैं। वहीं डॉलर कमजोर हो रहा है। ये सारे फैक्टर मिलकर सोने का दाम बढ़ा रहे हैं।

**पिछले एक साल में 28 प्रतिशत का बंपर रिटर्न** – अगर पिछले एक साल की बात करें तो सोने ने अपने निवेशकों को 28त्न से अधिक रिटर्न दिया है। ऐसे में अगर किसी निवेशक ने एक साल पहले सोने में 100000 रुपये निवेश किया होगा तो उसका पैसा आज की तारीख में बढ़कर ?128000 हो गया होगा। आपको बता दें कि 2025 में अभीतक सोने ने लगभग 12 प्रतिशत का रिटर्न दिया है। वहीं, 2024 में सोने ने 20.3 प्रतिशत का रिटर्न दिया था। आपको बता दें कि पिछले 25 साल में सोने ने केवल दो बार निगेटिव रिटर्न दिया है। वहीं, 2005 से सोने का औसत रिटर्न शेयर बाजार से >>शेष पृष्ठ 2 पर

# देश-विदेश

## पुनित ने यूक्रेन के साथ जंग में सीजफायर को लेकर रखा प्रस्ताव

**मॉस्को।** रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने सोमवार को पहली बार वर्षों में यूक्रेन के साथ द्विपक्षीय शांति वार्ता का प्रस्ताव रखा। उन्होंने एक दिन की ईस्टर युद्धविराम के बाद भविष्य में और संघर्षविराम के लिए भी तत्परता जताई है। वॉशिंगटन की ओर से शांति के लिए तत्परता दिखाने के दबाव के बीच पुतिन का यह बयान आया है। इसी बीच, यूक्रेनी राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की ने पुष्टि की कि यूक्रेन एक प्रतिनिधिमंडल को लंदन भेज रहा है, जहां बुधवार को अमेरिका और अन्य पश्चिमी देशों के साथ बैठक होगी। यह लंदन वार्ता पिछले हफ्ते पेरिस में हुई बैठक की अगली कड़ी है, जिसमें तीन साल से अधिक पुराने युद्ध को समाप्त करने के उपायों पर चर्चा हुई थी।

# सुबह-सुबह गाजा की धरती खून से लाल, इजरायली हमले में एक ही घर के 11 लोग जिंदा जले

**गाजा।** गाजा में हालात हर पल बद से बदतर होते जा रहे हैं। मंगलवार की सुबह एक बार फिर तबाही और मातम लेकर आई। इजरायली हमलों में कम से कम 25 फिलिस्तीनी मारे गए, जिनमें 11 लोग खान यूनिस में एक ही घर में जलकर मर गए। यह आग इजरायली हवाई हमलों की वजह से लगी।

गाजा सिटी के पश्चिमी हिस्से में हवाई हमले में एक घर में 11 लोगों की जिंदा जलने जान चली गई, इसमें एक पति-पत्नी और उनके मासूम बच्चे भी शामिल थे। स्थिति और भी भयावह तब हो गई जब जबालिया नगर पालिका के गैराज पर हवाई हमले किए गए, जिससे मलबा हटाने वाले ट्रक और बुलडोजर भी तबाह हो गए। इससे राहत और बचाव कार्यों को भारी झटका लगा है।

अलजजीरा की रिपोर्ट के अनुसार, राफा के उत्तरी हिस्से में कई परिवार अब भी फंसे हुए हैं। इज़रायली सेना ने रेड क्रॉस की गाड़ियों को उन इलाकों में जाने से रोक दिया है, जिससे लोगों को सुरक्षित बाहर निकालना मुश्किल हो गया है।





**अस्पतालों में दम तोड़ते घायल**

लेकिन अस्पतालों में हालात इतने बदतर हैं कि इलाज की जगह अब वहां मौतें हो रही हैं। घायलों को दवा, ऑक्सीजन या प्राथमिक इलाज तक नहीं मिल पा रहा। डॉक्टरों के पास संसाधन नहीं हैं, न ही पर्याप्त स्टाफ। ऐसे में कई जख्मी बिना आवाज़ किए ही इस दुनिया से विदा ले रहे हैं। गाजा में सिर्फ बम नहीं, अब इलाज की कमी भी लोगों को निगल रही है। यह एक मानवीय त्रासदी है, जिसका अंत फिलहाल कहीं नजर नहीं आ रहा।

# 8 साल की बालिका से छेड़छाड़ कर पत्थर से मुंह कुचला

*__छतरपुर, देशबन्धु।__ बड़ा मलहारा थाना क्षेत्र अंतर्गत एक खेत में एक 8 साल की बालिका से छेड़छाड़ कर गंभीर रूप से लहूलुहान करने की घटना सामने आई है। घटना में गंभीर रूप से घायल बालिका को को जिला अस्पताल में आईसीयू वार्ड में भर्ती कराया गया है। जहां बालिका की हालत गंभीर बताई गई है। उसकी हालत अभी गंभीर बताई गई है। घटना को लेकर परिजनों में आक्रोश है, वे आरोपियों की शीघ्र गिरफ्तारी की मांग कर रहे हैं।*

*बताया गया है घर से कुछ दूर एक खेत में बालिका खेल रही थी। तभी मंडी के पास रहने वाले बलराम यादव ने वहां आकर बालिका को पकड़ा और उससे मारपीट शुरु कर दी, बुरी नीयत से उसके साथ छेड़छाड़ भी की। जमीन पर पटककर उसके चेहरे पर पत्थर से कई वार कर उसे बुरी तरह से घायल कर दिया।*

*बच्ची की चीख पुकार सुनकर आसपास से लोग दौड़कर जब तक मौके पर पहुंचे तब तक आरोपी उसे छोड़कर भाग गया। इस जानलेवा हमले से बच्ची बेहद डरी-सहमी हालत में मिली। बच्ची के चेहरे, कान के पीछे के हिस्से में गहरी चोटें आई हैं। हालत नाजुक होने के कारण परिजन थाने नहीं जा सके।*

***अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अस्पताल पहुंचीं, परिजनों से बात की***

*- घटना की जानकारी मिलते ही अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक विदिता डागर और महिला थाना प्रभारी श्रद्धा मिश्रा तत्काल जिला अस्पताल पहुंची। जहां परिजनों से बात कर पूरे मामले की जानकारी ली और बच्ची के स्वास्थ्य के बारे में जाना।*

***इनका कहना है***

*- आखिर आरोपी युवक कौन था और उसने इस वारदात को अंजाम क्यों दिया, फिलहाल इस बारे में अभी तहकीकात की जा रही है।*

***श्रद्धा मिश्रा, थाना प्रभारी***

## एम्बुलेंस बिगड़ी, मोटरसाइकिल से लेकर पहुंचे अस्पताल

*घायल बालिका का पिता एम्बुलेंस से उसे छतरपुर ले जाने लगा, तभी रास्ते में एंबुलेंस खराब हो गई।*

*बेटी को गोद में लिए पिता ने एम्बुलेंस से नीचे उतरकर एक मोटर साइकिल सवार को रोका और उसके साथ जिला अस्पताल पहुंचा। जिला अस्पताल में भर्ती कर उसका उपचार किया जा रहा है।*

## प्रथम पृष्ठ का शेष...

**सिविल सेवा....** सेवा के लिए अपनी फाइनेंस की दुनिया को छोड़ दिया। गुजरात टेक्नोलॉजिकल यूनिवर्सिटी से कंप्यूटर इंजीनियरिंग करने वाली मार्गी ने समाजशास्त्र को वैकल्पिक विषय के रूप में चुना और ऑल इंडिया चौथा स्थान हासिल किया। टेक्निकल बैकग्राउंड के बावजूद समाज से जुड़ाव ने उन्हें इस क्षेत्र में आने की प्रेरणा दी। दूसरे प्रयास में यूपीएससी क्लियर कर कोमल पूनिया ने सहारनपुर जिले का नाम रोशन किया है. कोमल की मेहनत और जज़्बे ने यह दिखा दिया कि लगन और निरंतर प्रयास से कोई भी मंजिल पाई जा सकती है। आयुषी ने 2022 में 188वीं और 2023 में 97वीं रैंक हासिल की थी। इस बार उन्होंने सातवां स्थान पाकर खुद को नई ऊंचाई पर पहुंचा दिया। आयुषी के जीवन में पिता का साया बचपन में ही उठ गया था, लेकिन मां की प्रेरणा और अपनी मेहनत से उन्होंने यह कठिन परीक्षा पास की। आईआईटी की तैयारी के लिए दिल्ली आईं, फिर मैकेंज़ी जैसी बड़ी कंपनी में जॉब की और आखिरकार यूपीएससी की राह चुनी। सिविल सेवा (प्रारंभिक) परीक्षा के लिए कुल 9,92,599 उम्मीदवारों ने आवेदन किया था, जिनमें से 5,83,213 उम्मीदवार वास्तव में परीक्षा में उपस्थित हुए। कुल 14,627 उम्मीदवार लिखित (मुख्य) परीक्षा के लिए योग्य पाये गये। इनमें से 2,845 उम्मीदवार परीक्षा के व्यक्तित्व परीक्षण के योग्य पाए गए। **शीर्ष 25 उम्मीदवारों में 11 महिलाएं व 14 पुरुष शामिल** - संघ लोक सेवा आयोग के अनुसार शीर्ष 25 उम्मीदवारों में 11 महिलाएं व 14 पुरुष शामिल हैं। शीर्ष 25 सफल उम्मीदवारों ने लिखित (मुख्य) परीक्षा में मानव विज्ञान, वाणिज्य और लेखा, भूगोल, गणित, दर्शनशास्त्र, भौतिकी, राजनीति विज्ञान और अंतर्राष्ट्रीय संबंध, लोक प्रशासन, समाजशास्त्र और तमिल भाषा के साहित्य सहित कई वैकल्पिक विषयों का चयन किया है। अनुशंसित उम्मीदवारों में बेंचमार्क विकलांगता वाले 45 व्यक्ति भी शामिल हैं, जिनमें 12 अस्थि विकलांग, 8 दृष्टिबाधित, 16 श्रवण बाधित और 9 बहु विकलांगता वाले व्यक्ति शामिल हैं।

**10 ग्राम की....** बेहतर रहा है। 2000 से सोने ने शेयर बाजार से बेहतर रिटर्न दिया है, 2000 से 2,027 प्रतिशत का रिटर्न दिया है, जबकि शेयर बाजार ने 1,470 प्रतिशत का रिटर्न दिया है। वहीं, पिछले एक साल में शेयर बाजार ने करीब 8प्रतिशत और एफडी ने निवेशकों को 6.8 प्रतिशत का रिटर्न दिया है।


## कार्यालय नगर परिषद भुआ बिछिया जिला मण्डला (म.प्र.)

क्रमांक/43/नपरि/2025 भुआ बिछिया दिनांक 22/04/2025

### निविदा सूचना

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि नगर परिषद भुआ बिछिया सीमा क्षेत्रांतर्गत जल संकट से ग्रस्ति वार्डो में पेयजल परिवहन किए जाने हेतु ट्रेक्टर, टेंकर डीजल, एवं वाहन चालक सहित वाहन की आवश्यकता हैं इच्छुक फर्म / वाहन मालिक निकाय को किराये से लेने हेतु दिनांक 29.04.2025 को अमानत राशि एवं निविदा प्रपत्र राशि जमा कर अपनी दरें दिनांक 30.04.2025 को कार्यालयीन समय में प्रस्तुत कर सकतें हैं।

| क्र. | कार्य का विवरण | अमानत राशि FDR | निविदा प्रपत्र नगद | रिमार्क |
|---|---|---|---|---|
| 1 | ट्रेक्टर, टेंकर, डीजल ड्राईवर सहित | 30000.00 | 1000.00 | |

नियम शर्ते -
1. काटपीट एवं समय के पश्चात प्राप्त निविदा पर विचार नहीं किया जावेगा एवं परिषद का निर्णय अंतिम मान्य होगा।
2. ट्रेक्टर टेंकर, की स्थिति अच्छी होनी चाहियें।
3. ट्रेक्टर टेंकर से प्रतिदिन न्यूनतम 10 ट्रीप पेयजल परिवहन करना होगा।
4. जलप्रदाय प्रभारी के मार्गदर्शन में जलपरिवहन करना होगा।
5. वाहन टूट-फूट एवं दूर्घटना की समस्त जवाबदारी वाहन मालिक की होगी निकाय की जवाबदारी नहीं होगी।

**मुख्य नगर पालिका अधिकारी**
**नगर परिषद भुआ बिछिया**

## कार्यालय वनमण्डल अधिकारी, वनमण्डल सतना (म.प्र.)

(मुख्तियारगंज रेल्वे फाटक के पास, सिविल लाइन, सतना)

कार्यालयीन पत्र क्रमांक/राजस्व/ 3543 दिनांक 15.04.2025

विज्ञप्ति

वनोपज के घोष विक्रय की सूचना

भौतिक नीलाम दिनांक 23.04.2025

| वन मण्डल का नाम एवं दूरभाष क्र. | काष्ठागार का नाम तथा दूरभाष / मो. कं. | नीलाम दिनांक | नीलाम स्थल | वनोपज का प्रकार | सागौन/साल काष्ठ अनुमानित मात्रा: लट्ठा घ. मी. | सागौन/साल काष्ठ अनुमानित मात्रा: चिरान, बल्ली/डेगरी नग में | अन्य काष्ठ अनुमानित मात्रा: लट्ठा घ. मी. | अन्य काष्ठ अनुमानित मात्रा: बल्ली/डेंगरी नग में | जलाऊ चट्टा अनुमानित मात्रा नग में | औधोगित बांस अनुमानित मात्रा विक्रय इकाई में | व्यापा. बांस अनुमानित मात्रा वि. ई./नग में | कटग बांस अनुमानित मात्रा नग में | अन्य सामग्री | अवरोध मूल्य (लाख रू.में.) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 | 11 | 12 | 13 | 14 | 15 |
| सतना 07672 223355 | बफर डिपो (सोनौरा) सतना मो. 9340810565 | 23.04. 2025 | बफर डिपो सोनौरा सतना | नई | 14.038 | 77 | 0.277 | 9 | 0.200 | - | - | - | - | 565020 |
| | | | | पुरानी | 122.762 | 6390 | 1.937 | 301 | - | - | - | - | | 7026615 |
| | योग | | | | 136.80 | 6467 | 2.214 | 310 | 0.200 | | | | | 7591635 |

1. अन्य विवरण संबंधित काष्ठागार अधिकारी अथवा वन मण्डल अधिकारी से कार्यालयीन समय में दूरभाष एवं ई-मेल से प्राप्त की जा सकती है।
2. यदि स्वीकृत नीलाम तिथि को नीलामी पूरी नहीं होती है, तो अगले कार्य दिवस को नीलामी की कार्यवाही सम्पन्न की जावेगी।
3. इस विज्ञापन www.mpforest.gov.in पर भी देखा जा सकता है। ध्यान रखें नीलाम में भाग लेने वाले इच्छुक वन ठेकेदारों को वर्ष 2025 का म.प्र. वन उपज (व्यापार विनियमन) अधिनियम 1969 की धारा 11 के तहत जारी पंजीयन, जी.एस.टी. पंजीयन एवं आयकर विभाग का पंजीयन साथ में लाना होगा।
4. नई काष्ठ/जलाऊ की मात्रा बढ़ने की संभावना है।

G-11821/25 दुर्घटना से रखनी दूरी है तो हेलमेट सबसे जरूरी है।

**वन मण्डल अधिकारी**
**वन मण्डल सतना**

## कार्यालय कार्यपालन यंत्री लोक निर्माण विभाग वि/यां संभाग जबलपुर

Web site:www.mp.gov.in/pwdmp Email :-eepwdelecjbp@mp.nic.in Tel./Fax No. 0761-2620792

### निविदा सूचना

निविदा सूचना क्रमांक -03/2025-26 व.ले.लि. जबलपुर, दिनांक 11/04/2025

निम्नलिखित कार्यो हेतु निविदायें आमंत्रित की जाती है। उल्लेखित विस्तृत कार्य का विवरण वेबसाईट http://mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

| क्रं. | टेन्डर क्रमांक | कार्य का नाम | अनुमानित लागत (लाख रु. में) | अमानत की राशि (रु. में) | नीलामी प्रपत्र का मूल्य (रु.में) | कार्य पूर्ण करने का समय | 1. नीलामी काल 2. निविदा काल |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 2. | 3. | 4. | 5. | 6. | 7. | 8. |
| 1. | 2025_PWDRB_416193_1 | जबलपुर जिले के होमसाइंस सेक्शन एवं सिहोरा सेक्शन के अंतर्गत विद्युतीकरण का जोनल कार्य। | Rs. 19.00 Lakh | Rs. 38000/- | Rs. 2000/- | Up to 31/03/2026 | 1. नवीन पंजीकरण विद्युत में एवं अ श्रेणी विद्युत लायसेंस हेतु 2. प्रथम कॉल |
| 2. | 2025_PWDRB_416194_1 | जबलपुर जिले के कटंगा सेक्शन के अंतर्गत विद्युतीकरण का जोनल कार्य। | Rs. 19.50 Lakh | Rs. 39000/- | Rs. 2000/- | Up to 31/03/2026 | 1. नवीन पंजीकरण विद्युत में एवं अ श्रेणी विद्युत लायसेंस हेतु 2. प्रथम कॉल |
| 3. | 2025_PWDRB_416195_1 | जबलपुर जिले के आदर्श नगर एवं शंकर शाह नगर सेक्शन के अंतर्गत विद्युतीकरण का जोनल कार्य। | Rs. 19.50 Lakh | Rs. 39000/- | Rs. 2000/- | Up to 31/03/2026 | 1. नवीन पंजीकरण विद्युत में एवं अ श्रेणी विद्युत लायसेंस हेतु 2. प्रथम कॉल |
| 4. | 2025_PWDRB_416196_1 | जबलपुर जिले के मेडिकल सेक्शन के अंतर्गत विद्युतीकरण का जोनल कार्य। | Rs. 15.00 Lakh | Rs. 30000/- | Rs. 2000/- | Up to 31/03/2026 | 1. नवीन पंजीकरण विद्युत में एवं अ श्रेणी विद्युत लायसेंस हेतु 2. प्रथम कॉल |
| 5. | 2025_PWDRB_416197_1 | जबलपुर जिले के विक्टोरिया सेक्शन के अंतर्गत विद्युतीकरण का जोनल कार्य। | Rs. 18.50 Lakh | Rs. 37000/- | Rs. 2000/- | Up to 31/03/2026 | 1. नवीन पंजीकरण विद्युत में एवं अ श्रेणी विद्युत लायसेंस हेतु 2. प्रथम कॉल |
| 6. | 2025_PWDRB_416198_1 | जबलपुर जिले के हेडक्वाटर सेक्शन के अंतर्गत विद्युतीकरण का जोनल कार्य। | Rs. 19.00 Lakh | Rs. 38000/- | Rs. 2000/- | Up to 31/03/2026 | 1. नवीन पंजीकरण विद्युत में एवं अ श्रेणी विद्युत लायसेंस हेतु 2. प्रथम कॉल |
| 7. | 2025_PWDRB_416199_1 | जबलपुर जिले के जे.ई.सी. सेक्शन के अंतर्गत विद्युतीकरण का जोनल कार्य। | Rs. 19.00 Lakh | Rs. 38000/- | Rs. 2000/- | Up to 31/03/2026 | 1. नवीन पंजीकरण विद्युत में एवं अ श्रेणी विद्युत लायसेंस हेतु 2. प्रथम कॉल |
| 8. | 2025_PWDRB_416200_1 | जबलपुर जिले के हाईकोर्ट सेक्शन के अंतर्गत विद्युतीकरण का जोनल कार्य। | Rs. 19.00 Lakh | Rs. 38000/- | Rs. 2000/- | Up to 31/03/2026 | 1. नवीन पंजीकरण विद्युत में एवं अ श्रेणी विद्युत लायसेंस हेतु 2. प्रथम कॉल |
| 9. | 2025_PWDRB_416201_1 | जबलपुर जिले के एम.एम.वी. सेक्शन के अंतर्गत विद्युतीकरण का जोनल कार्य। | Rs. 19.00 Lakh | Rs. 38000/- | Rs. 2000/- | Up to 31/03/2026 | 1. नवीन पंजीकरण विद्युत में एवं अ श्रेणी विद्युत लायसेंस हेतु 2. प्रथम कॉल |
| 10. | 2025_PWDRB_416203_1 | जबलपुर जिले के मझोली एवं कटंगी सेक्शन के अंतर्गत विद्युतीकरण का जोनल कार्य। | Rs. 10.00 Lakh | Rs. 20000/- | Rs. 2000/- | Up to 31/03/2026 | 1. नवीन पंजीकरण विद्युत में एवं अ श्रेणी विद्युत लायसेंस हेतु 2. प्रथम कॉल |
| 11. | 2025_PWDRB_416205_1 | जबलपुर जिले के कलेक्ट्रेट सेक्शन के अंतर्गत विद्युतीकरण का जोनल कार्य। | Rs. 19.00 Lakh | Rs. 38000/- | Rs. 2000/- | Up to 31/03/2026 | 1. नवीन पंजीकरण विद्युत में एवं ब श्रेणी विद्युत लायसेंस हेतु 2. प्रथम कॉल |
| 12. | 2025_PWDRB_416211_1 | माननीय उच्च न्यायालय जबलपुर के रजिस्ट्रार जनरल महोदय के सिविल लाईन स्थित बंगले में विद्युतीकरण कार्य। | Rs. 13.04 Lakh | Rs. 26080/- | Rs. 2000/- | 1 MONTH | 1. नवीन पंजीकरण विद्युत में एवं अ श्रेणी विद्युत लायसेंस हेतु 2. प्रथम कॉल |

उपरोक्त वेबसाइट आनेंलाइन भुगतान करने के उपरान्त निविदा प्रपत्र (टेण्डर डाक्यूमेंट) बेवसाइट के माध्यम से प्राप्त हो सकेगा। निविदा प्रपत्र क्रय करने की अंतिम तिथि 29/04/2025 है। निविदा में होने वाले समस्त संशोधन का प्रकाशन केवल उपरोक्त वेबसाईट पर किया जायेगा। पृथक से समाचार पत्रों में प्रकाशन नहीं किया जायेगा।

**कार्यपालन यंत्री**
**लोक निर्माण विभाग वि./यां. संभाग जबलपुर**

G-11849/25 दुर्घटना से रखनी दूरी है तो हेलमेट सबसे जरूरी है।

## निविदा/ नियुक्ति/ जाहिरात

### न्यायालय नायब तहसीलदार, वृत्त-बुडवा, तहसील ब्यौहारी जिला शहडोल (म.प्र.)

प्र./क्र./0 /अ -6/2025-26
ब्यौहारी दिनांक 11/04/2025

1) आशीष कुमार,पिता शिवनारायण यादव 2)मनीष कुमार पिता शिवनारायण यादव दोनों निवासी नाकुनी तहसील ब्यौहारी जिला शहडोल (मध्य प्रदेश)

..................आवेदकगण /

1) दीनदयाल पिता रामनारायण यादव, निवासी ग्राम नकुनी। 2) बुद्ध सेन पिता रामनारायण यादव निवासी ग्राम नकुनी। 3)शोभनाथ पिता रामनारायण यादव निवासी ग्राम नकुनी।4)सुदामा पिता रामनारायण यादव निवासी ग्राम नकुनी। 5) राजेंद्र पिता रामनारायण यादव निवासी ग्राम नकुनी। 6)राजेश पिता रामनारायण यादव निवासी ग्राम नकुनी। 7)रज्जन पिता रामनारायण यादव निवासी ग्राम नकुनी।8) बब्बी पिता रामनारायण यादव पति मुलायम यादव निवासी ग्राम नकुनी, हाल, मुकाम ,डागा, पो. डागा तहसील मझौली जिला सीधी,,( मध्य प्रदेश) 9) मु, चंद्रवती बेवा शिवनारायण यादव निवासी ग्राम नकुनी,। 10) बीनू पिता , स्व शिवनारायण पति अखिलेश यादव निवासी ग्राम नकुनी हाल मुकाम, अमिलाई थाना तहसील रामपुर नैकिन ,जिला सीधी,(मध्य प्रदेश) 11)सीमा पिता शिवनारायण पति रामनाथ यादव निवासी ग्राम नकुनी हाम मुकाम ग्राम कैथहा पोस्ट सरिया थाना तहसील रामनगर ,जिला मैहर (मध्य प्रदेश)

आवेदक क्र.1 ता 07 एवं 9 का थाना देवलोद तहसील ब्यौहारी जिला शहडोल (म.प्र.)

............... अनावेदकगण

सार्वजनिक-सूचना / इस्तहार

एतद द्वारा सर्वधारण को सूचित किया जाता है, कि आवेदकगण, आशीष कुमार पिता शिवनारायण यादव निवासी ग्राम नकुनी के द्वारा अनावेदक गणों के विरुद्ध( मध्य प्रदेश भू. राजस्व सहित 1959 की धारा 110 के तहत ग्राम नकुनी पटवारी हल्का गाड़ा राजस्व निरीक्षक मंडल बुढ़वा स्थित आराजी खसरा नम्बर 190 रकवा 0.227 हे. 95/2 रकवा 0.987 हे. भूमि का वसीयत के आधार पर नामांतरण किए जाने का आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है।

अत . तत्संसंबध में किसी व्यक्ति या समूह को किसी प्रकार का उजर/ आपत्ति हो तो वह स्वय या अपने प्लीडर अधिवक्ता सहित दिनांक,24/04 /2025 को तहसील कार्यालय ब्यौहारी वृत्त बुढ़वा में उपस्थित होकर अपना उग्र, आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं/ नियत पेशी दिनांक के बाद प्राप्त आपत्तियों पर कोई विचार नहीं किया जाएगा/

समाचार प्रकाशन हेतु, दिनांक 11/04/2025 को मरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुद्रा के अधीन जारी किया गया है।

दिनांक 11/04/025
स्थान जबलपुर

**शनि द्विवेदी**
**नायब तहसील (वृत्त - बुडवा)**
**तहसील ब्यौहारी जिला-शहडोल (म.प्र.)**

### न्यायालय तहसीलदार तहसील अधारताल, जबलपुर

रा.प्र.क्र./0129/अ-6/2025-2026
जबलपुर, दिनांक 17/04/2025

**आम इश्तहार**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि, आवेदक श्रीमती अनीता पाण्डे पत्नी स्व. ललित कुमार पाण्डे निवासी 1254 होमसाइंस कालेज रोड मानकुंवर बाई के पीछे नेपियर टाउन के द्वारा मौजा सुभाषनगर ख.नं. 773 प्लाट नंबर 862/1 ए/9 स्थित भूमि सी. नंबर 254 में से रकवा 5010 व.फु. भूमि पर ललित कुमार पाण्डे पिता स्व. रामसजीवन की मृत्यु दिनांक 21/08/2024 को हो जाने के कारण वर्तमान राजस्व अभिलेखों में नाम दर्ज किये जाने हेतु फौती के आधार पर नामांतरण किये जाने हेतु आवेदन पत्र सहित अन्य दस्तावेज संलग्न कर आवेदन प्रस्तुत किया गया है। तत्संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को कोई दावा या आपत्ति हो तो नियत पेशी दिनांक 05/05/2025 तक इस न्यायालय में स्वंय या अधिवक्ता के माध्यम से प्रस्तुत कर सकता है। समयावधि व्यतीत हो जाने के पश्चात प्रस्तुत दावा/आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा। आज न्यायालय की मुद्रा व मेरे हस्ताक्षर से जारी किया गया।

जारी दिनांक-17/04/2025
पेशी दिनांक-05/05/2025

र.नं. 207

**तहसीलदार**
**अधारताल जबलपुर**

### FOR CHANGE OF NAME

It is for general information that I, RAM LAL SAMAN S/o Late BHAJJU LAL, employed as Grinder (MCM) Ticket No. 1798 in GCW Section of CQA(W), Jabalpur (M.P.) 482011, declare that name of mine has been wrongly written as RAM LAL DUMAR in my Service Record. The actual name of mine is RAM LAL SAMAN, which may be amended accordingly.It is certified that I have complied with other legal requirements in this connection.

(RAM LAL SAMAN)Res. at Qtr. No.W-10/2, CQA W Colony, GCF Estate, Post Office Gokulpur, Jabalpur (M.P.) 482011

र.नं. 209

### न्यायालय नायब तहसीलदार गोरखपुर जबलपुर

रा.प्र.क्र. 1851/ अ-6/2024-25

**इश्तहार**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि कुलजीत सिंह माखीजा पिता स्व. अमोलक सिंह माखीजा निवासी डी-3 अनिल विहार राधा स्वामी सतसंग भवन के पीछे महानद्दा द्वारा नोटराइज वसीयत नामा दिनांक 19/06/2024 के माध्यम से मौजा हाथीताल नं.बं. 753 प.ह.नं. 24/2 ख.नं. 18 रकवा 638 व.फु. विक्रेता स्व. अमोलक सिंह से वसीयत की गई भूमि पर राजस्व अभिलेखों में अपना नाम दर्ज कराने नोटराइज वसीयतनामा की छायाप्रति संलग्न कर आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है। अतः उपरोक्त नामांतरण स्वीकृत किये जाने में यदि किसी व्यक्ति / संस्था को कोई आपत्ति हो तो वह अपनी लिखित आपत्ति पेशी दिनांक 28/04/2025 तक स्वयं अथवा अपने विधिक प्रतिनिधि के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर पेश कर सकते है। समयाविधि पश्चात् प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा। न्यायालय की मुहर एवं मेरे हस्ताक्षर से आज दिनांक 13/04/2025 को जारी।

जारी दिनांक - 13/04/2025
पेशी दिनांक - 28/04/2025

र.नं. 186

**नायब तहसीलदार एवं कार्यपालिक दण्डाधिकारी गोरखपुर, जबलपुर**

### आम सूचना

आम जनता को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार श्रीमती इसरत जहां पत्नि श्री शमी अखतर निवासी मछली मार्केट एच. एन. 76 गोविंद बल्लभ पंत वार्ड जबलपुर वालो ने विक्रेता श्रीमति रानू अवस्थी पत्नि श्री कृष्ण कांत अवस्थी निवासी फ्लेट नं. सी1/एफ, स्कीम नं. 11 जबलपुर वाले की संपत्ति मौजा बैतला प.ह.नं. 25 नं.बं. 52 रा. नि. मं. महाराजपुर तहसील अधारताल जिला जबलपुर में स्थित खसरा नं. 189/3/46 का रकबा 2400 वर्गफुट खाली भूखण्ड है को क्रय करने का सौदा किया है जिसकी निकट भविष्य में रजिस्ट्री बैनामा होना तय है तथा उपरोक्त संपत्ति पर जिस किसी व्यक्ति सरकारी संस्थाए बैंक महाजनी या अन्य किसी व्यक्ति विशेष को उपरोक्त संपत्ति के विक्रय बावत् आपत्ति हो तो उपरोक्त संपत्ति की आम सूचना प्रकाशन दिनांक से सात (7) दिवस के अंदर मेरे कार्यालय में मूल दस्तावेज सहित आपत्ति दर्ज करायें तथा सात दिवस पश्चात् किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति स्वीकार व मान्य नही की जायेगी और ऐसी स्थिति में मेरे पक्षकार उपरोक्त संपत्ति का पंजीयन विक्रेता से अपने पक्ष में करा लेगा।

**मो. आमिर खान (अधिवक्ता)**
**मध्यप्रदेश हाईकोर्ट जबलपुर**
**कार्यालयः 8/1 बड़ी ओमती**
**भारतीपुर जबलपुर**
**मो. 9752667979**

### इंडियन बैंक Indian Bank इलाहाबाद ALLAHABAD

**इंडियन बैंक, शाखा - राईट टाउन, जबलपुर (म.प्र.)**

परिशिष्ट - IV {नियम-8(1)} कब्जा नोटिस (अचल सम्पत्ति के लिए)

जबकि, अधोहस्ताक्षरी, जो कि **इंडियन बैंक** के प्राधिकृत अधिकारी हैं, ने वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्गठन तथा प्रतिभूति हित का प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के अधीन और प्रतिभूति हित का (प्रवर्तन) नियमावली, 2002 के नियम 3 के साथ पठित धारा 13(12) के अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए निम्नलिखित उधारकर्ता/गारंटर को डिमांड नोटिस की तिथि एवं राशि नीचे में दर्शायी गयी है , उक्त नोटिस की प्राप्ति की तारीख से 60 दिनों के भीतर अदा करने जारी किया गया। उधारकर्ता/गारंटर द्वारा उक्त राशि चुकाने में असफल होने के कारण, एतदद्वारा उधारकर्ता/गारंटर को एवं जनता को सामान्य रुप से नोटिस दी जाती है कि अधोहस्ताक्षरी ने प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली, 2002 के नियम 8 के साथ पठित अधिनियम की धारा 13 की उप-धारा (4) के अंतर्गत उन्हें प्रदत्त अधिकार का प्रयोग करते हुए यहां नीचे संपत्ति का कब्जा निम्नांकित दिनांक को ले लिया है। विशेष रूप से उधारकर्ता/गारंटर और जनसामान्य को एतद् द्वारा चेतावनी दी जाती है कि इस संपत्ति से संबधित कोई लेन देन नहीं करें। निम्नलिखित संपत्ति से संबधित किसी भी प्रकार का लेन देन इस पर वर्णित बकाया राशि के लिये **इंडियन बैंक** के निर्मित प्रभार के अध्यधीन होगी।

प्रतिभूत आस्ति के मोचन के लिए उपलब्ध समय के संबंध में, उधारकर्ता/गारंटर का ध्यान अधिनियम की धारा 13 की उप-धारा (8) के प्रावधानों की ओर आकर्षित किया जाता है.

| क्र. | शाखा का नाम उधारकर्ता/गारंटीकर्ता/प्रोप्राइटर/बंधककर्ता का नाम एवं पता | अचल सम्पत्ति का विवरण एवं चौहद्दी | मांग सूचना दिनांक/आधिपत्य सूचना दिनांक | बकाया राशि (मांग सूचना के अनुसार) |
|---|---|---|---|---|
| 1. | शाखा - राइट टाउन उधारकर्ता - 1. मेसर्स मिड इंडिया सेल्स कंपनी, प्रो. श्री शांत चड्ढा, 2351, अनगढ़ महावीर मंदिर रोड, गोरखपुर, जबलपुर (म.प्र.),-482001 उधारकर्ता/मालिक - 2. श्री शांत चड्ढा पुत्र श्री प्रदीप चड्ढा 87, आदर्श नगर, नर्मदा रोड, जबलपुर (म.प्र.)-482001 गारंटर और बंधककर्ता - 3. श्रीमती अरुणा चड्ढा पत्नी श्री प्रदीप चड्ढा 87, आदर्श नगर, नर्मदा रोड, जबलपुर (म.प्र.)-482001 | 1284 वर्ग फुट माप वाले आवासीय फ्लैट का साम्यिक बंधक (कुल सुपर निर्मित क्षेत्र 1600 वर्ग फीट) जिसका फ्लैट नंबर-डी 7-5 (3 बीएचके) है, जो आइडियल हिल्स अपार्टमेंट योजना के विंग-7 में टाइप-डी बिल्डिंग में दूसरी मंजिल पर स्थित है जो आइडियल हिल्स के कुल क्षेत्रफल 277000 वर्ग फुट में से 3360 वर्ग फीट पर निर्मित है जिसका प्लॉट नंबर-38/1, 38/11 और 38/22 है जो की मौजा पोलीपाथर, एनबी -164, पीएच नंबर - 24/2- 29, आरआई सर्कल - जबलपुर, तहसील / जिला - जबलपुर, में स्थित 3360 वर्ग फीट की भूमि में निर्मित इमारत D7 एवं उसकी संरचना में से 9.09% अविभाजित हिस्सा और हक श्रीमती अरुणा चड्ढा के नाम पर है। सीमाएँ - पूर्वः - खुला क्षेत्र फिर विंग- A2, पश्चिमः - फ्लैट नंबर - D7-6, उत्तरः - खुला क्षेत्र, दक्षिणः - विंग D6 फिर अपार्टमेंट नंबर - D6-5 | 18.01.2025 / 21.04.2025 | Rs.77,24,958.00 (Rupees Seventy Seven lakhs Twenty Four Thousand Nine Hundred Fifty Eight rupees only) + interest and other expenses |
| 2. | शाखा - राइट टाउन उधारकर्ता-1. मैसर्स न्यू इंडिया सोफा कुशन, प्रो. श्रीमती शमा अंसारी पत्नी हाजी गुलाम सरवर अंसारी 4100/781/2टी, गली नं. 6. मक्का नगर, राजा चौक संजय गांधी वार्ड क्रमांक- 41, अधारताल, जबलपुर (म.प्र.),- 482001 उधारकर्ता और गिरवीकर्ता - 2. श्रीमती शमा अंसारी पत्नी हाजी गुलाम सरवर अंसारी 4100/781/2टी, गली नं. 6. मक्का नगर, राजा चौक संजय गांधी वार्ड क्रमांक- 41, अधारताल जबलपुर (म.प्र.),- 482001 | मौजा बैतला, एनबी क्रमांक- 52, पीएच क्रमांक 22/25, न्यू 01, डायवर्टेड म्यूटेशन खसरा क्रमांक- 190/12/5/1/1/1/1 पर स्थित आवासीय मकान का वह पूरा हिस्सा, जिसका हकदार शेयर प्लॉट एरिया 15 x 50 वर्ग फीट = 750 वर्ग फीट है, आरआई सर्कल - अधारताल, संजय गांधी वार्ड क्रमांक- 41, तहसील - अधारताल, जिला- जबलपुर में श्रीमती शमा अंसारी पत्नी हाजी गुलाम सरवर अंसारी के नाम पर है। सीमाएं - पूर्वः- सड़क, पश्चिमः- अन्य की संपत्ति, उत्तरः- इकबाल हुसैन की संपत्ति, दक्षिणः- रहमान की संपत्ति | 10.01.2025 / 21.04.2025 | Rs. 11,80,929.00 (Rupees Eleven lakhs Eighty Thousand Nine Hundred Twenty Nine Rupees only) + interest and other expenses |

दिनांक - 23.04.2025 प्राधिकृत अधिकारी, इंडियन बैंक

# देश-प्रदेश

उवाच

**ईडी मुझे बुलाएगी तो मैं भी जानें को तैयार : प्रियंका**

**नई दिल्ली।** कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी वाड्रा ने नेशनल हेराल्ड और पति रॉबर्ट वाड्रा को मिले ईडी के समन पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि सोनिया गांधी, राहुल गांधी, मेरे पति रॉबर्ट वाड्रा ईडी के साथ पूरा सहयोग कर रहे हैं। अगर बुलाया गया तो मैं जाने के लिए तैयार हूं। इस दौरान प्रियंका ने कहा कि वह प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) से आमंत्रण का इंतजार कर रही हैं और आश्चर्य जताया कि उन्हें अभी तक क्यों नहीं बुलाया गया।



## मुख्यमंत्री कन्या विवाह,निकाह योजना के क्रियान्वयन हेतु संशोधन मंजूर

- मुख्यमंत्री डॉ. यादव की अध्यक्षता में मंत्रि-परिषद के निर्णय
- कैलेण्डर बनाकर संभागवार होंगे सामूहिक विवाह/निकाह सम्मेलन
- टाइगर रिजर्व बफर क्षेत्रों के विकास के लिए 145 करोड़ रूपये की सैद्धांतिक स्वीकृति



**भोपाल,देशबन्धु।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की अध्यक्षता में मंत्रि-परिषद की बैठक मंगलवार को मंत्रालय में हुई। मंत्रि-परिषद द्वारा मुख्यमंत्री कन्या विवाह/निकाह योजना के प्रभावी क्रियान्वयन के लिये संशोधनों को मंजूरी दी गई। योजना अंतर्गत कन्या तथा कन्या के अभिभावक गरीबी रेखा के नीचे जीवन निर्वाह करते हों, साथ ही इनका बी.पी.एल. पोर्टल पर सत्यापन अनिवार्य होगा।

कन्या विवाह तथा निकाह सम्मेलन के लिये संभागवार वार्षिक चक्रीय रूप से कैलेण्डर जारी कर सामुहिक विवाह/निकाह कार्यक्रम का आयोजन किया जायेगा। संभागवार जिलों मे आयोजित सामूहिक विवाह सम्मेलन में सम्मिलित विवाह जोड़ों की न्यूनतम संख्या 11 एवं अधिकतम 200 जोड़ों की निर्धारित की गयी है। योजना में सामूहिक विवाह/निकाह सम्मेलनों में प्राप्त आवेदनों की स्क्रूटनी पूर्व अनुसार निकाय स्तर पर की जायेगीं। पात्र/अपात्र एवं समग्र पोर्टल पर वर-वधू की आधार ई-केवायसी अनिवार्य होगा। सामूहिक विवाह कार्यक्रमों के लिये शासन की ओर से मिलने वाले आर्थिक लाभ को सार्थक बनाने का प्रयास करते हुये आयोजन में जन-प्रतिनिधियों एवं अन्य सामाजिक संस्थाओं की भागीदारी सुनिश्चित कर समाज के संपन्न और सक्षम व्यक्तियों का सहयोग प्राप्त किया जायेगा। मुख्यमंत्री कन्या विवाह एवं निकाह योजना में प्रति कन्या राशि 55 हजार रूपये में से वधू को राशि रूपये 49 हजार का एकाउन्ट पेयी चेक और शेष 6 हजार रुपये सामूहिक विवाह समारोह आयोजन के लिए संबंधित निकाय को प्रदाय किया जायेगा। सहायता राशि रुपये 49 हजार डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर (डी.बी.टी.) के माध्यम से वधू के खाते में एवं शेष 6 हजार रूपये आयोजन की व्यवस्थाओं पर व्यय के लिए प्रदाय की जायेगी।


मंत्रि-परिषद द्वारा वित्तीय वर्ष 2025-26 से 2027-28 के लिए नवीन योजना टाइगर रिजर्व के बफर क्षेत्रों के विकास के लिए 145 करोड़ रूपये की सैद्धांतिक स्वीकृति प्रदान की गयी। इस योजना में बफर क्षेत्रों में संवेदनशील क्षेत्रों में विभिन्न कार्य किए जाएंगे। नवीन योजना में बफर क्षेत्रो में संवेदनशील क्षेत्रों में चेनलिंक फेसिंग का निर्माण किया जाएगा।

## दुनिया भर में पहलगाम हमले की कड़ी निंदा, साउदी अरब दौरा छोड़कर वापस लौटेंगे मोदी

### श्रीनगर पहुंचे शाह ने कहा- एनआईए करेगी हमले की जांच

**जम्मू /दिल्ली।** पहलगाम हमले में जहां 27 मौतों की खबर है वहीं यह भी कहा जा रहा है कि मृतकों की संख्या बढ़ सकती है। उधर दुनिया भर में इस आतंकी हमले की कड़ी निंदा हो रही है। सूत्रों के मुताबिक अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प इस गंभीर मुददे पर प्रधानमंत्री मोदी से बात करेंगे। रूसी राष्ट्रपति सहित दुनिया भर के बड़े देशों के शासकों ने इसे कायराना हरकत बताते हुए तीखी आलोचना की है। न्यू चैनल की खबर के मुताबिक मोदी अपना साउदी अरब दौरा छोड़कर भारत लौट रहे है। और आतंकी करतूत को माकूल जबाव देने के लिए रणनीति बनायी जायेगी।

पहलगाम में हुए आज बड़े आतंकी हमले का जायजा लेने



केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह श्रीनगर पहुंच गए हैं। बताया जा रहा है कि अमित शाह अभी थोड़ी देर पहले ही श्रीनगर पहुंचे हैं, जहां पर उन्होंने सुरक्षा बलों के आला अधिकारियों व सीएम. उमर अब्दुल्ला के साथ हाई लेबल मीटिंग बुलाई ली है। बताया जा रहा है कि इसके बाद अमित शाह अस्पतालों में घायल लोगों से मुलाकात भी करेंगे। इस दौरान उनके साथ आई.बी. चीफ व गृह सचिव भी मौजूद रहे। उधर खबर आई है कि पहलगाम के टूरिस्ट स्पाट पर हुए आतंकवादी हमले की जांच केंद्रीय जांच एजेंसी एन.आई.ए. द्वारा की जाएगी। सूत्रों के अनुसार हमले में 27 लोगों के मौत होने की सूचना है, लेकिन अभी तक इस बारे पुष्टि नहीं हुई है। इसमें 2 विदेशी नागरिक भी बताए जा रहे हैं। बता दें कि आज पहलगाम में आतंकियों ने बड़ा हमला किया, जिसमें एक एक पर्यटक का नाम व धर्म पूछ कर गोलियां बरसाई। इस हमले में कईयों के मारे जाने की आशंका है तथा कई लोग गंभीर रूप से जख्मी हुए हैं।

बताया जा रहा है कि 5 से 6 दहशतगर्दों ने इस दिल दहला देने वाली घटना को अंजाम दिया है। जानकारी मिली है कि इन आतंकियों ने 6-7 अप्रैल को पहले इस जगह की रेकी की थी, जिसके बाद आज उक्त बड़े हमले को अंजाम दिया गया है, जिसमें आतंकियों ने करीब 16 लोगों की गोलियां मार कर हत्या कर दी है।


### नाम एवं जन्मतिथि परिवर्तन सूचना

मैं ARMYNO-JC390428k, Rank-NBSUB, NAME-BIJAYA KUMAR DAKHINIRAY, village-KHAIRPANGA, Post-GODAPUR, Teh- BADAMBA, Distt-CUTTACK, State-ODISHA, PIN-754031 शपथपूर्वक कथन करता हूं कि मेरे सर्विस रिकार्ड में मेरे पिताजी का नाम एवं जन्मतिथि SATRUGHAN PARIDA और 01/07/1960 दर्ज है। जो कि गलत है मेरे पिताजी का सही नाम एवं जन्मतिथि SATRUGHAN ROUT और 10/10/1956 जो कि आधार कार्ड एवं अन्य कागजातों में दर्ज है। मेरे पिता जी का नाम को पढ़ा एवं सुना एवं मेरे सर्विस रिकार्ड में दर्ज किया जाये।

सही नाम/जन्मतिथि- SATRUGHAN ROUT 10/10/1956

गलत नाम/जन्मतिथि- SATRUGHAN PARIDA / 01/07/1960

र.नं. 206

### नाम एवं जन्मतिथि परिवर्तन सूचना

मैं ARMYNO-JC390428k, Rank-NBSUB, NAME-BIJAYA KUMAR DAKHINIRAY, village-KHAIRPANGA, Post-GODAPUR, Teh- BADAMBA, Distt-CUTTACK, State-ODISHA, PIN-754031 शपथपूर्वक कथन करता हूं कि मेरे सर्विस रिकार्ड में मेरी माताजी का नाम एवं जन्मतिथि RASHA BATI PARIDA और 01/07/1969 दर्ज है। जो कि गलत है मेरी माताजी का सही नाम एवं जन्मतिथि RASA PARIDA और 25/02/1975 जो कि आधार कार्ड एवं अन्य कागजातों में दर्ज है। मेरी माताजी का नाम को पढ़ा एवं सुना एवं मेरे सर्विस रिकार्ड में दर्ज किया जाये।

सही नाम/जन्मतिथि- RASA PARIDA 25/02/1975

गलत नाम/जन्मतिथि- RASHA BATI PARIDA 01/07/1969

र.नं. 206

### कार्यालय नगर पालिक निगम जबलपुर (म.प्र.)
### लोककर्म विभाग // प्रथम निविदा आमंत्रण सूचना //

निम्नलिखित कार्य हेतु केंद्रीयकृत प्रणाली में पंजीकृत ठेकेदारों से ऑनलाईन निविदायें आमंत्रित की जाती हैं। निविदा का विस्तृत विवरण वेबसाईट http://mptender.gov.in पर देखा जा सकता है।

| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | PRO-54 23/04/2025 2025_UAD_417317_1 | महाराजा अग्रसेन वार्ड अंतर्गत बडकुल होटल के पीछे विकासनगर जगदंबा कालोनी विभिन्न स्थानों में डामलीकरण कार्य। | 3 माह रू. 38.48 लाख | रू. 5,000/- रू. 28861/- | 22/05/2025 |

नोट-निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाईन की वेबसाइट http://mptender.gov.in पर ही किया जायेगा, पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नहीं किया जायेगा।

**कार्यपालन यंत्री, संभाग क्रं. 14, नगर निगम जबलपुर**


## संसद ही सुप्रीम, इससे ऊपर कोई नहीं : धनखड़

**नई दिल्ली, (एजेंसियां)।** सुप्रीम कोर्ट बनाम संसद के बीच शक्तियों को लेकर बयानबाजी का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा है। हाल ही में भाजपा सांसद निशिकांत दुबे ने कहा था कि अगर सुप्रीम कोर्ट को ही कानून बनाना है तो संसद को बंद कर देना चाहिए। अब इस मुद्दे को लेकर उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने एक बार फिर टिप्पणी की है।

उपराष्ट्रपति ने मंगलवार को दिल्ली विश्वविद्यालय में कहा कि संसद सर्वोच्च है और चुने हुए प्रतिनिधि ही 'असली मालिक' हैं। संवैधानिक पद पर बैठे हर व्यक्ति का प्रत्येक शब्द देश के हित में होता है। उपराष्ट्रपति ने दिल्ली विश्वविद्यालय में छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि संसद सबसे ऊपर है। संविधान की प्रस्तावना में ही इसका सार है। संविधान कहता है हम, भारत के लोग। इसका मतलब है कि सबसे बड़ी शक्ति लोगों के पास है। कोई भी भारत के लोगों से ऊपर नहीं है। जगदीप धनखड़ ने आगे कहा कि भारत के लोगों ने संविधान के तहत अपने प्रतिनिधियों को चुना है। यह प्रतिनिधि ही लोगों की इच्छा और आकांक्षाओं को व्यक्त करते हैं। लोग चुनावों के दौरान इन प्रतिनिधियों को जवाबदेह ठहराते हैं। चुने हुए प्रतिनिधि ही संविधान के असली मालिक हैं।

### कपिल सिब्बल ने जताई असहमति

राज्यसभा सांसद और सुप्रीम कोर्ट बार एसोसिएशन के अध्यक्ष कपिल सिब्बल ने भी धनखड़ से असहमति जताई। उन्होंने कहा कि सुप्रीम कोर्ट ने जो कुछ भी कहा है, वह देश के संवैधानिक मूल्यों के अनुरूप है। यह राष्ट्रीय हित में है। सिब्बल ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट ने कहा है कि संसद के पास कानून बनाने की पूरी शक्ति है। सुप्रीम कोर्ट का कर्तव्य है कि वह संविधान की व्याख्या करे और पूरी तरह से न्याय करे।


### निविदा/नियुक्ति/जाहिरात

### न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार राझी, जबलपुर
### आम इश्तहार

रा.प्र.क्रं/0080/अ-6/2025-26

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक रतन यादव पिता स्व. सरजू प्रसाद यादव निवासी प्लाट नं. 91, नर्मदा नगर वैशाली परिसर ग्वारीघाट जबलपुर द्वारा ग्राम कजरवारा ख.नं. 41/8/1 रकबा 4360 वर्गफुट/ हेक्टेयर रजिस्टर्ड विक्रय पत्र/ वसीयतनामा/ सहमति पत्र के आधार पर शासकीय अभिलेख में दर्ज किये जाने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है जिसका प्रकरण इस न्यायालय में विचाराधीन है।

अत: उक्त भूमि आवेदक/ आवेदिका के नाम दर्ज किये जाने में यदि किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति/ एतराज हो तो वह अपनी लिखित आपत्ति तहसील रांझी के कक्ष क्रं. 32 में तारीख पेशी के पूर्व पेश कर सकता है। समयाविधि के बाद दावा/ आपत्तियों पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

न्यायालय की मुहर एवं मेरे हस्ताक्षर से आज दिनांक 11/04/25 को इश्तहार किया गया।

जारी दिनांक-11/04/2025
पेशी दिनांक-28/04/2025

अतिरिक्त तहसीलदार अधारताल जबलपुर

कृति

### न्यायालय तहसीलदार तहसील अधारताल जबलपुर
### आम इश्तहार

रा.प्र.क्र. /अ-6/2024-25
जबलपुर, दिनांक 22.04.2025

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक पूजा चौधरी पिता स्व. रीतेश चौधरी निवासी म.नं. 773 सराफ बाजार सुनरहाई जबलपुर के द्वारा मौजा ब्लाक 48 प्लाट 112/7 फ्लैट क्रं. 4 प्रथम तल रकवा 600 व.फु. द्वितीय तल रकवा 750 व.फु. भूमि जो राजस्व रिकार्ड में श्रीमती रानी चौधरी पति स्व. राजेन्द्र चौधरी के नाम से दर्ज है। आवेदक के द्वारा अपना नाम राजस्व अभिलेख में नाम दर्ज कराने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है।

तत्संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को कोई दावा या आपत्ति हो तो नियत पेशी दिनांक 8/5/25 तक इस न्यायालय में स्वयं या अधिवक्ता के माध्यम से प्रस्तुत कर सकता है। समयावधि व्यतीत हो जाने के पश्चात् प्रस्तुत दावा/आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा।

आज न्यायालय की मुद्रा व मेरे हस्ताक्षर से जारी किया गया।

जारी दिनांक : 22/04/25
पेशी दिनांक : 08/05/25

तहसीलदार, अधारताल जबलपुर

र.नं.- 201

### न्यायालय तहसीलदार तहसील अधारताल जबलपुर
### आम इश्तहार

रा.प्र.क्र. 3586/अ-6/2024-25
जबलपुर, दिनांक 22.04.2025

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक सुधा रानी जैन अन्य पिता स्व. श्री राजेन्द्र कुमार जैन निवासी 118 जवाहरगंज जैन मंदिर जबलपुर के द्वारा ब्लाक नंबर 49 प्लाट नंबर 154/2, 155/1 से रकवा 14.31, 154 व.फु. भूमि जो राजस्व रिकार्ड में राजेन्द्र कुमार जैन पिता नेमीचंद्र के नाम से दर्ज है। आवेदक के द्वारा अपना नाम राजस्व अभिलेख में दर्ज कराने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है।

तत्संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को कोई दावा या आपत्ति हो तो नियत पेशी दिनांक 8/5/25 तक इस न्यायालय में स्वयं या अधिवक्ता के माध्यम से प्रस्तुत कर सकता है। समयावधि व्यतीत हो जाने के पश्चात् प्रस्तुत दावा/आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा।

आज न्यायालय की मुद्रा व मेरे हस्ताक्षर से जारी किया गया।

जारी दिनांक : 22/04/25
पेशी दिनांक : 08/05/25

तहसीलदार, अधारताल जबलपुर

र.नं.- 203

### न्यायालय नायब तहसीलदार गोरखपुर, जबलपुर

रा.प्र.क्रं/0039/अ-6/2025-26

### इश्तहार

सर्वसाधारण को सूचित किया है कि अरुण कुमार नाहतकर पिता स्व. अम्बादास व अन्य निवासी रीवा कालोनी, रामपुर जबलपुर द्वारा पंजीकृत विक्रय पत्र दिनांक.... के माध्यम से मौजा नयागांव नं.ब. 726 प.ह.नं. 28/32 ख. नं. 26/4/1 रकवा 8000 वर्गफुट विक्रेता म.प्र. शासन से क्रय की गई भूमि पर राजस्व अभिलेखों में अपना नाम दर्ज कराने पंजीकृत विक्रय पत्र, वसीयतनामा/ बटवारा नामा/हस्तान्तरण पत्र/ हकत्याग पत्र/ दानपत्र एवं नक्शा बंटाक की छायाप्रति संलग्न कर आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है। अतः उपरोक्त नामांतरण स्वीकृत किये जाने में यदि किसी व्यक्ति/संस्था को कोई आपत्ति हो तो वह अपनी लिखित आपत्ति पेशी दिनांक 24/04/25 तक स्वयं अथवा अपने विधिक प्रतिनिधि के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर पेश कर सकते है। समयावधि पश्चात प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

न्यायालय की मुहर एवं मेरे हस्ताक्षर से आज दिनांक 8/4/2025 को जारी।

जारी दिनांक- 8/04/2025
पेशी दिनांक- 24/4/2025

नायब तहसीलदार एवं कार्यपालिक दण्डाधिकारी गोरखपुर, जबलपुर

र.नं.- 204

### न्यायालय नायब तहसीलदार रांझी, जबलपुर म.प्र.
### इश्तहार

रा.प्र.क्रं/0992/अ-6/2024-25

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्रीमती निधि सोनी व अन्य पत्नी स्व. श्री विजय सोनी नि. मदन महल जबलपुर द्वारा ग्राम मढ़ई ख.नं. 56/11 रकबा 0.0100 हे. भूमि पर अपना व अपने बच्चों का नाम फौती के आधार पर शासकीय राजस्व अभिलेख में दर्ज किये जाने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है।

तत्संबंध में किसी व्यक्ति या संस्था को कोई आपत्ति/ दावा हो तो नियत पेशी दिनांक 25/04/2025 तक इस न्यायालय में स्वयं या अधिवक्ता के माध्यम से प्रस्तुत कर सकता है। समयावधि व्यतीत हो जाने के बाद आपत्ति/ दावा पर विचार नहीं किया जाएगा।

जारी दिनांक-15/04/2025
पेशी दिनांक-25/04/2025

नायब तहसीलदार, रांझी जबलपुर (म.प्र.)

र.नं.202

### न्यायालय नायब तहसीलदार अधारताल, जबलपुर
### इश्तहार

रा.प्र.क्रं 0093/अ-6/2025 -26

आवेदक श्री जितेन्द्र यादव पिता स्व. श्री नंद किशोर निवासी:- 78 जवाहर नगर अधारताल जबलपुर द्वारा पंजीकृत विक्रय पत्र क्र. ... दिनांक .... के माध्यम से मौजा/नजूल ब्लाक अधारताल प.ह.न. ..... स्थित भूमि खसरा नं. 159/1/5/1 रकवा 0.124 हे. पर फौत स्व. श्री नंद किशोर यादव के नाम स्थान पर अपना नाम दर्ज कराने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है से क्रय की गई भूमि पर राजस्व अभिलेखों में अपना नाम दर्ज कराने पंजीकृत विक्रय पत्र एवं फार्म पी-।। खसरा की छायाप्रति संलग्न कर आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है। अतः उपरोक्त नामांतरण किये जाने में यदि किसी व्यक्ति / संस्था को कोई आपत्ति हो तो वे अपनी आपत्ति पेशी दिनांक 30/04/2025 तक इस न्यायालय में स्वयं उपस्थित होकर अथवा अधिवक्ता के द्वारा पेश कर सकता है। नियत पेशी दिनांक के पश्चात् प्राप्त आपत्तियों पर किसी भी प्रकार का विचार नहीं किया जावेगा। न्यायालय की मुहर एवं मेरे हस्ताक्षर से आज दिनांक 22/04/2025 इश्तहार किया गया।

जारी दिनांक- 22/04/2025
पेशी दिनांक- 30/04/2025

नायब तहसीलदार, तहसील अधारताल जबलपुर

कृति


## लखनऊ : नगर विकास विभाग ने मानसून पूर्व व्यापक जल निकासी अभियान शुरू किया

**लखनऊ,देशबन्धु।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री के दिशा-निर्देशन में नगर विकास विभाग ने आगामी मानसून को ध्यान में रखते हुए पूरे प्रदेश में शहरी जल निकासी प्रणाली को सुदृढ़ करने हेतु एक व्यापक अभियान की शुरुआत की है।

शहरी स्थानीय निकाय निदेशालय में एक वर्चुअल बैठक आयोजित की गई, जिसमें प्रमुख सचिव अमृत अभिजात ने नगर विकास विभाग के अधिकारियों, नगर आयुक्तों तथा अधिशासी अधिकारियों को मानसून पूर्व तैयारियों के संबंध में संबोधित किया।

**प्रमुख सचिव श्री अभिजात ने कहा**-सरकार इस मानसून में शहरी क्षेत्रों में जलभराव को शून्य स्तर पर लाने हेतु ठोस एवं सक्रिय कदम उठा रही है। तीन स्तरीय रणनीति के अंतर्गत नालों की समग्र सफाई, पंपिंग स्टेशनों का वार्षिक रख-रखाव एवं अत्याधुनिक ड्रोन सर्वे के माध्यम से संवेदनशील स्थलों की पहचान की जाएगी।

इस अभियान का उद्देश्य प्रदेश के सभी शहरी निकायों को जलभराव से मुक्त बनाना है, विशेष रूप से उन क्षेत्रों में जहां विगत वर्षों में अधिक जलभराव की समस्या रही है। नगर निकायों द्वारा विशेष सफाई दलों की तैनाती कर नालों से गाद और कचरे की सफाई की जाएगी। सफाई कार्य के दौरान सभी श्रमिकों को सुरक्षा उपकरण उपलब्ध कराते हुए सुरक्षा मानकों का पूर्ण पालन सुनिश्चित किया जाएगा।

राज्य स्तर पर सभी शहरी क्षेत्रों में ड्रोन के माध्यम से जल निकासी नेटवर्क का व्यापक सर्वेक्षण किया जाएगा, जिससे डिजिटल मैप तैयार किए जा सकें और संभावित अवरोधों की पहचान कर समय रहते समाधान किया जा सके। इस तकनीकी उपाय से संसाधनों का बेहतर वितरण और सटीक कार्रवाई संभव हो सकेगी। इस कार्यक्रम के अंतर्गत शहरी पंपिंग स्टेशनों की समग्र अनुरक्षण/ मरम्मत कार्य किया जाएगा, ताकि मानसून पूर्व सभी इकाइयाँ 100त्न कार्यशील अवस्था में रहें। साथ ही, अचानक जलभराव की स्थिति से निपटने हेतु उच्च क्षमता वाले मोबाइल पंपों से लैस आपातकालीन टीमें संवेदनशील स्थानों पर तैनात की जाएंगी। नगर विकास विभाग ने इस राज्यव्यापी अभियान के लिए विशेष प्रावधान किए हैं, जिसमें केवल सफाई ही नहीं बल्कि जल निकासी नेटवर्क के क्षतिग्रस्त हिस्सों की मरम्मत भी शामिल है। अधिकारियों को निर्देशित किया गया है कि जून के अंत तक संभावित पहली बारिश से पूर्व सभी तैयारियाँ पूर्ण कर ली जाएं।

## पूर्व मुख्यमंत्री आतिशी की सुरक्षा घटाई

**नई दिल्ली।** गृह मंत्रालय ने दिल्ली पुलिस को पूर्व मुख्यमंत्री और आम आदमी पार्टी (आप) की नेता आतिशी को प्रदान की गई सुरक्षा को 'जेड' श्रेणी से घटाकर 'वाई' श्रेणी करने का निर्देश दिया है। पुलिस सूत्रों ने मंगलवार को यह जानकारी दी। पहले आतिशी को जेड श्रेणी की सुरक्षा मिली हुई थी, जिसमें 22 सुरक्षाकर्मी होते थे, जिनमें चार से छह कमांडो और पुलिसकर्मी शामिल होते थे। लेकिन अब जब उनकी सुरक्षा श्रेणी को बदल दिया गया है तो अब वाई श्रेणी में आठ सुरक्षाकर्मी होंगे, जिसमें दो कमांडो और पुलिसकर्मी होंगे।


### In The Court Of IX Additional District and Session Judge, District Court, Jabalpur

Presiding Officer: राजकुमार चौहान

(आदेश 5 नियम 20 व्यवहार प्रक्रिया संहिता 1908 के अन्तर्गत प्रकाशन हेतु)

(MJC/0000595/2024)

इमानुअल....वादी
विरुद्ध
संतोष कुमार पाटकर (पटवा)..... .. प्रतिवादी

Process Id-/2025
पेशी दिनांक 25/04/2025

प्रेषिती-
(1) आईसीआईसीआई लोम्बार्ड जनरल इन्स. कंपनी लिमि. पता- ब्रांच कटनी द्वारा प्रबंधक
(2) संजय कुमार प्रजापति पिता चैतुराम प्रजापति पता- ग्राम सलैया सिहोरा थाना बरही जिला कटनी मप्र.

यह कि प्रार्थी इमानुअल ने आपके विरुद्ध एम जे सी सिविल आवेदन पत्र अंतर्गत आदेश 9 नियम 9 सहपठित धारा 151 व्यवहार प्रक्रिया संहिता के लिए वाद संस्थित किया है, आपको इस न्यायालय में सूचना के प्रकाशन के 30 दिवस के भीतर वाद का उत्तर देने के लिये उपसंजात / हाजिर होने के लिये सम्मन किया जाता है, आप न्यायालय में स्वयं या किसी ऐसे प्लीडर (अधिवक्ता) द्वारा उपसंजात हो सकते है, जिसे सम्यक अनुदेश दिये गये हों और जो इस वाद में संबंधित सभी सारवान कथनों का उत्तर दे सके। आपको यह निर्देश भी दिया जाता है कि उस दिन अपनी प्रतिरक्षा का लिखित कथन प्रस्तुत करें और उस दिन ऐसे सब दस्तावेज जो आपके कब्जे या शक्ति में है पेश करें जिन पर आपका प्रतिरक्षा या मूजराई का दावा या प्रतिदावा आधारित हो, और यदि आप अन्य किसी दस्तावेज पर चाहे वह आपके कब्जे या शक्ति में हो अपनी प्रतिरक्षा या मुजरा के दावे या प्रतिदावे के समर्थन में साक्ष्य के रूप में निर्भर करते है तो ऐसी सभी दस्तावेज की लिखित कथन के साथ उपलब्ध की जाने वाली सूची में प्रविष्टि करें। आपको सूचित किया जाता है कि यदि आप उपर बताई गई अवधि में इस न्यायालय में उपस्थित नहीं होंगे तो वाद की एक पक्षीय सुनवाई कर उसका निपटारा आपकी अनुपस्थिति में किया जायेगा। साथ ही यह भी सूचित किया जाता है कि यदि आप निराकरण मध्यस्थ के माध्यम से करने के इच्छुक हैं तो पीठासीन अधिकारी को अवगत करावें। यह आज तारीख 05 अप्रैल 2025 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगा कर दिया गया है।

न्यायालय की मुद्रा

टिप्पणी:-प्रकाशन हेतु नोटिस के साथ आवेदन पत्र अंतर्गत आदेश 9 नियम 9 सहपठित धारा 151 व्यवहार प्रक्रिया संहिता की छायाप्रति संलग्न

कृपया ध्यान दें-
1. यदि किसी कारणवश उक्त तिथि को न्यायालय अवकाश पर रहेगा तो अगामी कार्यदिवस पर यह प्रकरण सुनवाई में लिया जायेगा।

(राजकुमार चौहान)
जिला न्यायाधीश (नवम्)
जबलपुर (म.प्र.)

र.नं. 189

### CHANGE OF NAME & DOB

I, NEHETE ARUN RAMCHANDRA is legally Father of Army No- JC388796A, Rank-SUB, Name-NEHETE HITENDRA ARUN, Unit- MB AREA SIG COY, Home Address, Vil- BHUSAWAL, Post- BHUSAWAL, Teh-BHUSAWAL, Dist- JALGAON, State- MAHARASHTRA, Pin-425201., I, have changed my name NEHETE ARUN RAMCHANDRA to ARUN RAMCHANDRA NEHETE and date of birth 01/07/1945 to 01/07/1951 Vide Affidavit No. before Notary, Jabalpur M.P.

INCORRECT NAME
NEHETE ARUN RAMCHANDRA
INCORRECT DOB - 01/07/1945
CORRECT NAME
ARUN RAMCHANDRA NEHETE
CORRECT DOB - 01/07/1951

कृति

### CHANGE OF NAME & DOB

I, ASHALATA ARUN is legally MOTHER of Army No- JC388796A, Rank-SUB, Name-NEHETE HITENDRA ARUN, Unit-MB AREA SIG COY, Home Address, Vil- BHUSAWAL, Post-BHUSAWAL, Teh- BHUSAWAL, Dist- JALGAON, State-MAHARASHTRA, Pin-425201., I, have changed my name ASHALATA ARUN to ASHALATA ARUN NEHETE and date of birth 01/07/1955 to 29/02/1956 Vide Affidavit No. before Notary, Jabalpur M.P.

INCORRECT NAME
ASHALATA ARUN
INCORRECT DOB - 01/07/1955
CORRECT NAME
ASHALATA ARUN NEHETE
CORRECT DOB - 29/02/1956

कृति

### CHANGE OF NAME

I, Army No- JC388796A, Rank-SUB, Name - NEHETE HITENDRA ARUN, Unit- MB AREA SIG COY, Home Address, Vil- BHUSAWAL, Post- BHUSAWAL, Teh-BHUSAWAL, Dist- JALGAON, State- MAHARASHTRA, Pin-425201. I have changed my SON Name from NEHETE RUDRA HITENDRA to RUDRA HITENDRA NEHETE Vide Affidavit No. before Notary, Jabalpur M.P.

INCORRECT NAME
NEHETE RUDRA HITENDRA
CORRECT NAME
RUDRA HITENDRA NEHETE

कृति

### CHANGE OF NAME

I, NEHETE MONIKA HITENDRA is real/ legally Wife of Army No- JC388796A, Rank-SUB, Name-NEHETE HITENDRA ARUN, Unit- MB AREA SIG COY, Home Address, Vil- BHUSAWAL, Post-BHUSAWAL, Teh- BHUSAWAL, Dist- JALGAON, State-MAHARASHTRA, Pin- 425201. I have changed my Name from NEHETE MONIKA HITENDRA to MONIKA HITENDRA NEHETE Vide Affidavit No. before Notary, Jabalpur M.P.

INCORRECT NAME
NEHETE MONIKA HITENDRA
CORRECT NAME
MONIKA HITENDRA NEHETE

कृति

### नाम सुधार सूचना

मैं श्रीमति हेमा सिंह, उम्र 36 वर्ष, पति विकास सिंह ठाकुर, निवासी- म.नं. 47, शारदा नगर कॉलोनी, आर.टी.ओ. के पास, पाटन रोड लमती, जिला जबलपुर। यह कि मेरी पुत्री के आधार कार्ड में पुत्री का नाम अनायरा सिंह ठाकुर सिंह दर्ज हो गया है जो कि गलत है। मेरी पुत्री जो कि नाबालिग है उसका सही नाम अहाना सिंह ठाकुर AHANA SINGH THAKUR है जो उसके जन्म प्रमाण पत्र में दर्ज है। अतः उसके आधार कार्ड में उसका सही नाम अहाना सिंह ठाकुर AHANA SINGH THAKUR दर्ज किया जाए।

गलत नाम- अनायरा सिंह ठाकुर
सही नाम- अहाना सिंह ठाकुर

### न्यायालय नायब तहसीलदार आधारताल, जबलपुर

रा.प्र.क्रं./1907/अ-6/2024-2025

// आम इश्तहार //

आवेदक रोहित खटवानी पिता श्री राम चन्द्र खटवानी निवासी- राइटटाउन, जबलपुर द्वारा पंजीकृत विक्रय पत्र क्र. .. दिनांक .. के माध्यम से मौजा माढ़ोताल नजूल ब्लाक 660 प.ह.नं. 25/31 स्थित भूमि खसरा नं. 121/2 का कुल रकवा 0.810 हेक्टेयर में से रोड का हिस्सा छोड़कर रकवा 0.140 हेक्टेयर पर विक्रेता/ श्री हरि मोहनदास टंडन निवासी- रानी मंडी, वर्तमान 28, होस्टिग्स रोड, इलाहाबाद से क्रय की गई भूमि पर राजस्व अभिलेखों में अपना नाम दर्ज कराने पंजीकृत विक्रय पत्र एवं फार्म पी-।। खसरा की छाया प्रति संलग्न कर आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है। अतः उपरोक्त नामांतरण किये जाने में यदि किसी व्यक्ति/ संस्था का कोई आपत्ति हो तो वे अपनी आपत्ति पेशी दिनांक ... तक इस न्यायालय में स्वयं उपस्थित होकर अथवा अधिवक्ता के द्वारा पेश कर सकता है। नियत पेशी दिनांक के पश्चात प्राप्त आपत्तियों पर किसी भी प्रकार कर विचार नहीं किया जावेगा। न्यायालय की मुहर एवं मेरे हस्ताक्षर से आज दिनांक .. इश्तहार किया गया।

जारी दिनांक -17/04/2025
पेशी दिनांक-02/05/2025

मुद्रा — नायब तहसीलदार आधारताल जबलपुर

### न्यायालय नायब तहसीलदार आधारताल, जबलपुर

रा.प्र.क्रं./1906/अ-6/2024-2025

// आम इश्तहार //

आवेदक गुरूविन्द्रर सिंह भसीन पिता श्री जी.एस. भसीन निवासी- 635, मेनरोड गोरखपुर, जबलपुर द्वारा पंजीकृत विक्रय पत्र क्रमांक... दिनांक .. के माध्यम से मौजा मढ़ोताल नजूल ब्लाक 660 प.ह.नं. 25/31 स्थित भूमि खसरा नं. 121/2 का कुल रकवा 0.810 हेक्टेयर में से कुल विक्रित रकवा 0.530 हेक्टेयर एवं 0.140 हेक्टेयर वर्गफुट पर विक्रेता श्री हरि मोहनदास टंडन निवासी- रानी मंडी, वर्तमान 28, होस्टिग्स रोड, इलाहाबाद से क्रय की गई भूमि पर राजस्व अभिलेखों में अपना नाम दर्ज कराने पंजीकृत विक्रय पत्र एवं फार्म पी-।। खसरा की छाया प्रति संलग्न कर आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है। अतः उपरोक्त नामांतरण किये जाने में यदि किसी व्यक्ति/ संस्था का कोई आपत्ति हो तो वे अपनी आपत्ति पेशी दिनांक ... तक इस न्यायालय में स्वयं उपस्थित होकर अथवा अधिवक्ता के द्वारा पेश कर सकता है। नियत पेशी दिनांक के पश्चात प्राप्त आपत्तियों पर किसी भी प्रकार कर विचार नहीं किया जावेगा। न्यायालय की मुहर एवं मेरे हस्ताक्षर से आज दिनांक .. इश्तहार किया गया।

जारी दिनांक -17/04/2025
पेशी दिनांक-02/05/2025

मुद्रा — नायब तहसीलदार आधारताल जबलपुर

### न्यायालय नायब तहसीलदार आधारताल, जबलपुर

रा.प्र.क्रं./1905/अ-6/2024-2025

// आम इश्तहार //

आवेदक सरदार गुरूविन्द्रर सिंह भसीन पिता श्री जी. एस. भसीन निवासी- 635, मेनरोड गोरखपुर, जबलपुर द्वारा पंजीकृत विक्रय पत्र क्रमांक .. दिनांक .. के माध्यम से मौजा माढ़ोताल नजूल ब्लाक 660 प.ह.नं. 25/31 स्थित भूमि खसरा नं. 121/2 का कुल रकवा 0.810 हेक्टेयर में से रोड का हिस्सा छोड़कर रकवा 0.140 हेक्टेयर वर्गफुट पर विक्रेता/ श्री हरि मोहनदास टंडन निवासी- रानी मंडी, वर्तमान 28, होस्टिग्स रोड, इलाहाबाद से क्रय की गई भूमि पर राजस्व अभिलेखों में अपना नाम दर्ज कराने पंजीकृत विक्रय पत्र एवं फार्म पी-।। खसरा की छाया प्रति संलग्न कर आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है। अतः उपरोक्त नामांतरण किये जाने में यदि किसी व्यक्ति/ संस्था का कोई आपत्ति हो तो वे अपनी आपत्ति पेशी दिनांक ... तक इस न्यायालय में स्वयं उपस्थित होकर अथवा अधिवक्ता के द्वारा पेश कर सकता है। नियत पेशी दिनांक के पश्चात प्राप्त आपत्तियों पर किसी भी प्रकार कर विचार नहीं किया जावेगा। न्यायालय की मुहर एवं मेरे हस्ताक्षर से आज दिनांक .. इश्तहार किया गया।

जारी दिनांक -17/04/2025
पेशी दिनांक-02/05/2025

मुद्रा — नायब तहसीलदार आधारताल जबलपुर

### न्यायालय नायब तहसीलदार अधारताल जबलपुर
### इश्तहार

रा.प्र.क्र. 0129/अ-6/2025-26

आवेदक मोहसिन व अन्य पिता स्व. फरीद निवासी मं.नं. 2797, दुर्गा नगर, आनंद नगर, अब्दुल हमीद वार्ड, जबलपुर द्वारा पंजीकृत विक्रय पत्र क्रं./ वसीयत क्रं./दानपत्र क्रमांक.... दिनांक... के माध्यम से मौजा बैतला प.ह.नं. 22/25 स्थित भूमि खसरा नं. 138/1 रकवा 650 वर्गफुट पर विक्रेता/ वसीयतकर्ता फौत स्व. फरीद की गई भूमि पर राजस्व अभिलेखों में अपना नाम दर्ज कराने पंजीकृत विक्रय पत्र एवं फार्म पी-।। खसरा की छाया प्रति संलग्न कर आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है।

अत: उपरोक्त नामांतरण किये जाने में यदि किसी व्यक्ति / संस्था को कोई आपत्ति हो तो वे अपनी आपत्ति पेशी दिनांक 28/4/25 तक इस न्यायालय में स्वयं उपस्थित होकर अथवा अधिवक्ता के द्वारा पेश कर सकता है। नियत पेशी दिनांक के पश्चात् प्राप्त आपत्तियों पर किसी भी प्रकार का विचार नहीं किया जावेगा।

न्यायालय की मुहर एवं मेरे हस्ताक्षर से आज दिनांक 17/4/2025 इश्तहार किया गया।

जारी दिनांक - 17/4/2025
पेशी दिनांक 28/4/2025

नायब तहसीलदार अधारताल, जबलपुर

र.नं. 187

### CHANGE OF NAME

I, Army No- JC 826412A, Rank NB SUB Name ANIL KUMAR, 1MTR, HQ 1STC Home ADD, Vill - Mahadev, PO- Mahadev, Teh- Sunder Nagar, Distt - Mandi, State-Himachal Pardesh, Pin-175018. I have changed my SON Name from APURV CHAUHAN to APURAV CHAUHAN Vide Affidavit No. before Notary, Jabalpur M.P.

INCORRECT NAME
APURV CHAUHAN
CORRECT NAME
APURAV CHAUHAN

कृति

जबलपुर, बुधवार 23 अप्रैल 2025

संस्थापक-संपादक : स्व. मायाराम सुरजन

## सख़्त कार्रवाई हो रामदेव के खिलाफ़

अपना शरबत बाज़ार में उतारने के बाद पतंजलि के संस्थापक बाबा रामदेव की ओर से इसी महीने की शुरुआत में दिए गए साम्प्रदायिकता व नफ़रत फैलाने वाले बयान पर बेशक दिल्ली हाईकोर्ट ने मंगलवार को उन्हें जोरदार फटकार लगाते हुए कहा हो कि, 'इससे अदालत की अंतरात्मा को झटका लगा है। इसे माफ नहीं किया जा सकता,' पर सवाल यह है कि क्या खुद रामदेव इस बात को महसूस करेंगे कि वे अपने व्यवसायिक लाभ के लिये समाज को किस कदर बांट रहे हैं? इसके साथ ही सवाल यह भी है कि क्या सत्ता के नज़दीक होने का अर्थ यह है कि कोई भी रसूखदार कानूनों की परवाह किये बिना मर्जी के मुताबिक बयानबाजी करे? अब देखना यह होगा कि अदालत बाबा रामदेव के खिलाफ सख्त कार्रवाई करती है या फिर उन्हें मात्र चेतावनी देकर छोड़ दिया जाता है। अदालत ने उन्हें अपने विवादास्पद वीडियो हटाने तथा भविष्य में ऐसे बयान न देने की सख्त ताकीद दी है। मामले की अगली सुनवाई 1 मई को निर्धारित की गयी है। रामदेव के वकील को भी उपस्थित रहने के लिये कहा गया है। जस्टिस अमित बंसल ने सख्त आदेश देने की चेतावनी भी दी।

उल्लेखनीय है कि आयुर्वेदिक दवाएं बनाने वाले पतंजलि के संस्थापक व योग गुरु रामदेव ने 3 अप्रैल को अपना शरबत लॉंच करते हुए एक वीडियो एक्स पर पोस्ट किया था। इसमें वे अपने नये उत्पाद के प्रदर्शन के साथ यह कहते सुने गये- 'एक कंपनी शरबत बनाती है। उससे जो पैसा मिलता है उससे मदरसे और मस्जिदें बनती हैं। अगर आप वो शरबत पिएंगे तो मस्जिद और मदरसे बनेंगे।' रामदेव ने यह भी कहा कि 'अगर आप पतंजलि का शरबत पिएंगे तो गुरुकुल बनेंगे, आचार्य कुलम बनेगा। पतंजलि विश्वविद्यालय और भारतीय शिक्षा बोर्ड आगे बढ़ेगा। मैं कहता हूं कि ये शरबत जिहाद है। जैसे लव जिहाद और वोट जिहाद चल रहा है, वैसे ही 'शरबत जिहाद' भी चल रहा है।' उनका इशारा प्रसिद्ध शरबत रूह आफज़ा बनाने वाली कम्पनी हमदर्द की ओर था।

उनके इस बयान के बाद सोशल मीडिया पर उनके पक्ष-विपक्ष में बयानों व प्रतिक्रियाओं की बाढ़ आ गयी थी। रूह आफज़ा, जिसे 1907 में हकीम हाफिज अब्दुल मजीद ने उत्तर प्रदेश के पीलीभीत में बनाया था पीलीभीत के पंजाबियां मोहल्ले के निवासियों ने रामदेव के बयान पर नाराजगी जताते हुए कहा, 'रूह आफज़ा एक ऐसा पेय है जो हर धर्म के लोगों के दिलों को ठंडक देता है। इसे धार्मिक रंग देना गलत है।'

हालांकि विवाद बढ़ने पर रामदेव ने 12 अप्रैल को एक और वीडियो पोस्ट किया जिसमें उन्होंने कहा कि, 'मैंने एक वीडियो डाला। उससे सबको मिर्ची लग गई। मेरे खिलाफ हजारों वीडियो बनाए गए। कहा जाने लगा कि मैंने शरबत जिहाद का नया शिगूफा छोड़ दिया। अरे मैंने क्या छेड़ा? ये तो है ही। लव जिहाद, लैंड जिहाद, वोट जिहाद, बहुत तरह के जिहाद चलाते हैं ये लोग। मैं यह नहीं कह रहा कि वे आतंकवादी हैं, लेकिन इतना जरूर है कि उनकी इस्लाम के प्रति निष्ठा है।'

अपना उत्पाद बेचने के लिये एक प्रतिष्ठित कम्पनी को यूं बदनाम करने की रामदेव की यह हरकत अधिकतर लोगों को पसंद नहीं आई थी। लोगों ने न केवल दोनों के उत्पादों की तुलना करते हुए रूह आफज़ा को बेहतर बतलाया बल्कि उन सारी सामाजिक कल्याण की गतिविधियों को भी सामने लाया जिनका संचालन हमदर्द कम्पनी करती है। रामदेव के खिलाफ मध्यप्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह ने दिल्ली के एक थाने में तो रिपोर्ट लिखाई ही, खुद हमदर्द कम्पनी ने न्यायालय का रूख किया था। कम्पनी के सीनियर एडवोकेट मुकुल रोहतगी ने इस बयान को 'हेट स्पीच' के समकक्ष बताया और कहा कि यह साम्प्रदायिक विभाजन करने जैसा है। रोहतगी ने आरोप लगाया कि रामदेव ने धर्म के आधार पर हमदर्द कंपनी पर हमला किया है। उनका कहना था कि रामदेव का नाम पर्याप्त मशहूर है और वे दूसरे प्रोडक्ट की बुराई किये बगैर पतंजलि का सामान बेच सकते हैं।

पतंजलि के वकील राजीव नायर ने वादा किया कि ऐसे सभी वीडियो हटा लिये जायेंगे। अदालत ने चेतावनी दी कि, 'रामदेव ऐसी बातें अपने दिमाग तक सीमित रखें। इन्हें जाहिर न करें।' रोहतगी ने पतंजलि के भ्रामक विज्ञापनों वाले मामले की भी याद दिलाते हुए कहा कि सुप्रीम कोर्ट ने रामदेव और उनके भागीदार बालकृष्ण को लोगों से माफी मांगने का आदेश दिया था। दोनों ने कोरोना की अंग्रेजी दवाओं के खिलाफ भी गलत बयान दिए थे। वैसे भ्रामक विज्ञापन मामले में बाबा रामदेव और आचार्य बालकृष्ण को सुप्रीम कोर्ट से राहत मिल गई थी। कोर्ट ने दोनों के माफीनामे स्वीकार करते हुए दोनों के खिलाफ़ दायर अवमानना का मामला बंद कर दिया था।

रामदेव बाबा को योग को लोकप्रिय बनाने का श्रेय तो जाता है लेकिन अपनी व्यवसायिक महत्वाकांक्षाओं तथा भारतीय जनता पार्टी की सरकारों से मिलने वाले अनपेक्षित लाभों के कारण वे विवादग्रस्त हो चुके हैं। उनकी पतंजलि कम्पनी आयुर्वेदिक दवाओं के साथ-साथ खान-पान की सामग्रियों, सौंदर्य प्रसाधनों और यहां तक कि जीन्स भी बनाती है। देश भर की सैकड़ों दुकानों एवं मेडिकल स्टोर्स में कम्पनी के उत्पाद बड़े पैमाने पर बिकते हैं। पतंजलि के उत्पाद कई राज्यों में बनते हैं। सत्ता से मिली शह के चलते रामदेव का कद इतना बड़ा हो गया है कि अधिकांश राज्यों में उन्हें एक तरह से राज्य अतिथि का दर्जा मिलता है और उन्हें जो भी सुविधाएं उनके व्यवसायिक कार्यों के लिये चाहिये होती हैं, वे चुटकी बजाते उपलब्ध हो जाती हैं। उनके अनेक उत्पाद गैर मानक घोषित किये जा चुके हैं लेकिन रामदेव किसी कार्रवाई की चिंता से मुक्त होकर अपने व्यवसाय का संचालन बेखटके करते हैं। उनके औद्योगिक साम्राज्य का सतत विस्तार हो रहा है। 2011 में समाजसेवी अन्ना हजारे के चलाये लोकपाल आंदोलन में अग्रणी रहे रामदेव अपना माल बेचने के लिये किसी भी स्तर तक जाते रहे हैं जिस पर लगाम ज़रूरी है।

# न्यायपालिका को सरकार की बांदी बनाने की मुहिम

इस समय केन्द्र सरकार के कुछ मंत्रियों और भारतीय जनता पार्टी के नेताओं की ओर से सुप्रीम कोर्ट को जिस तरह गाली-गलौज की भाषा में धमकाया जा रहा है, उसे देखते हुए करीब चार दशक पुराना वाकया याद आ रहा है। उस समय राजीव गांधी की सरकार में एक मंत्री हुआ करते थे- बिहार के कमलाकांत तिवारी उर्फ के.के. तिवारी। वे अपने नाम के साथ 'प्रोफेसर' भी लिखते थे, जिससे ऐसा लगता था कि वे पढ़े-लिखे और शालीन व्यक्ति हैं, लेकिन ऐसा बिल्कुल नहीं था। उनकी काबिलियत यह थी कि वे अव्वल दर्जे के चापलूस, बदतमीज, बदजुबान थे।

राजीव गांधी और उनकी सरकार के खिलाफ बोलने-लिखने वाले किसी भी विपक्षी नेता या किसी बड़े पत्रकार के खिलाफ़ गाली-गलौज करने और उसका रिश्ता सीआईए या केजीबी से जोड़ने में के.के. तिवारी बिलकुल देर नहीं लगाते थे। इस सिलसिले में उन्होंने तत्कालीन राष्ट्रपति ज्ञानी जैल सिंह तक को नहीं बख़्शा था। उन्होंने जैल सिंह के संबंध पंजाब के आतंकवादियों से जोड़ते हुए राष्ट्रपति भवन को साजिशों का अड्डा तक बता दिया था। हालांकि तिवारी को अपनी बदजुबानी की कीमत मंत्री पद से इस्तीफा देकर चुकानी पड़ी थी। उसके कुछ समय बाद हुए चुनाव में कांग्रेस भी सत्ता से बाहर हो गई थी। के.के. तिवारी का क्या हुआ, वे कहां हैं या नहीं हैं, किसी को नहीं मालूम।

बहरहाल नरेन्द्र मोदी सरकार ने सुप्रीम कोर्ट के साथ टकराव के हालात बना रखे हैं। राजीव गांधी के पास तो एक ही के.के. तिवारी थे, लेकिन आज हम देख रहे हैं कि प्रधानमंत्री मोदी के पास के.के. तिवारीनुमा मंत्रियों और सांसदों की एक बड़ी फौज है जिसने सुप्रीम कोर्ट के खिलाफ मोर्चा खोल रखा है। हैरानी की बात यह है कि उप राष्ट्रपति जगदीप धनखड़ इस फौज की अगुवाई करते दिख रहे हैं। सुप्रीम कोर्ट के दो फैसले टकराव का मुद्दा बने हुए हैं। एक फैसले में राज्यपालों की मनमानी पर रोक लगाते हुए सुप्रीम कोर्ट ने कहा है कि राज्य विधानसभा में पारित विधेयक को राज्यपाल अनंतकाल तक बिना मंजूरी दिए अपने पास नहीं रख सकेंगे। अगर राज्यपाल किसी विधेयक को खुद मंजूरी न देते हुए उसे राष्ट्रपति के पास भेजते हैं तो राष्ट्रपति को भी उस पर तीन महीने के भीतर फैसला लेना होगा।

यह सही है कि संविधान में इस बात का जिक्र नहीं है कि विधानसभा में पारित किसी विधेयक को राज्यपाल को कितने समय के अंदर मंजूरी देनी है। इसका यह मतलब भी नहीं है कि राज्यपाल अनिश्चितकाल तक विधेयक को बिना मंजूरी दिए अपने पास रख सकते हैं। अगर कोई राज्यपाल ऐसा करता है तो जाहिर है कि वह अपनी सरकार को काम नहीं करने देना चाहता है। आजादी के बाद लंबे समय तक इस मामले मे सुधार की जरूरत महसूस नहीं हुई या सुप्रीम कोर्ट को दखल देने की आवश्यकता ही नहीं पड़ी, तो उसका कारण यह था कि किसी भी राज्यपाल ने महीनों और सालों तक विधेयक लटका कर नहीं रखे। यह समस्या अभी हाल के वर्षों में ही पैदा हुई है। हालांकि जिन राज्यों में भाजपा या उसके गठबंधन की सरकारें हैं, वहां इस तरह की कोई समस्या नहीं है, परन्तु गैर भाजपा शासित लगभग सभी राज्यों में राज्यपालों ने अघोषित रूप से यह रवायत बना ली है कि वे सरकार को परेशान करने की नीयत से विधेयकों को लटकाए रखते हैं और कभी-कभी विधेयक को विवादास्पद बताकर उसे राष्ट्रपति के पास भेज देते हैं। राष्ट्रपति के पास भी वह विधेयक महीनों तक पड़ा रहता है। ऐसी ही समस्या का निदान करने के लिए ही तमिलनाडु सरकार की याचिका पर सुप्रीम कोर्ट को दखल देना पड़ा और विधेयकों की मंजूरी के लिए एक समय सीमा निश्चित करनी पड़ी।



अनिल जैन

> यह सही है कि संविधान में इस बात का जिक्र नहीं है कि विधानसभा में पारित किसी विधेयक को राज्यपाल को कितने समय के अंदर मंजूरी देनी है। इसका यह मतलब भी नहीं है कि राज्यपाल अनिश्चितकाल तक विधेयक को बिना मंजूरी दिए अपने पास रख सकते हैं। अगर कोई राज्यपाल ऐसा करता है तो जाहिर है कि वह अपनी सरकार को काम नहीं करने देना चाहता है।

यह फैसला आते ही उप राष्ट्रपति जगदीप धनखड़ और केंद्र सरकार के मंत्री बिफर पड़े और अमर्यादित भाषा में सुप्रीम कोर्ट को अपनी मर्यादा में रहने की नसीहत देने लगे। ऐसा नहीं है कि सुप्रीम कोर्ट के फैसले से नाराज लोगों को यह नहीं मालूम है कि सुप्रीम कोर्ट को यह दखल क्यों देना पड़ा। उपराष्ट्रपति धनखड़ तो संवैधानिक मामलों के जानकार बताए जाते हैं। जाहिर है कि उन्हें राज्यपालों की बदनीयती और मनमानी पर संवैधानिक अंकुश मंजूर नहीं है। सुप्रीम कोर्ट से सरकार के टकराव का दूसरा मामला तो और भी ज्यादा संगीन स्थिति में पहुंच गया है। केंद्र सरकार द्वारा बनाए गए वक्फ़ संशोधन के प्रावधानों पर सुप्रीम कोर्ट ने रोक लगाकर सरकार से कुछ स्पष्टीकरण मांगे हैं। सुप्रीम कोर्ट का यह अंतरिम आदेश आते ही भाजपा नेताओं की ओर से सुप्रीम कोर्ट के प्रधान न्यायाधीश पर हमले शुरू हो गए हैं। भाजपा सांसद निशिकांत दुबे ने कहा, 'भारत में चल रहे गृह युद्धों के लिए प्रधान न्यायाधीश जस्टिस संजीव खन्ना जिम्मेदार हैं।' इस सिलसिले में दुबे ने अपनी जहरीली जुबान से देश के पूर्व मुख्य चुनाव आयुक्त एसवाई कुरैशी को भी निशाना बनाया। वक्फ़ संशोधन कानून को लेकर कुरैशी की एक पोस्ट के जवाब में दुबे ने कहा कि 'आप मुख्य चुनाव आयुक्त नहीं, मुस्लिम आयुक्त थे।'

देश के प्रधान न्यायाधीश पर दुबे के आपत्तिजनक और खतरनाक बयान के बाद भाजपा के दूसरे कई सांसदों और नेताओं ने भी सुप्रीम कोर्ट को अपनी हदों में रहने की नसीहत दी। हालांकि भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा ने निशिकांत दुबे और अन्य नेताओं के बयान से पल्ला झाड़ते हुए कहा कि उनके बयानों से पार्टी सहमत नहीं है, ये उनके निजी बयान हैं।

भाजपा अध्यक्ष ने यह भी कहा कि उनकी पार्टी न्यायपालिका के खिलाफ ऐसी बातों को नापसंद करती है। उनकी इस सफाई से समझा गया कि भाजपा ने इस मुद्दे को ठंडे बस्ते में डाल दिया है। मगर इसके बाद भाजपा के अंदर से जैसी प्रतिक्रियाएं सामने आई हैं, उनसे विवाद में नया पहलू जुड़ा है। दो प्रतिनिधि बयान खास तौर पर गौरतलब हैं- पश्चिम बंगाल की भाजपा नेता अग्निमित्रा पॉल ने निशिकांत दुबे की बातों को दोहराते हुए कहा कि- 'उन्होंने सही बात कही है।' भाजपा के पूर्व राष्ट्रीय महासचिव और मध्यप्रदेश सरकार के मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने दुबे को 'सार्वजनिक रूप' से ऐसी बातें न बोलने की सलाह देते हुए कहा-'कभी-कभी सच बोलने से बचना पड़ता है।'

सत्ताधारी जमात के इकोसिस्टम के एक हिस्से ने तो सोशल मीडिया पर सुप्रीम कोर्ट के साथ-साथ नड्डा को भी निशाने पर ले लिया। उनके खिलाफ अपमानजनक हैशटैग ट्रेंड कराया गया, जिसके तहत कुछ लोगों ने उनसे इस्तीफ़े की मांग भी की। इससे विपक्ष के इस आरोप को वजन मिला कि दुबे ने जो कहा, वह सत्ताधारी जमात की असल मंशा को जाहिर करता है और नड्डा की सफाई महज रस्म अदायगी है। वक्फ़ संशोधन विधेयक का पारित कराना, उस पर सुप्रीम कोर्ट की अंतरिम रोक को लेकर निशिकांत दुबे का बयान तथा राज्यपालों के संबंध में सुप्रीम कोर्ट के फैसले को लेकर उपराष्ट्रपति धनखड़ सहित तमाम भाजपा नेताओं के बयान भाजपा एवं उसकी सरकार की एक सोची-समझी रणनीति के हिस्से हैं।

दरअसल सुप्रीम कोर्ट को ऐसी नसीहतें देने और सरकार व संसद को उससे ऊपर बताने का सिलसिला बहुत पहले से जारी है। कानून मंत्री रहते हुए रविशंकर प्रसाद कई मौकों पर ऐसी नसीहत दे चुके हैं। गृह मंत्री अमित शाह ने तो केरल के सबरीमाला मंदिर के मामले में सुप्रीम कोर्ट के फैसले को लेकर 27 अक्टूबर 2018 को साफ शब्दों में कहा था- 'अदालतें किसी मामले में फैसला देते वक्त व्यावहारिक रुख अपनाएं और वैसे ही फैसले दें, जिन पर अमल किया जा सके।'

दरअसल संसद, चुनाव आयोग, जांच एजेंसियां और मीडिया को अपने अनुकूल बनाने के बाद अब न्यायपालिका ही ऐसी संस्था बची है जो पूरी तरह सरकार के काबू में नहीं आ पाई है। सो, उसे काबू में करने का अभियान छेड़ दिया गया है। सहयोगी दलों की बैसाखियों पर टिकी 240 लोकसभा सीटों वाली सरकार का यह दुस्साहस देखते हुए अंदाजा लगाया जा सकता है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को लोकसभा चुनाव में 400 सीटें क्यों चाहिए थीं और अगर वे मिल जातीं तो क्या होता!

**( लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं )**

# बिहार में विधानसभा चुनाव से पहले महत्वपूर्ण राजनीतिक मंथन

■ कल्याणी शंकर

इस साल के अंत में बिहार में होने वाले चुनाव काफी अप्रत्याशित हैं। अभी तक, भाजपा, राजद, कांग्रेस या जद (यू) के लिए कोई आसान रास्ता नहीं है। बिहार की राजनीति में मंथन चुपचाप हो रहा है। सत्ता की गत्यात्मकता में संभावित बदलाव हो सकता है। पिछले दो दशकों से जनता दल (यूनाइटेड) के बाद दूसरे स्थान पर रहने वाली भाजपा प्रमुख भूमिका निभाने की उम्मीद कर रही है। राजद सरकार का मुखिया बनना चाहता है।

दो महत्वपूर्ण शक्ति समूह लड़ाई में हैं। एक तरफ एनडीए और दूसरी तरफ महागठबंधन, जिसमें राजद, कांग्रेस और वामपंथी दल शामिल हैं। पार्टी के भीतर और भीतरी गतिशीलता पूरे जोश में है। एनडीए और महागठबंधन एक बड़े राजनीतिक मुकाबले के लिए सोची-समझी चाल चल रहे हैं। दिल्ली विधानसभा चुनाव जीतने के बाद, लगातार उन राज्यों में जीत से उत्साहित भाजपा ने अब बिहार पर नज़रें गड़ा दी हैं।

बिहार की जातिगत राजनीति दिलचस्प है। पिछड़े वर्ग की आबादी 63.13प्रतिशत है, जबकि सवर्ण जातियां केवल 15.52प्रतिशत हैं। पिछड़े वर्ग की श्रेणी में अन्य पिछड़ा वर्ग 27.12 है, जबकि अत्यंत पिछड़ा वर्ग की आबादी 36प्रतिशत है। दलितों की संख्या लगभग 19.65 है और यादवों की संख्या 14.26प्रतिशत है। नीतीश कुमार की कुर्मी जाति, कुर्मी, जिसे ओबीसी के रूप में भी वर्गीकृत किया गया है, की आबादी 2.87प्रतिशत है। पिछले विधानसभा चुनावों में, लगभग 15प्रतिशत आबादी वाली उच्च जातियों ने कई पार्टियों में टिकट वितरण पर अपना दबदबा बनाया था। भाजपा ने अपने 47.3प्रतिशत टिकट उच्च जाति के उम्मीदवारों को दिये थे, जबकि कांग्रेस ने अपनी 40प्रतिशत सीटें उच्च जातियों को दी थीं।

> राजद, कांग्रेस और कुछ छोटी पार्टियों से मिलकर बना महागठबंधन कड़ा चुनौती दे रहा है। गठबंधन पर चर्चा के लिए पिछले हफ़्ते दिल्ली में राजद और कांग्रेस के शीर्ष नेताओं की बैठक हुई थी। 2020 के बाद से राजनीतिक पुनर्संयोजन - वीआईपी का महागठबंधन में शामिल होना, एलजेपी का एनडीए के साथ गठबंधन और राष्ट्रीय लोक समता पार्टी का जेडी( यू ) में विलय - चुनावी तस्वीर को जटिल बनाते हैं।

2020 के बिहार विधानसभा चुनाव में, महागठबंधन 243 सदस्यीय विधानसभा में साधारण बहुमत हासिल नहीं कर सका, केवल 12 सीटों से चूक गया। राजद सदन में सबसे बड़ी पार्टी थी, लेकिन सरकार नहीं बना सकी।

2025 के चुनावों के लिए, जेडी(यू) ने नीतीश कुमार को मुख्यमंत्री पद का चेहरा बनाने की पुष्टि की है। जाने-माने चुनाव विशेषज्ञ प्रशांत किशोर ने भविष्यवाणी की थी कि नीतीश कुमार अपना राजनीतिक करियर खत्म कर देंगे। राजद ने अपने नेता तेजस्वी यादव को चुना है। कांग्रेस ने अभी तक अपने पत्ते नहीं खोले हैं। इस महीने से शुरू हुई कांग्रेस और राजद के बीच बैठकों का सिलसिला जारी है। जनता दल (यूनाइटेड) पार्टी और भाजपा गठबंधन वर्तमान में बिहार पर शासन कर रहे हैं। नीतीश कुमार की बिगड़ती सेहत, जातिगत संतुलन और गठबंधन के कामकाज ने बिहार को एनडीए के लिए राजनीतिक रूप से अप्रत्याशित बना दिया है। अगर भाजपा नीतीश को चुनती भी है, तो उनके स्वास्थ्य संबंधी मुद्दे चुनाव परिणाम को काफी प्रभावित कर सकते हैं। जेडीयू भाजपा के साथ ज़्यादा सीटों के लिए मोलभाव करना चाहती है। 2020 में जेडी(यू) ने 115 सीटों पर चुनाव लड़ा, लेकिन सिर्फ़ 43 सीटें ही जीत पायी थी। इसके विपरीत, भाजपा ने 110 सीटों पर चुनाव लड़ा और 74 सीटें जीतीं। राजद, कांग्रेस और कुछ छोटी पार्टियों से मिलकर बना महागठबंधन कड़ा चुनौती दे रहा है। गठबंधन पर चर्चा के लिए पिछले हफ़्ते दिल्ली में राजद और कांग्रेस के शीर्ष नेताओं की बैठक हुई थी। 2020 के बाद से राजनीतिक पुनर्संयोजन - वीआईपी का महागठबंधन में शामिल होना, एलजेपी का एनडीए के साथ गठबंधन और राष्ट्रीय लोक समता पार्टी का जेडी(यू) में विलय - चुनावी तस्वीर को जटिल बनाते हैं। 2020 के बाद से एक महत्वपूर्ण घटनाक्रम एनडीए के भीतर सत्ता समीकरण में बदलाव रहा है, जिसमें भाजपा मज़बूत होकर उभरी है। भाजपा ने रणनीतिक रूप से गैर-प्रमुख अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) और गैर-प्रमुख दलित समुदायों को अपने पक्ष में किया है। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह दो दिनों क्के लिए बिहार गये। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जल्द ही बिहार का दौरा करेंगे।

राजद प्रमुख लालू प्रसाद यादव ने एक चौंकाने वाली घोषणा करते हुए कहा कि वह अपने समाजवादी सहयोगी नीतीश कुमार के साथ सुलह करने के लिए तैयार हैं। इस बयान के जवाब में नीतीश ने कहा कि उन्होंने अनजाने में राजद के साथ गठबंधन कर लिया था। हालांकि, तेजस्वी यादव ने जोर देकर कहा कि महागठबंधन में नीतीश के लिए कोई जगह नहीं है। कई लोगों का मानना है कि अपने यू-टर्न के लिए मशहूर नीतीश पाला बदल सकते हैं।

भारत के विपक्षी इंडिया ब्लॉक ने राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के नेता और बिहार के पूर्व उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव को आगामी बिहार विधानसभा चुनावों के लिए अपनी समन्वय समिति का प्रमुख नियुक्त किया है। यह निर्णय 17 अप्रैल को पटना में छह गठबंधन सहयोगियों की बैठक के दौरान लिया गया।

महागठबंधन में कांग्रेस और वामपंथी दलों को चिंता है कि राजद सीट बंटवारे के समझौते को अंतिम रूप देने के लिए आखिरी समय तक इंतजार करेगा। कांग्रेस पार्टी 2020 में उन्हें दी गयी कमजोर सीटों से नाखुश है। उसने पिछले चुनाव में जिन 70 सीटों पर चुनाव लड़ा था, उनमें से उन्हें केवल 19 सीटें ही मिलीं। सीपीआई (एमएल), जिसने 2020 में अच्छा प्रदर्शन किया था, सीटों का बड़ा हिस्सा चाहती है। 2005 के बाद से, आरजेडी को 2015 और 2022 में छोटी अवधि को छोड़कर, सत्ता हासिल करने में कठिनाई हो रही है।

फिलहाल, तेजस्वी यादव के सामने दो मुख्य कार्य हैं। सबसे पहले, उन्हें मुसलमानों और यादवों के अपने मूल समूहों से परे अन्य जातियों को शामिल करने के लिए समर्थन का विस्तार करने की आवश्यकता है। इसके लिए एक मजबूत जमीनी स्तर का अभियान शामिल है, क्योंकि पारंपरिक मतदान के रुझान बदल रहे हैं। कांग्रेस ने बिहार में युवा नेतृत्व विकसित नहीं किया है। इसका पुराना कोर ग्रुप मुस्लिम और दलितों के वोट बैंक दूसरे दलों में चले गये हैं। पार्टी ने हाशिए पर पड़े समुदायों पर नज़र रखने के लिए 'संविधान नेतृत्व कार्यक्रम' शुरू किया है।

मुख्य दलों को अपने समूहों के भीतर और बाहर दोनों जगह चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है, और एक महत्वपूर्ण राजनीतिक बदलाव की उम्मीद है। ध्यान देने वाली बात यह है कि नीतीश कुमार का ईबीसी बरकरार है और आरजेडी-कांग्रेस गठबंधन को चुनौती दे रहा है।

नवंबर से पहले कई और बदलाव हो सकते हैं, जिन्हें देखना दिलचस्प होगा। राजनीति में एक सप्ताह लंबा माना जाता है। छह महीने वास्तव में लंबे होते हैं।

## आपके पत्र

### बैंक में खाता खोलने उम्र से कोई सरोकार नहीं

बैंक में खाता खोलने के लिए दस वर्ष के ऊपर के नाबालिग बच्चे के लिए आरबीआई ने मार्ग प्रशस्त किया है। दस वर्ष से ऊपर के बालक सावधि जमा, बचत खाता खोलने के लिए स्वतंत्र हैं और बच्चे संचालित कर सकते है। यह बदलते भारत की तस्वीर है। गरीब और मध्यम वर्ग के लिए बैंक दिवास्वप्न के समान था। गांवो में गरीब वर्ग बैंक का नाम और काम भी नहीं जानते थे। लेकिन सरकार की विकासलक्षी योजनाओं के संचालित करने के बाद गरीब और निरक्षर लोग भी बैंक का रुख कर रहे हैं। आज गरीब और अनपढ़ लोग बैंक जाकर अपने रुपये का लेन-देन आसानी से कर रहे हैं। सरकार ने करोड़ों बैंक खाते खुलवा कर गरीब को अपना हक दिलाया है। सरकार के पैसे हर खातेदार के खाते में जमा हो रहे हैं। बिचौलिए देखते ही रह गए। आरबीआई की नीतियों के कारण दस वर्ष से ऊपर के बच्चे बचत खाता संचालित कर सकते हैं। इतना ही नही, अपने अभिभावकों के साथ खाता संचालित करने के लिए बैंक ने तमाम परेशानी को दूर कर दी है। बैंक अपने जोखिम प्रबंधन नीति, उत्पाद और ग्राहकों के आधार पर नाबालिग खाताधारकों को बैंक खाता संचालित करने की अनुमति प्रदान करता है। इंटरनेट बैंकिंग और एटीएम जैसी सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए कटिबद्ध है। नाबालिगों केखाते खोलने के लिए बैंक उचित जांच पड़ताल करेगा। यह सुविधा स्वागतयोग्य है और युवाओं की प्रतिभा और हुनर का विकासलक्षी योजनाओं की अभिवृद्धि होगी। संशोधित दिशानिर्देश के लिए आगामी जुलाई तक क्रियान्वयन शुरू कर दिया जाएगा।

**-कांतिलाल मांडोत**

### राष्ट्रपति पद को विवाद से दूर रखें

पिछले काफी समय से न्यायपालिका और राष्ट्रपति के पद की गरिमा पर बेवजह का विवाद छिड़ा हुआ है। राष्ट्रपति देश के प्रथम व्यक्ति व सर्वेसर्वा होते हैं। वे सेना के तीनों अंगों के प्रधान के साथ ही देश के प्रधान न्यायाधीश को शपथ ग्रहण कराते हैं। प्रधानमंत्री को भी देशहित में संवैधानिक नीति के लिए सलाह/स्वीकृति लेनी पड़ती है। लोकतंत्र के चारों स्तम्भ (कार्यपालिका, न्यायपालिका, विधायिका और प्रेस) सुचारु रूप से राष्ट्रहित में कार्य करें उस पर उनकी वैधानिक नजर रहती है। तब राष्ट्रपति देश के सर्वोच्च पदाधिकारी होते हैं अत: राष्ट्रपति की गरिमा और देश की अस्मिता देश और दुनिया में बरक़रार रहे इस हेतु उन पर किसी तरह के विवाद/बहस से लोकतंत्र के चारों स्तम्भों को दूर ही रहना चाहिए। ताकि किसी भी तरह का कोई विवाद पैदा न हो व राष्ट्र की गरिमा बनी रहे।

**शकुंतला महेश नेनावा, इंदौर ( म.प्र. )**



## ललित सुरजन की कलम से

### बिलासपुर की पांच बहनें

*'नरेन्द्र मोदी के प्रधानमंत्री बनने के बाद 'बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ' अभियान प्रारंभ हुआ। यह मोदी सरकार के प्रमुखतम कार्यक्रमों में एक है। इसका उद्देश्य है कि भारत में जो लैंगिक असमानता सदियों से विद्यमान है, देश में लड़के व लड़कियों के अनुपात में एक बड़ी खाई बनी है वह बढ़ती जा रही है, उसे दूर किया जाए। कुछ प्रदेश लंबे समय से कन्या भ्रूण हत्या के लिए बदनाम रहे हैं। अगर बेटी हुई है तो जन्म होते ही उसे मार डालने के लोमहर्षक प्रसंग सामने आए हैं। यह भी अध्ययन से पता चला है कि शहरी पढ़े-लिखे सक्षम वर्ग में पुत्री के बजाय पुत्र को प्राथमिकता दी जा रही है। दिल्ली, मुंबई इत्यादि महानगरों के आंकड़े यही बयान करते हैं। कुछ समय पहले ही महाराष्ट्र के सांगली जिले में किसी जगह पर दर्जनों मृत भ्रूण प्राप्त हुए जिससे खलबली मच गई। अनुमान है कि आसपास के अल्ट्रासाउण्ड क्लीनिकों में गर्भस्थ शिशु के लड़की होने की जानकारी मिलने के बाद गर्भपात करवा भ्रूण वहां दफनाए गए। इसकी खोजबीन जारी है, लेकिन कोई न्यायिक कार्रवाई हुई हो तो मेरी जानकारी में नहीं है।*

**( देशबन्धु में 18 मई 2017 को प्रकाशित )**

## पावन प्रसंग

### पुराने वस्त्र पहनों पर नई पुस्तकें खरीदो

महात्मा गांधी ने कहा है कि पुराने वस्त्र पहनों पर नई पुस्तकें खरीदो, उन्होंने यह भी कहा कि पुस्तकों का महत्व रत्नों से कहीं अधिक है, क्योंकि पुस्तकें अंत:करण को उज्जवल करती हैं। मनुष्य के जीवन में अध्ययन जितना आवश्यक है उतना ही आवश्यक मनन और चिंतन भी है ।पूर्व राष्टपति डॉ एपीजे कलाम साहब ने कहा है कि एक पुस्तक कई मित्रों के बराबर होती है और पुस्तकें सर्वश्रेष्ठ मित्र होती हैं। शिक्षाविद चार्ल्स विलियम इलियट ने कहा कि पुस्तके मित्रों में सबसे शांत व स्थिर हैं, वे सलाहकारों में सबसे सुलभ और बुद्धिमान होती हैं और शिक्षकों में सबसे धैर्यवान तथा श्रेष्ठ होती हैं। केवल पुस्तक पढ़ना ही संपूर्ण मानवीय उद्देश्य ना होकर उससे प्राप्त ज्ञानामृत का मनन एवं चिंतन भी अत्यंत आवश्यक है। किसी भी पुस्तक का अध्ययन मनन एवं उस पर चिंतन मनुष्य के संस्कारों को परिष्कृत करता है एवं जीवन के उच्च आदर्शों को प्राप्त करने में सदैव सहायक सिद्ध होता है। अत: मनुष्य को सदैव निरंतर ज्ञानवर्धक पुस्तकों से न सिर्फ ज्ञान प्राप्त करना चाहिए अपितु उसका निरंतर मनन तथा चिंतन भी करना होगा तब जाकर हमारे संस्कार, संस्कृति एवं जीवन के उद्देश्य सफल होंगे। सच्चाई भी यही है कि पुस्तकें ज्ञान के अंत:करण और सच्चाईयों का भंडार होती है। आत्मभिव्यक्ति का सशक्त माध्यम भी होती हैं। जिन्होंने पुस्तके नहीं पढ़ी हैं या जिन्हें पुस्तक पढ़ने में रूचि नहीं है वे जीवन की कई सच्चाईयों से अनभिज्ञ रह जाते हैं। पुस्तकें पढ़ने का सबसे बड़ा फायदा यह होता है कि हम जीवन की कठिन परिस्थितियों से जूझने की शक्ति से परिचित हो जाते हैं, और समस्या कितनी भी बड़ी हो हम उससे जीतकर निजात पा जाते हैं। कठिन से कठिन समय पर पुस्तकें हमारा मार्गदर्शन एवं दिग्दर्शन करती है। जिन मनीषियों ने पुस्तक लिखी है और जिन्हें पुस्तकें पढ़ने का शौक है उन्हें ज्ञानार्जन के लिए इधर-उधर भटकने की आवश्यकता नहीं होती है। निसंदेह पुस्तकें ज्ञानार्जन करने मार्गदर्शन एवं परामर्श देने में विशेष भूमिका निभाती है। पुस्तकें मनुष्य के मानसिक, सामाजिक, आर्थिक, सांस्कृतिक, नैतिक, चारित्रिक, व्यवसायिक एवं राजनीतिक विकास में अत्यंत सहायक एवं सफल दोस्त का फर्ज अदा करती हैं। प्राचीन काल से ही बच्चों तथा नौनिहालों के विकास के लिए पुस्तकें लिखे जाने का चलन तथा रिवाज रहा है। च्पंचतंत्रज्तथा चहितोपदेशज इसके बहुत बड़े उदाहरण हैं। पंचतंत्र, हितोपदेश में ज्ञानार्जन के लिए एवं संस्कृति सभ्यता और शिक्षा के उपयोग की बातें जो दैनिक जीवन में अत्यंत प्रभावशाली तथा उपयोगी होती है, लिखी गई हैं। और यही पुस्तकें इस देश की सभ्यता संस्कृति के संरक्षण तथा प्रचार प्रसार में अहम भूमिका निभाती आई है। इसी तरह की पुस्तकों ने ज्ञान का विस्तार भी किया है। विश्व की हर सभ्यता मे लेखन सामग्री का बड़ा ही महत्वपूर्ण योगदान रहा है। पुस्तकों के माध्यम से ही धर्म जाति संस्कृति एवं शिक्षा की मार्गदर्शिका से ही समाज आगे बढ़ा है। अच्छी किताबें अच्छे मार्गदर्शक तथा शिक्षित तथा अशिक्षित समाज को चेतना तथा सद्‌गुणों से संचारित करती है, व्यक्ति के अंदर मानसिक क्षमता का विकास भी होता है। ऐतिहासिक किताबें हमें इतिहास, धर्म, राजनीति, संस्कृति के अनेक पहलुओं से अवगत भी कराती है, जिससे व्यक्तित्व विकास में अत्यंत सहायता मिलती है। पुस्तकों के महत्व को देखते हुए डॉक्टर सर्वपल्ली राधाकृष्णन ने कहा कि पुस्तके वह साधन है जिसके माध्यम से हम विभिन्न संस्कृति एवं समाज के बीच सेतु का निर्माण कर सकते हैं। पुस्तके वह मित्र होती हैं जो हर परिस्थिति तत्काल में सहायक होती है, और यही कारण है कि अनेक लोग गुरुवाणी, हनुमान चालीसा अभी अपने पास रखते हैं।

**-संजीव ठाकुर**

## कठौंदा प्लांट चलाने के लिये पी.पी.पी. मोड पर दी गई है जमीन

# न गिरवी है और न कोई बेच सकता है : महापौर





**जबलपुर, देशबन्धु। नगर निगम में बजट बैठक के दौरान सत्ता पक्ष और विपक्ष के बीच शहर में सफाई व्यवस्था एवं अन्य विषयों को लेकर कई बार हंगामा की स्थिति निर्मित हुई। इस दौरान निगम अध्यक्ष रिंकू विज को कड़ी मशक्कत करनी पड़ी।**

**चर्चा में भाग लेते हुये** महापौर जगत बहादुर सिंह अन्नू ने कहा कि इस वर्ष का बजट ऐतिहासिक बजट है निश्चित रूप से 3 वर्षो में जबलपुर शहर को महानगर बनाने का सपना हम सब देख रहे हैं वो सपना पूरा करेगें। इसके उपरांत उन्होंने विपक्षी पार्षदों के द्वारा कठौंदा प्लांट को लेकर बार-बार अनर्गल, तथ्यहीन और आधारहीन बातों को दोहराया गया और विकास के मुद्दों पर चर्चा करने की बजाय कही और सुनी-सुनाई बातों को भ्रामक रूप से उठाया गया। जिस पर महापौर जगत बहादुर सिंह अन्नू ने स्पष्ट करते हुए कहा कि विपक्ष के पार्षद भ्रमक अफवाह न फैलाएँ क्योंकि प्लांट चलाने के लिए पी.पी.पी. मोड पर जमीन दी गई है। वह जमीन न गिरवी रखी गई है और न बेची गई है।

महापौर ने यह भी बहुत अच्छे से स्पष्ट कर कहा कि कोई भी निगम की जमीन को न बेच सकता है और न गिरवी रख सकता है। विपक्ष के पास अधूरी एवं तथ्यहीन जानकारी है, इस जानकारी के माध्यम से विपक्षी पार्षद विकास के मुद्दों पर चर्चा करने से बच रही है और अनर्गल बातों को तूल देकर सदन का समय खराब कर रहे हैं।

महापौर ने एक बड़ी उपलब्धि बताते हुए कहा कि शहर में इस वर्ष जल संकट में कमी आई है और इस कमी को और दूर करने के लिए टैंकर शाखा के बेडे में 10 नए ट्रक माउंटेड 4 हजार लीटर क्षमता वाले टैंक शामिल हुए हैं। उन्होंने बताया कि इस व्यवस्था से शहर में जल संकट की स्थिति भी लगभग समाप्त होगी। नगर सरकार की तरफ कमलेश अग्रवाल ने भी अपनी बात रखी।

**विपक्ष ने संभाला मोर्चा**-इधर विपक्ष की ओर से नेता प्रतिपक्ष अमरीष मिश्रा और अयोध्या तिवारी, संतोष पंडा, सतेंद्र चौबे आदि ने मोर्चा संभाल रखा था। इस दौरान शहर में बदहाल सफाई व्यवस्था और कठौंदा प्लांट को लेकर नगर सरकार को घेरने का काम हो। महिला पार्षदों ने भी अपनी बात को दमदारी से रखा।

# बाल विवाह रोकने अनुभाग स्तर पर निगरानी समितियां गठित

**जबलपुर, देशबन्धु।** कलेक्टर दीपक सक्सेंना ने आज एक आदेश जारी कर 30 अप्रैल को अक्षय तृतीया तथा वर्ष भर विभिन्न विवाह मुहुर्तो पर बाल विवाह होने की संभावनाओं एवं उनकी रोकथाम के मद्देनज़र जिले में अनुभाग स्तर पर संबंधित अनुविभागीय राजस्वि अधिकारियों की अध्यक्षता में सात सदस्यों की निगरानी समितियां गठित की है। अनुभाग स्तर पर गठित निगरानी समितियों में संबंधित जनपद पंचायत के सीईओ, तहसीलदार, परियोजना अधिकारी महिला एवं बाल विकास, खण्ड चिकित्सा अधिकारी, खण्ड शिक्षा अधिकारी एवं पुलिस थाना प्रभारी को सदस्य नियुक्त किया गया है।

आदेश में कलेक्टर ने अनुभाग स्तरीय समितियों को ऐसे संवेदनशील क्षेत्रों को चिन्हित करने की जिम्मेदारी दी है, जहां बाल विवाह होने की संभावना हो।

समिति ऐसे चिन्हित क्षेत्रों की सूची बनाकर कलेक्टर, पुलिस अधीक्षक, सीईओ जिला पंचायत, जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास तथा संबंधित क्षेत्र के थाना प्रभारियों को सौंपेंगी। इन क्षेत्रों एवं ग्रामों में बाल विवाह की रोकथाम हेतु विभिन्न जनजागरण के कार्यक्रम आयोजित किये जायेंगे तथा बाल विवाह न हो पाये इस हेतु विशेष निगरानी रखी जायेगी।

अनुभाग स्तर पर गठित निगरानी समितियां बाल विवाह की रोकथाम हेतु संवेदनशील ग्रामों में ग्राम स्तरीय समितियां भी गठित करेंगी।

इन समितियों में सरपंच, पंच, बीडीएस, ग्राम शिक्षक, ग्राम कोटवार, आशा कार्यकर्ता, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता एवं सामाजिक कार्यकर्ता को शामिल किया जायेगा।



# संभागायुक्त ने ज्ञानाश्रय में छात्र-छात्राओं के बीच मनाया अपना जन्मदिवस

**जबलपुर, देशबन्धु।** संभागायुक्त अभय वर्मा ने मॉडल स्कूल में संचालित नि:शुल्क कोचिंग क्लासेस के छात्र-छात्राओं के साथ अपना 60 वाँ जन्मदिवस मनाया। जिसमें संस्था् से संबंधित सभी व्यक्ति मौजूद थे।

संभागायुक्त वर्मा ने प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी कर रहे युवाओं को संबोधित करते हुए कहा कि आपकी कक्षाओं में निरंतरता ही आपकी सफलता के लिए रामबाण साबित होगी। उन्होंने बताया कि जबलपुर में प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी के लिए ज्ञानाश्रय एक बेहतर प्लेनटफार्म है, जिसमें सफलतम अधिकारियों द्वारा नियमित मार्गदर्शन दिया जाता है। इस दौरान संयुक्त संचालक, जबलपुर संभाग श्री प्राचीश जैन ने कहा कि अपने सपनों को हमेशा जिंदा रखना होगा, क्योंकि सिर्फ सोचने से मंजिल हासिल नहीं होती है, इसके लिए कठिन परिश्रम करना पड़ता है। इस दौरान जिला शिक्षा अधिकारी घनश्याम सोनी व मॉडल स्कूल प्राचार्य ने भी युवाओं को मार्गदर्शन कर प्रोत्सा हित किया।

# शिवानी का यूपीएससी में चयन



**जबलपुर, देशबन्धु।** पुलिस परिवार के आरक्षक सतीष तिवारी की पुत्री कु. शिवानी तिवारी का संघ लोक सेवा आयोग परीक्षा में चयन होने पर पुलिस अधीक्षक जबलपुर सम्पत उपाध्याय ने बधाई देते हुये शुभकामना दी। संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) 2024 परीक्षा के अंतिम परिणाम में जबलपुर निवासी कु. शिवानी तिवारी ने 294 रैंक प्राप्त किया है।

कु. शिवानी तिवारी के पिता सतीष तिवारी थाना विजय नगर में आरक्षक के पद पर पदस्थ है। शिवानी ने स्कूली शिक्षा सेन्ट एलायशिस स्कूल से तथा स्नातक की पढाई माता गुजरी कालेज से की तथा सेल्फ स्टडी कर संघ लोक सेवा आयोग की परीक्षा की तैयारी करते हुये सफलता प्राप्त की।

पुलिस अधीक्षक सम्पत उपाध्याय द्वारा कु. शिवानी तिवारी को सिविल सेवा परीक्षा की तैयारी के दौरान एवं साक्षात्कार हेतु मार्गदर्शन दिया गया था।

यूपीएससी में चयनित होने पर 22-4-25 को पुलिस अधीक्षक जबलपुर सम्पत उपाध्याय द्वारा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शहर आनंद कलादगी एवं रक्षित निरीक्षक जय प्रकाश आर्य, थाना प्रभारी विजय नगर वीरेन्द्र सिंह पवार की उपस्थिति में कु. शिवानी तिवारी के पिता आरक्षक सतीष तिवारी को पुष्पगुच्छ देते हुये सम्मानित करते हुये जबलपुर पुलिस एवं मध्य प्रदेश पुलिस की ओर से शुभकामना दी तथा यूपीएससी परीक्षा में शानदार सफलता के लिए बधाई देते हुये कहा कि दृढ संकल्प और दृढता ने कु. शिवानी तिवारी को इस महत्वपूर्ण उपलब्धि तक पहुंचाया है। यह सफलता कु. शिवानी तिवारी एवं शिवानी के परिवार के अटूट समर्पण और प्रयास का परिणाम है।

# दक्षिण सिविल लाइन के रिहायशी इलाकों में आवारा कुत्तों का आतंक

**जबलपुर, देशबन्धु।** नगर के साउथ सिविल लाइन क्षेत्र में इन दिनों आवारा कुत्तों के आतंक से लोग परेशान हैं। आने जाने वालों पर कभी भी कुत्तोंकी फौज हमला करती है। इनके अब तक कई लोग शिकार हो चुके हैं। बताया गया कि कॉलोनी (क्षेत्र) में आवारा कुत्तों की संख्या में चिंताजनक रूप से वृद्धि हुई है। उनकी संख्या में वृद्धि के कारण कई तरह की समस्याएँ पैदा हो गई हैं, साउथ सिविल लाइन्स पुलिस स्टेशन से लेकर रिज रोड के गेट तक, मुश्किल से 500 से 600 मीटर की दूरी पर इन आवारा कुत्तों की संख्या 50-100 से कम नहीं है।

लोगों को न केवल कुत्तों के दृश्य से डर लग रहा है, बल्कि निवासियों को कुत्तों द्वारा काटे जाने और उनका पीछा किए जाने के मामले भी सामने आ रहे हैं। कुत्ते बड़ी संख्या में अक्सर सड़क पर दो पहिया वाहनों पर भयंकर हमला करते हैं, जो बहुत खतरनाक है और दुर्घटना का कारण बन सकता है। इससे आये दिन लोग सड़क हादसों का शिकार भी हो रहे हैं।खूंखार दिखने वाले कुत्ते झुंड में मोहल्ले में घूमते हैं और इस घटना से निवासियों में भय फैल रहा है।

# विद्युत प्राधिकरण के दिशा निर्देश के अनुरूप के ट्रांसको की स्काडा प्रणाली का उन्नयन

**जबलपुर, देशबन्धु।** प्रदेश के ऊर्जा मंत्री प्रद्युमन सिंह तोमर ने बताया मध्यप्रदेश पावर ट्रांसमिशन कंपनी (एम.पी. ट्रांसको) के प्रदेश में क्रियाशील एकस्ट्रा हाइटेंशन सबस्टेशनों की निगरानी के साथ अब इनका रिमोट से नियंत्रण और संचालन का ऑपरेशन संभव हो सकेगा। इसके लिये एम.पी. ट्रांसको ने अपनी पुरानी स्काडा प्रणाली का केन्द्रीय विद्युत प्राधिकरण की गाइड लाइन्स के अनुसार उन्नयन करते हुये अत्याधुनिक तकनीक से लैस नई स्काडा प्रणाली स्थापित कर क्रियाशील कर लिया है।

ऊर्जा मंत्री प्रद्युमन सिंह तोमर ने जानकारी दी कि लगभग 51.88 करोड

## अब निगरानी के साथ सबस्टेशनों का नियंत्रण भी संभव

रूपये की अनुमानित लागत से निर्मित इस नये स्काडा सिस्टम में पुराने स्काडा सिस्टम के मुकाबले अनेक नये फीचर्स उपलब्ध है। भारत सरकार के केन्द्रीय विद्युत प्राधिकरण की गाइड लाइन्स के अनुसार नये स्काडा सिस्टम को नवीनतम तकनीकों और साइबर सुरक्षा आवश्यकताओं के अनुरूप उन्नत किया गया है, अब प्रदेश के एकस्ट्रा हाइटेंशन सबस्टेशनों के प्रत्येक मिनिट का रियल टाईम डेटा प्राप्त कर सुरक्षित रखा जा सकेगा।

# समर्थन मूल्य पर गेहूं की खरीदी जारी

**जबलपुर, देशबन्धु।** रबी विपणन वर्ष 2025-26 में समर्थन मूल्य पर गेहूं खरीदी का कार्य 05 मई तक किया जाना है। शासन द्वारा गेहूं का समर्थन मूल्य 2425/- प्रति क्विंटल तथा 175/- रुपये प्रति क्विंटल बोनस घोषित किया गया है। इस प्रकार शासन द्वारा 2600/- रूपये प्रति क्विंटल की दर से गेहूं की खरीदी की जा रही है। इस संबंध में शासन द्वारा जारी उपार्जन नीति के अनुसार जिले में समर्थन मूल्य पर खरीदी के लिए 70 उपार्जन केन्द्रो की स्थापना की गई है। उक्त उपार्जन केन्द्रों में अभी तक 1538 कृषको से कुल 15436.50 मी. टन गेहूं की खरीदी की जा चुकी है। कृषको एवं उपार्जन कार्य से जुड़े कर्मचारियों-अधिकारियों की सुविधा के लिए कंट्रोल रूम की स्थापना की गई है।

# 52 हजार जन स्वास्थ्य रक्षकों का भविष्य अधर में



**जबलपुर, देशबन्धु।** प्रदेश के हजारों जन स्वास्थ्य रक्षक जिन्हे सरकार द्वारा 2001 में बकायदा ट्रेनिंग दी गई थी और उन्हें टूल किट भी उपलब्ध कराई गई थी, उन्हें स्टाइफंड भी दिया गया, और जनता को प्राथमिक उपचार के साथ साथ जन औषधि देने की अनुमति भी दी गई थी,। जिसकी मूलभूत जानकारी ट्रेनिग के दौरान दी गई थी । आज उन्हें स्वास्थ्य परामर्श देने से मना किया जा रहा है, और आश्चर्य तो ये कुछ वर्षों पहले तक सरकार उन्हें सरकारी सेवा मे नियमितीकरण का आश्वासन दे रही थी।

यहां गौरतलब है कि ये वही जनस्वास्थ्य रक्षक है, जिनकी सेवाएं सरकार समय समय पर अपने टीकाकरण अभियान में लेती रही है, तथा इनकी बैठक भी सरकार लेती रही है, और उनको बैठक भत्ता भी दिया जाता रहा है। और सबसे महत्वपूर्ण इन्होने कोरोना काल में अपनी जान जोखिम मे डालकर सरकार के अभियान में भाग लिया और इसके लिए इन्हें मानदेय भी दिया गया। आज इन्हें सरकार नियमितिकरण तो दूर उन्हे परामर्श देने से भी मना किया जा रहा है , ऐसा इनका कहना है। अपनी इन्ही सब मांगो को लेकर एडीएम मीशा सिंह को ज्ञापन दिया गया जिसमें सरकार मुद्दे पर गम्भीरता से विचार करते हुए इनके नियमितिकरण के अपने आश्वासन को पूरा करें।

# शहर में लगातार गहरा रहा जल संकट



**जबलपुर,देशबन्धु।** तापमान जिस तरह शनै-शनै बढ़ रहा है, उसी रफ़्तार से जल संकट भी गहराता जा रहा है।

वहीं दूसरी ओर किसी क्षेत्र में पानी की समयावधि कम हो रही है तो कहीं पानी गंदा आ रहा है, अभी कल ही पार्षद हर्षित यादव ने सदन की बैठक एक गंदे पानी से भरी बोतल दिखाई और बताया साथ ही दावा किया कि इस तरह के पानी की सप्लाई नगर निगम कर रहा है। (इस बात की पुष्टि देशबंधु नही करता), पारा चढ़ने के साथ ही हैंडपंप का दम फूल रहा है, और नलों में पानी का इंतजार भी बढ़ता ही जा रहा है।

बहरहाल शहर ही नहीं उपनगरीय क्षेत्रों में भी जल संकट दस्तक दे चुका है, टैंकरों के बढ़ते फेरे इस बात का संकेत दे रहे हैं।

पूरे शहर में टैंकरों द्वारा की जा रही जलापूर्ति में कुल टैंकरों के फेरे सैकड़े के पार जा चुके हैं, जो चार दिन पहले तक 70, से 80 के बीच थे।

# कबीर जयतीं की बैठक सम्पन्न



**जबलपुर, देशबन्धु।** नगर की ख्यातिप्राप्त संस्था साहित्य सहोदर की कबीर जयती के आयोजन संबंधी आवश्यक बैठक आज श्रीजानकीरमण संस्थान में आयोजित की गई बैठक की अध्यक्षता शरदचंद पालन के द्वारा की गई, बैठक मे संस्था के संस्थापक सुरेश मिश्र विचित्र दारा जून माह मे आयोजित होने वाले कबीर सम्मान 2025 के सम्बंध विस्तार से रुप रेखा प्रस्तुत की बैठक में प्रमुख रूप से आचार्य उमाशंकर दुबे, राष्टकवि राजसागरी ,वरिष्ठ व्यंग्य कार अभिमन्यु जैन, वरिष्ठ कवि कालीदास ताम्रकार डॉ.अभिजात त्रिपाठी आशुतोष दीक्षित, डॉ.आनंद सिंह राणा संदीप जैन अजय मिश्र के साथ सभी सदस्यों की उपस्थिति उल्लेखनीय रही ।

# इंडियन कॉफी वर्कर्स सहकारी समिति बनी, सफलता की कुंजी

## 1958 में कॉफी हाउस की शाखा से शुरूआत करने वाली सोसायटी आज युवाओं को रोजगार दे रही

**जबलपुर, देशबन्धु।** सहकारी समितियां देश की अर्थव्यवस्था में जरूरी भूमिका निभाती हैं। भारतीय सहकारी प्रणाली दुनिया के सबसे बड़े आंदोलन में से एक है। कृषि, बैंकिंग, आवास एवं अन्य क्षेत्र के विकास के लिये इसके मजबूत स्तंभ माने जाते हैं। इन समितियों से युवाओं के लिये पर्याप्त मात्रा में रोजगार पैदा होते हैं। इससे लोगों की आय में बढ़ोत्तरी होती है। इंडियन कॉफी वर्कर्स को-ऑपरेटिव सोसायटी लिमिटेड जबलपुर, सहकारी आंदोलनों के तहत सफलता के लिये एक आदर्श मानी जा सकती है।

**इतिहास के पन्नों से उपयोगी जानकारी**- इतिहास के पन्नों को पलटने पर पता चलेगा कि 1940 के दशक की शुरूआत में भारत सरकार (ब्रिटिश शासन के तहत ) ने कॉफी उत्पादों को बढावा देने के उद्देश्य से कॉफी बोर्ड की स्थापना की थी। इसे इंडिया कॉफी हाउस चलाता था, लेकिन साल 1957 के अंत में, सरकार ने पाया कि अधिकांश कॉफी हाउस घाटे में चल रहे हैं। एक अचानक निर्णय लिया और ऐंसी सभी इकाइयों को बंद कर दिया गया था और अपने कर्मचारियों की छंटनी कर दी गई।

ऑल इंडिया कॉफी बोर्ड लेबर यूनियन के हस्ताक्षेप के जवाब में, तत्कालीन प्रधानमंत्री पंडित नेहरू ने इन छंटनी किये गये श्रमिकों को सहकारी समितियां बनाने और इकाइयों के बंद क्षेत्रों में कॉफी हाउस चलाने की सलाह दी, एके गोपालन, तत्कालीन यूनियन और साथ ही भारत क पहले विपक्षी नेता ने उन्हें सभी तरह का समर्थन दिया, देश के विभिन्न नगरो में 13 अलग-अलग सहकारी समितियां बनाई गई, अब केवल कुछ संख्या में बची हैं।

**जबलपुर सोसायटी**- देश भर में सहकारी समितियों के गठन की इस लहर में जबलपुर में तत्कालीन कॉफी बोर्ड मजदूर संघ ने जबलपुर में सहकारी समिति बनाने के लिये जोरदार समर्थन दिया था। उक्त संघ के अध्यक्ष और उपाध्यक्ष एलएन मेहरात्रा और पी सदाशिवन नायर थे। वे क्रमशः जबलपुर सोसायटी के संस्थापक अध्यक्ष और उपाध्यक्ष थे। इस सोसायटी का नाम कॉफी वर्कर्स को-ऑपरेटिव सोसायटी लिमिटेड जबलपुर रखा गया।

**ऐसी हुई उत्पत्ति**- गौरतलब है कि जबलपुर सोसायटी ने अपना कारोबार 1958 में बहुत साधारण तरीके से 1,365.00 रूपये की मामूली पूंजी, 16 सदस्यों और जबलपुर में इंडियन कॉफी हाउस की एक शाखा से शुरूआत की थी। सोसायटी मध्यप्रदेश सहकारी सोसायटी अधिनियम 1960 के तहत पंजीकृत है। यह एक बेहतरीन संस्थान के रूप मे विकसित हुआ, कदम-दर कदम बढ़ते हुये सोसायटी ने प्रगति के नये सोपान गढ़े। अब देश के बीच राज्यों तक फैली सोसायटी के अंतर्गत 182 शाखाओं और 189 गेस्ट हाउस हैं। इसमें फील्ड, हॉस्टल और दस लॉज और 9000 से अधिक श्रमिक, कर्मचारियों के साथ जीत का झंडा फहराया है।

**समाज के विकास में डा. राजगोपालन की भूमिका**- डा. ओके राजगोपालन, इंडियन कॉफी वर्कर्स को-ऑपरेटिव सोसायटी लिमिटेड जबलपुर के अध्यक्ष एवं मुख्य महाप्रबंधक हैं। वे प्रदेश ही नहीं बल्कि भारत में प्रसिद्ध हैं। श्री राजगोपालन ने अपने 57 वर्षो के समर्पित सेवा के दौरान इंडियन कॉफी श्रमिक सहकारी समिति लिमिटेड, जबलपुर के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।

डा. ओके राजगोपालन की समर्पित सेवा और उनमे मौजूद प्रशासनिक कौशल ने सोसायटी का आतिथ्य सेवा के इतिहास में एक नई ब्रांड की छवि बनाने में मदद की है, जिससे ने केवल भारत में बल्कि दुनिया भर में लाखों लोगों का दिल जीत लिया है।

**सोसायटी की विशेषताओं पर एक नजर**- सोसायटी पूर्णत: श्रमिकों की सहकारी समिति है, तथा श्रमिकों के अतिरिक्त कोई अन्य इसका सदस्य नहीं बन सकता है। सभी को प्रथम श्रेणी में नियुक्त किया जाता है, तत्पश्चात् वरिष्ठता एवं योग्यता के अनुसार पदोन्नति दी जाती है, उच्च पद पर कोई सीधी भर्ती नहीं होती है।

### विश्व पटल पर जबलपुर का नाम रोशन किया

श्री राजगोपालन के उत्कृष्ट ज्ञान और प्रबंधन कौशिल, कुशल नेतृत्व को ध्यान में रखते हुये आइंस्टीन इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी ने उन्हें साल 2024 मे बिजनेस मैनेजमेंट में डाक्टरेट की मानद उपाधि से सम्मानित किया है जो न केवल जबलपुर संस्कारधनी अपितु पूरे देश के लिये गौरव का विषय माना जा सकता है। साथ ही श्री राजगोपालन मानवता की भलाई के लिये कई राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय पुरस्कार से सम्मानित हो चुके हैं। उन्होंने हमेशा पंथ, जाति और क्षेत्र, धर्म से उपर उठकर सहकारिता के मूल्यों को बढ़ावा देने का काम किया है।

### अवार्डो पर एक नजर

श्री राजगोपालन को जिन अंतर्राष्ट्रीय और राष्ट्रीय संस्थाओं ने सम्मानित किया, उनमें भारत कीर्तिमान, इंडिया इकोनिक एक्सीलेंस अवार्ड, इंडियन रेस्टोरेंट अवार्ड,वर्क ऑफ रिकार्ड लंदन, वर्ल्ड बुक ऑफ रिकार्डस लंदन, इंटरनेशनल क्वालिटी सार्टिफेकशन यूरोप शामिल है।

### प्रशासन का संचालन

यहां यह बात ध्यान देने वाली है कि सोसायटी का प्रशासन सोसायटी के सदस्यों में गुप्त मतदान प्रणाली के माध्यम से लोकतांत्रिक रूप में पांच सालों की अवधि के लिये निर्वाचित एक प्रबंध समिति के पास निहित है।


# वन्य जीवों की भलाई के लिये तनाव रहित वातावरण दिया जायेगा




**जबलपुर, देशबन्धु।** अब वन्य प्राणियों को स्वस्थ्य रखने के लिये विदेशी वन्य प्राणियों पर काम करने वाले जानकारों की सलाह को आधार बनाकर काम किया जायेगा, इसके पीछे वन्य प्राणियों को ऐसा वातावरण चिड़िया घरों में उपलब्ध कराना है जो उनको लंबे समय तक जीने लायक बनाकर रख सके। इसके लिये जबलपुर के नानाजी देशमुख पशु चिकित्सा विज्ञान विश्वविद्यालय के स्कूल ऑफ वाइल्ड लाइफ एंड फोरेंसिक हैल्थ,वन विभाग, एवं भारतयी वन्य जीवन संस्थान देहरादून ने पहल की है। 24 से 26 अप्रेल तक यहां अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन होगा जिसमें अमेरिका, साउथ अफ्रीका, नेपाल के साथ देश के जाने माने वन्य प्राणी जानकार शामिल होंगे। कुलपति प्रो. मनदीप शर्मा, संचालक वाइल्ड लाइफ सेंटर की डा. शोभा जावरे, डा. पराग निगम देहरादून, डा. आदित्य मिश्रा, जनसंपर्क अधिकारी डा. सोना दुबे ने उक्त जानकारी दी।

# अहिंसा, चर्चा के साथ चर्या में भी होना चाहिए : आचार्य श्री समयसागर

**जबलपुर, देशबन्धु।** अपने मांगलिक प्रवचन में कहा कि कर्म रूपी शत्रु को जिन्होने जीत लिया है वह जिन है और जो जिन का अनुयायी है वह जैन है। जिन वे हैं जिन्होंने अपने मोह, राग, द्वेष रूपी शत्रुओं पर विजय प्राप्त कर ली है। जैन धर्म अहिंसा परमोधर्म: की बात करता है। अहिंसा की बात करने वाले बहुत से विद्वान मिल सकते हैं लेकिन अहिंसा बहुत सूक्ष्म तत्व है। इसका व्याख्यान बहुत बड़ा है। अहिंसा चर्चाके साथ चर्या में भी होना चाहिए। दो प्रकार का संयम है इन्द्रिय संयम और प्राणी संयम, इन दोनों संयमों के द्वारा हम अहिंसा धर्म का पालन कर सकते हैं। अपनी पांचों इन्द्रियों और मन को वश में करना इन्द्रिय संयम है, हमें के जीवों की हिंसा नहीं करना प्राणी संयम है। जैन धर्म में संयम का बहुत महत्व है, हम अनादि काल से इन्द्रियों के विषय भोगो में लगे हैं इनको छोड़कर संयम का पालन करके ही हम मोक्ष सुख प्राप्त कर सकते हैं।





धर्मसभा के प्रारंभ में मंगलाचरण का पाठ अमीषी ने किया। आचार्य श्री विद्यासागर महाराज के तैल चित्र के समक्ष एन.सी.जैन (दिल्ली), सुभाष जैन (सी.ई. ओ.), वीरू छावड़ा (बेंगलोर), सुनील अजमेरा (हजारीबाग), राजेश जैन (सा.ए.) ने दीप प्रज्जवलित किया। प्रतिभा मंडल की दीदीओं द्वारा आचार्य श्री को शास्त्र भेंट किया तथा आचार्य श्री के पाद प्रक्षालन का सौभाग्य सिद्धांत, सुरभ्य (विनीत टाकीज) को प्राप्त हुआ । संरक्षणी सभा द्वारा मनोज सोमपुरा एवं देवेन्द्र सोमपुरा को सम्मानित किया गया।

बाल-ब्रह्म प्रीती दीदी ने भी उद्बोधन दिया। संस्कारधानी की धरती पर आत्म निर्भरता, स्वदेशी वस्त्रों के लिए आचार्य श्री विद्यासागर महाराज की प्रेरणा से तिलवाराघाट में स्थापित हेन्डलूम में निर्मित वस्त्रों की संस्था चल चरखा के आचार्य श्री विद्यासागर सभा भवान के समीप नये विक्रय केन्द्र का प्रात:काल आचार्य श्री समयसागर महाराज ने ससंघ अवलोकन किया ।

## टमाटर के भाव हुए दो गुने

**जबलपुर, देशबन्धु।** लोकल आवक बनी रहने के बावजूद टमाटर के दाम बढ़ना अब शुरू हो गए हैं। यही नहीं फुटकर में टमाटर के दाम बढ़कर दो गुने तक महंगे हो चुके हैं। आलम यह है कि फुटकर में कहीं टमाटर 15 रूपए तो कहीं 20 रूपए किलो के भाव से बिकने लगा है। जबकि हल्की क्वालिटी के टमाटर अभी भी 10 रूपए किलो के भाव से बिक रहे हैं। व्यापारिक सूत्रों के मुताबिक टमाटर में पुराने माल थोक में 80 से 90 रूपये कैरिट के भाव से बिक रहे हैं। जबकि टमाटर के नये माल के भाव अब बढ़कर 150 रूपए कैरिट पर पहुंच चुके हैं। जानकारों की माने तो लोकल आवक घटने पर टमाटर की कीमतें और बढ़ सकती हैं। सूत्रों की माने तो हफ्ते 10 दिन में टमाटर की कीमत बढ़कर 30-40 रूपये किलो की ऊंचाई पर पहुंच सकती है।

## श्री पंचमठा मंदिर में एकादशी कल



**जबलपुर, देशबन्धु।** गढ़ा स्थित पंचमठा मंदिर में लघु काशी, वृंदावन के दर्शन होते हैं। पं. अभिषेक शर्मा के अनुसार गुरुवार, 24 अप्रैल को वैशाख मास के कृष्ण पक्ष की ग्याहरवीं तिथि है, इसका नाम वरुथिनी एकादशी है। एकादशी पर बाल गोपाल का पंचामृत से अभिषेक करें। पंचामृत के बाद शुद्ध जल से स्नान कराएं। हार-फूल और नए वस्त्रों से श्रृंगार करें। माखन-मिश्री का भोग तुलसी के साथ लगाएं। कृं कृष्णाय नम: मंत्र का जप करें। इस एकादशी के लिए कहा जाता है कि जो लोग ये व्रत करते हैं, उन्हें वही पुण्य मिलता है जो सूर्य ग्रहण के समय किए गए दान-पुण्य से मिलता है।

वरुथिनी एकादशी के शुभ फल से जाने-अनजाने में किए गए पाप कर्मों का असर खत्म होता है, भगवान विष्णु की कृपा से भक्तों की मनोकामनाएं पूरी होती हैं और कार्यों में आ रही बाधाएं दूर होती हैं। वैसे तो रोज सुबह सूर्य को जल चढ़ाना चाहिए, लेकिन जो लोग रोज अर्घ्य नहीं दे पाते हैं, उन्हें एकादशी पर जल्दी उठकर स्नान के बाद सूर्य को जल जरूर चढ़ाना चाहिए। इसके लिए तांबे के लोटे का इस्तेमाल करें। ऊँ सूर्याय नम: मंत्र का जप करें। एकादशी पर सुबह तुलसी को जल जरूर चढ़ाएं। शाम को तुलसी के पास दीपक जलाना चाहिए और परिक्रमा करनी चाहिए। तुलसी को विष्णु प्रिया कहा जाता है, इस वजह से विष्णु की तिथि पर तुलसी की विशेष पूजा करने की परंपरा है।

## धीरेंद्र शास्त्री पर शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरानंद का तंज



**जबलपुर, देशबन्धु।** ज्योतिष पीठ के शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद ने बागेश्वर धाम प्रमुख पंडित धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री पर तीखा तंज कसते हुए कहा कि जो व्यक्ति कभी हिंदू राष्ट्र की बात करता था, वह अब केवल हिंदू गांव बनाने में लग गया है। उन्होंने कटाक्ष करते हुए कहा- हाथी बनाना था, अब चूहा बना रहे हैं। एक दिवसीय दौरे पर जबलपुर पहुंचे शंकराचार्य ने मीडिया से बातचीत में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से शास्त्री की हालिया मुलाकात पर भी सवाल खड़े किए। उन्होंने कहा, आखिर ऐसा क्या हुआ कि पीएम से मिलने के बाद हिंदू राष्ट्र की बात छूट गई और हिंदू गांव की बातें शुरू हो गई? शंकराचार्य ने कहा कि पहले जहां हिंदू राष्ट्र की स्थापना का संकल्प लिया गया था, वहीं अब हिंदू गांव की बातें हो रही हैं। उन्होंने पूछा कि क्या प्रधानमंत्री से मुलाकात के बाद धीरेंद्र शास्त्री का दृष्टिकोण बदला? या इसके पीछे कोई और कारण है? शंकराचार्य ने जम्मू-कश्मीर में गोहत्या कानून में बदलाव पर भी बीजेपी को घेरा। उन्होंने कहा, जहां पहले गोहत्या पर 10 साल की सजा थी, वहां अब कानून ही खत्म कर दिया गया। उन्होंने सवाल किया कि जब खुद भाजपा सरकार गोहत्या रोकने में विफल है, तो फिर गोरक्षा की उम्मीद उनसे कैसे की जाए?

## समाज की मंशानुरूप होगा कीर्ति स्तंभ का निर्माण-डॉ अभिलाष

**जबलपुर।** जबलपुर उत्तर मध्य विधानसभा के विधायक डॉ अभिलाष पाण्डेय ने जबलपुर जैन समाज के प्रतिनिधियों के साथ कलेक्टर जबलपुर से मिलकर उत्तर विधानसभा में बनने वाले कीर्ति स्तंभ के संबंध में चर्चा की एवं कीर्ति स्तंभ को बनाने के लिए आवश्यक कार्यवाही करने के संबंध में बात की।चूंकि इसके पहले भी सिविक सेंटर जबलपुर में कीर्ति स्तंभ था जो कि पूर्व विधायक के कार्यकाल में तोड़ दिया गया था अत: उसे पुन: व्यवस्थित रूप में बनाने के लिए समाज के साथ विधायक डॉ अभिलाष पांडे कलेक्टर दीपक सक्सेना से मिलने पहुंचे।



डॉ अभिलाष पांडे ने कहा कि परम पूज्य आचार्य श्री विद्यासागर जी के आशीर्वाद से हम सब की इच्छा है कि सभी के साथ मिलकर और सामाजिक बंधुओं की मंशानुरूप एक सुन्दर और व्यवस्थित कीर्ति स्तंभ का निर्माण हो इसके लिए हमने जबलपुर कलेक्टर से चर्चा की है एवं उन्हें समाज की भावना से अवगत करवाते हुए बताया है कि दीनदयाल के सामने पार्क में कीर्ति स्तंभ का निर्माण करवाया जाय जिसमें हमारे जैन समाज के सभी प्रतिनिधियों की भी सहमति है। विधायक डॉ पाण्डेय ने ये भी बताया कि उत्तर मध्य विधानसभा में हम (शिक्षा, स्वास्थ्य, सुरक्षा, सेवा और संस्कार) पर कार्य कर रहे है जिसमें की संस्कारों को आगे बढ़ाने के लिए भी कीर्ति स्तंभ के माध्यम से प्रयास किया जा रहा है। आगे भी हम इसके लिए और जो बन सकेगा अच्छे से अच्छा कार्य करने का प्रयास करेंगे। जैन समाज के अध्यक्ष श्री कैलाश चंद्र जैन ने कहा कि कीर्ति स्तंभ के निर्माण हेतु आज हम सभी ने विधायक डॉ अभिलाष पाण्डेय के साथ पहुंचकर निर्माण संबंधी चर्चा की एवं इसके सम्बद्ध में अपनी मंशा से प्रशासन को अवगत करवाया।

## विश्व पृथ्वी दिवस पर नर्मदा कॉलेज ऑफ़ एक्सीलेंस में एक दिवसीय कार्यशाला संपन्न




**जबलपुर, देशबन्धु।** 22 अप्रैल विश्व पृथ्वी दिवस के अवसर पर नर्मदा कॉलेज आफ एक्सीलेंस में एक दिवसीय कार्यशाला पृथ्वी संरक्षण विषय पर सम्पन्न हुआ। जिसमें नर्मदा कॉलेज आफ एक्सीलेंस के संचालक नवनीत महेश्वरीकी अध्यक्षता में विश्व पृथ्वी दिवस के अवसर पर महाविद्यालय के प्राध्यापक एवं विद्यार्थियो की उपस्थिति रही जिसमें विद्यार्थी ने पोस्टर बना कर पृथ्वी संरक्षण का संदेश दिया। साथ ही इस विषय पर-अपने अपने विचार प्रस्तुत किया साथ ही नर्मदा कॉलेज आफ एक्सीलेंस के संचालक नवनीत महेश्वरी विद्यार्थियों को पृथ्वी संरक्षण और इसकी आवश्यकता संरक्षण कैसे करें इसका सैद्धांतिक एवं प्रयोगिक वर्णन अपने उद्बोधन में प्रस्तुत किया। इस थीम का मुख्य उद्देश्य अक्षय ऊर्जा स्त्रोतों का ज्यादा से ज्यादा उपयोग करना और 2030 तक दुनिया में अक्षय ऊर्जा को तीन गुना करने का लक्ष्य है। अपने विषय में सभी को बताया विद्यार्थियों को पृथ्वी संरक्षण की शपथ सहायक प्राध्यापक डॉ. वर्षा तिवारी ने दिलायी एवं विभागाध्यक्ष योगेश सराफ द्वारा सभी अध्यापकों को उनके सहयोग के लिए एवं विद्यार्थियों को प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए धन्यवाद ज्ञापित करते हुए आभार प्रदर्शन किया गया। कार्यक्रम में सहायक प्राध्यापक विधि विभाग श्रीमती आरती शर्मा, श्रीमती संध्या श्रीवास्तव, श्रीमती रेणुका पाठक, अनुराधा विश्वकर्मा, शिवांगनी ठाकुर, अजय मिश्रा, शैलेन्द्र परोहा, सहित महाविद्यालय के सभी सदस्य एवं छात्र छात्राएं उपस्थित रहे।

## दैनिक राशिफल

**बुधवार 23 अप्रैल 2025 का पंचांग विक्रम संवत् 2082, शक संवत 1946 हिजरी 1445। वैशाख कृष्ण पक्ष की दशमी, नक्षत्र- घनिष्ठा।**

**मेष**
आपको उग्र स्वभाव पर संयम रखने की सलाह दी जाती है। आज आप मानसिकरूप से थकान का अनुभव करेंगे।

**वृषभ**
आज आप किसी भी कार्य को दृढ़ मनोबल और आत्मविश्वास के साथ करेंगे। उसमें सफलता भी प्राप्त भी करेंगे। पिता की ओर से आपको लाभ हो सकता है।

**मिथुन**
दिन की शुरुआत से ताजगी और स्फूर्ति का अनुभव करेंगे। भाग्यवृद्धि के अवसर आएंगे। तेजी से बदलते हुए विचार आपको उलझपूर्ण स्थिति में रखेंगे।

**कर्क** `क-
आज मन में थोड़ी हताशा रह सकती है। परिवार में सदस्यों के साथ गलतफहमी या मनमुटाव होगा। इगो से किसी की भावनाओं को चोट पहुंचेगी।

**सिंह**
आत्मविश्वास तथा त्वरित निर्णय लेकर काम में आगे बढ़ सकेंगे। सामाजिक मान-प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी।

**कन्या**
शारीरिक और मानसिक चिंता में रहेंगे। इगो के कारण किसी के साथ झगड़ा हो सकता है। आकस्मिक धन खर्च होगा।

**तुला**
गृहस्थ जीवन में सुख और आनंद की प्राप्ति होगी। आय वृद्धि का योग है। ऑफिस, व्यवसाय के क्षेत्र में अनुकूल वातावरण रहेगा।

**वृश्चिक**
आपके सभी काम सरलता से पूरे होंगे। गृहस्थजीवन में आनंद और संतोष का अनुभव होगा। स्वास्थ्य अच्छा रहेगा। समाज में मान-सम्मान मिलेगा।

**धनु**
आज कोई भी खतरनाक कदम आपको कठिनाई में डाल सकता है। किसी भी काम को करने में उमंग-उत्साह का अभाव रहेगा। शारीरिक तथा मानसिक रूप से चिंता में रहेंगे।

**मकर**
आज आपके लिए नकारात्मक विचारों से दूर रहने और खान-पान पर ध्यान देने की जरूरत है। अचानक धन खर्च होगा।

**कुंभ**
प्रेम, रोमांस, यात्रा, पर्यटन और मनोरंजन आपके आज के दिन का एक हिस्सा बनकर रहेंगे।

**मीन**
दैनिक कार्य निर्विघ्न पूरे होंगे। घर में सुख-शांति का वातावरण रहेगा। स्वभाव में उग्रता रहेगी। वाणी और व्यवहार में संभलकर काम करें।

म.

1,5,7,8,10,52,74,85,58,07,70,11

## भारतीय बाल्मीकि जन विकास संघ द्वारा कलेक्टर का ज्ञापन

**जबलपुर, देशबन्धु।** भारतीय बाल्मीकि जन विकास संघ ने जारी विज्ञप्ति में बताया कि बाल्मीकि समाज (अनुसूचित जाति) पर संपूर्ण भारत में बाल्मीकि समाज (अनुसूचित जाति) पर हो रहे अन्याय, अत्याचार के मामले आये दिन हो रहे हैं। कहीं न कहीं जातिगत भेदभाव के विषय में चाहे वह उत्तरप्रदेश, मध्यप्रदेश एवं महाराष्ट्र में घटनाऐं घटित हो चुकी है इसलिए हमारा संगठन कानून व्यवस्था से हमारे विश्वास उठते जा रहे है। किसी भी कार्यवाही में सुनवाई नहीं हो रही बाल्मीकि समाज (अनुसूचित जाति) में डर, भय का माहौल बनाया जा रहा है। जो असवैधानिक है संविधान में इसे समानता का अधिकार दिया जाना न्यायसंगत होगा। भारतीय बाल्मीकि जन विकास संघ के पुरुषोत्तम बाल्मीकि जिलाध्यक्ष ने शासन प्रशासन को कड़े कदम उठाये जाने हेतु अनुरोध किया गया है। कि जातिगत भेदभाव रवैया न अपनाया जाये अन्यथा भारतीय बाल्मीकि जन विकास संघ आंदोलन करने हेतु बाध्य रहेगा। इस अवसर पर सचिन महरोलिया, रविकांत बाल्मीकि, सौरभ चौहान, चिन्टू डागौर, जितेन्द्र गुहेरा, अनवेश बाल्मीकि, अखिलेश करोसिया, प्रभात चौहान, शेखर महरोलिया आदि ज्ञापन के माध्यम से संयुक्त कलेक्टर महोदय को अनुरोध पत्र सौंपा गया ।

## खरपतवार अनुसंधान निदेशालय में 37वें स्थापना दिवस का आयोजन

**जबलपुर,देशबन्धु।** भा.कृ. अनु.प. खरपतवार अनुसंधान निदेशालय, जबलपुर ने अपने 37वें स्थापना दिवस का भव्य आयोजन किया। कार्यक्रम की शुरुआत परिषद की महिमा गीत से हुई, जिसके पश्चात निदेशालय के निदेशक डॉ. जे.एस. मिश्र द्वारा सभी अतिथियों का स्वागत किया गया। उन्होंने खरपतवार विज्ञान के क्षेत्र में निदेशालय की प्रमुख उपलब्धियों पर विस्तारपूर्वक प्रकाश डाला । इस अवसर के मुख्य अतिथि, डॉ. ए.के. नायक, उप महानिदेशक (प्राकृतिक संसाधन प्रबंधन), भा.कृ.अनु.प., नई दिल्ली ने ऑनलाइन माध्यम से कार्यक्रम में सहभागिता की। अपने संबोधन में उन्होंने शाकनाशी प्रतिरोधी फसलों में खरपतवार प्रबंधन प्रथाओं के विकास पर जोर दिया और बदलते जलवायु परिदृश्य में शाकनाशी प्रतिरोधी खरपतवारों की समस्या को संबोधित करने की आवश्यकता पर बल दिया। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि के रूप में डॉ. पी. के. मिश्रा, कुलपति, जवाहरलाल नेहरू कृषि विश्वविद्यालय, जबलपुर; डॉ. मंदीप शर्मा, कुलपति, नानाजी देशमुख पशु

चिकित्सा विज्ञान विश्वविद्यालय, जबलपुर; डॉ. ए. वेलमुरुगन, सहायक महानिदेशक (मृदा एवं जल प्रबंधन), भा.कृ.अनु.प.; डॉ. एस.आर.के. सिंह, निदेशक, भा.कृ.अनु.प.-अटारी, जबलपुर तथा डॉ. ए.के. विश्वकर्मा, परियोजना समन्वयक, एआईसीआरपी तिल एवं रामतिल शामिल थे।

## भीषण गर्मी को देखते हुए स्कूलों में अवकाश की मांग

**जबलपुर।** मध्य प्रदेश जागरूक अधिकारी कर्मचारी संगठन के प्रदेश अध्यक्ष रॉबर्ट मार्टिन ने एक विज्ञप्ति में बताया की भीषण गर्मी अपनी चरम सीमा पर है ऐसे में सभी शासकीय और अशासकीय विद्यालयों में अध्यनरत नन्हे मुन्नो के लिए स्कूल में बैठना दूभर हो गया है। ऐसे में यदि बच्चे स्कूल आते है तो बच्चों के बीमार हो रहे हैं। अत: स्कूल में अवकाश दिया जाये।

## मूक जानवरों पर अत्याचार रोकने कलेक्टर को ज्ञापन



**जबलपुर, देशबन्धु।** एनिमल एक्टिविस्ट के द्वारा कलेक्टर कार्यालय में कलेक्टर महोदय को नगर निगम द्वारा संचालित एबीसी प्रोग्राम को संचालित करने हेतु कठोन्दा ग्रीनसिटी में बनाये गए डॉग हाउस में स्ट्रीट डॉग्स के साथ हो रहे अन्याय और अत्याचार से अवगत कराने हेतु ज्ञापन सौपा गया जिसमे स्ट्रीट एनिमल लवर ग्रुप की अध्यक्ष स्नेहा ज्योति सिंह,अमित साहू, मानसी नामदेव, नूतन विश्वकर्मा, लक्ष्मी नामदेव अजीत सिंह आनंद,संतोष जैन, पूजा सिंह,सुरेश पेशवानी आदि एनिमल एक्टिविस्ट उपस्थित रहे।

## पेंशनर्स एसोसिएशन ने सौंपा ज्ञापन

**जबलपुर,देशबन्धु।** प्रमुख पेंशनर्स एसोसिएशन के तत्वाधान में आज जबलपुर जिले के पेंशनल पदाधिकारियों ने संभागीय आयुक्त कार्यालय के समक्ष उपस्थित होकर अपनी चार सूत्रीय लंबित मांगों के संबंध में प्रदर्शन करते हुए मांग पत्र संभागीय उपायुक्त माननीय श्रीमती बाटला जी को सौंपकर बताया है कि म.प्र. के पेंशनर्स की लंबित मांगो के संबंध में निरंतर आंदोलन किए जाने के पश्चात् भी राज्य शासन के द्वारा कोई भी निर्णय नहीं लिया जा रहा है जिससे पेंशनर्स में गंभीर आक्रोश व्याप्त है। म.प्र., छ.ग. राज्य पुर्नगठन अधिनियम 2000 की धारा 49 (6) को पेंशनर्स हित में विलोपित की जाये। या उसका अधिनियम में दी गई व्यवस्था अनुकूल सरलीकरण किया जाये। केन्द्र के सामान राज्य के पेंशनर्स को भी देय तिथि से मंहगाई राहत भुगतान किया जाये जिसमें जुलाई 2024 से 3 प्रतिशत तथा जनवरी 2025 से 2 प्रतिशत के आदेश जारी हों। जिला शाखा अध्यक्ष एच.पी. उरमलिया, शेषमणी पाण्डेय, एम.एल. चौकत्ते, सी.एल. दोहरे, आर. के. श्रीवास्तव, डॉ. बी.पी. अवस् एस.के. श्रीवास्तव, डॉ एस पी सिंह श्रवण कुमार श्रोती, आर आर तिवारी, एस.पी शुक्ला, ए.के. शुक्ला, आर.एस. सक्सेना, दिनेश चौधरी, भागीरथ प्रसाद शर्मा, उमेड हंस, डॉ प्रवीण कुमार राव, आदि अनेकों पदाधिकारी उपस्थित रहे। उपायुक्त ने प्रतिनिधि मंडल को आश्वस्त किया है कि दोनों राज्य सरकारों के मुख्य सचिव को मांग पत्र यथाशीघ्र कमिश्नर के माध्यम से भेज दिया जावे।

## निधन

**ईश्वर अल्लाह तेरो नाम सबको सद्गति दे भगवान**

**श्रीमती रजिन्दर कौर सलूजा**- आदर्श नगर नर्मदा रोड निवासी श्रीमती रजिन्दर कौर सलूजा (98) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गुप्तेश्वर मोक्षधाम में किया गया।

**श्रीमती कीर्ति दुआ**- आदर्श नगर नर्मदा रोड निवासी श्री अशोक दुआ की धर्मपत्नी श्रीमती कीर्ति दुआ (75) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गुप्तेश्वर मोक्षधाम में किया गया।

**श्रीमती कीर्ति किशोर जोशी**- गोल बाजार निवासी श्री किशोर जोशी की धर्मपत्नी श्रीमती कीर्ति किशोर जोशी (70) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री विष्णु प्रसाद अहिरवार**- बादशाह हलवाई मंदिर मोड पोलीपाथर निवासी श्री विष्णु प्रसाद अहिरवार (85) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में किया गया।

**श्री पुरुषोत्तम दास अग्रवाल**- मिलोनीगंज निवासी श्री पुरुषोत्तम दास अग्रवाल (69) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करिया पाथर शमशान भूमि में किया गया।

**श्री पप्पू रैकवार**- भूकंप कॉलोनी परसवाड़ा निवासी श्री संतलाल रैकवार के पुत्र श्री पप्पू रैकवार (47) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में किया गया ।

**श्री अमरदीप सोंधिया**- आचार्य विनोबा भावे वार्ड निवासी श्री अशोक सोंधिया के पुत्र अमरदीप सोंधिया (39) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर शमशान भूमि में किया गया।

**श्रीमती ज्योति उपाध्याय**- इंदिरा नगर रामपुर निवासी श्री प्रकाश उपाध्याय की धर्मपत्नी श्रीमती ज्योति उपाध्याय (56) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

श्री जमुना प्रसाद कोरी- बाबा टोला जानकी दास मंदिर के पास निवासी श्री जमुना प्रसाद कोरी (85) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर शमशान भूमि में किया गया।

**श्रीमती सुनीता चौधरी**- अंबेडकर नगर गली नंबर 5 पोलीपाथर निवासी श्री देव शंकर चौधरी की धर्मपत्नी श्रीमती सुनीता चौधरी (48) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री बाबू यादव**- साठिया कुआं निवासी श्री बाबू यादव (63) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करिया पाथर शमशान भूमि में किया गया।

# कार पलटने, बाईक भिडंत में दो की मौत

## मैहर दर्शन कर छिंदवाड़ा लौट रहे थे कार सवार, बरगी के रैपुरा में हुआ हादसा

**जबलपुर,देशबन्धु।** बरगी थाना क्षेत्र अंतर्गत सुकरी रैपुरा के पास मंगलवार सुबह लगभग 11:30 बजे एक अर्टिगा कार अनियंत्रित होकर सड़क हादसे का शिकार हो गई। हादसे में जहां कार सवार एक महिला की मौत हो गई, वहीं तीन अन्य लोग घायल हो गए। बताया जा रहा है कि कार सवार मैहर दर्शन कर गृह जिला छिंदवाड़ा लौट रहे थे।

पुलिस ने मृतिका के शव को पीएम के लिए भिजवाते हुए घायलो को उपचार के लिए भर्ती कराया गया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

थाना प्रभारी बरगी कमलेश चौरिया ने जानकारी देते हुए बताया कि छिंदवाड़ा जिले में रहने वाला परिवार मैहर शारदा माता मंदिर दर्शन के लिए गया हुआ था। वापस लौटते वक्त सुबह सुकरी रैपुरा के पास उनकी अर्टिगा कार अनियंत्रित हो गई



और हादसे का शिकायत हो गई। घटना में गंभीर चोटे आने के कारण कार सवार सुनीता बाई की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं राजेश्वर, जयश्री एवं सुषमा घायल हो गए, जिन्हें तत्काल उपचार के लिए भर्ती कराया गया।

### नाले किनारे मिला था शव

पाटन-शहपुरा रोड पर किसी अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत हो गयी। युवक का शव रक्त रंजित अवस्था में नाले किनारे पडा हुआ था। इसके अलावा समीप ही उसकी क्षतिग्रस्त मोटर साइकिल भी पडी हुई थी। पुलिस ने पंचनामा कार्यवाही के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया। पाटन पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम कोटवार बाल किषन मेहरा ने सूचना दी थी कि नीतेश सिंह ठाकुर के खेत के समीप स्थित नाले के पास एक अज्ञात युवक का रक्तरंजित शव पडा हुआ है। समीप ही उसकी क्षतिग्रस्त वाइक भी पडी हुई है। संभवत अज्ञात वाहन की टक्कर से युवक की मौत हुई है। पुलिस ने आवश्यक कार्यवाही करते हुए मृतक की शिनाख्त के प्रयास प्रारंभ किये। मृतक की षिनाख्ती पाटन पेमाखेड़ा निवासी 23 वर्षीय युवक राकेश मेहरा पिता सेवाराम मेहरा के रूप में हुई। पुलिस ने मर्ग कायम कर प्रकरण को विवेचना में लिया है।

# महिलाओं से चैन लूटने वाला लुटेरा गिरफ्तार

## चोरी की बाइक से दिया था वारदात को अंजाम

**जबलपुर,देशबन्धु।** संजीवनी नगर थाना क्षेत्र के धनवंतरी नगर में सुबह की सैर पर निकली दो महिलाओं से सोने की चेन लूटने वाले शातिर लुटेरे को क्राइम ब्रांच और थाना पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी ने चोरी की बाइक से अपने साथी के साथ मिलकर वारदात को अंजाम दिया था। हालांकि उसका एक साथी अभी भी फरार है, जिसकी तलाश में पुलिस संभावित ठिकानों पर दबिश दे रही है। जानकारी अनुसार द्वारका परिसर संजीवनी नगर निवासी प्रोफेसर रुचि पटेल और धनवंतरी नगर जैन मंदिर के पास रहने वाली दीक्षा चढ़ार से लुटेरों ने कुछ ही मिनट के अंतराल में सोने की चैन छीन ली थी। दोनों ने थाने पहुंचकर एफआईआर दर्ज कराई, जिससे पुलिस को अंदेशा हुआ कि लूट की दोनों वारदातें एक ही गिरोह द्वारा की गई हैं।

क्राइम ब्रांच और थाना पुलिस ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए कृषि उपज मंडी के पास रहने वाले साहिल बेन को हिरासत में लिया। पूछताछ में उसने अपने साथी कृष जाटव के साथ लूट को अंजाम देने की बात कबूल की। पुलिस ने आरोपी के पास से एक सोने की चेन और लूट में प्रयुक्त बाइक जब्त कर ली है। फरार साथी कृष जाटव की तलाश जारी है। आरोपी साहिल ने पूछताछ में बताया कि लूट की योजना बनाने के बाद उन्होंने कोतवाली क्षेत्र की संगम कॉलोनी से बाइक चोरी की और उसी से वारदात को अंजाम दिया। पुलिस चोरी व लूट की घटनाओं की जानकारी जुटा रही है।



# जनसुनवाई में पुलिस अधीक्षक के पास पहुंची 48 शिकायत

**जबलपुर,देशबन्धु।** पुलिस अधीक्षक कार्यालय में जनसुनवाई के दौरान पति-पत्नी व परिवारिक एवं जमीन सम्बंधी विवाद, मारपीट तथा साइबर अपराध से संबंधित 48 शिकायतें पहुँची। आम जनता की शिकायतों एवं समस्याओं के त्वरित निराकरण हेतु आज पुलिस अधीक्षक सम्पत उपाध्याय सम्बंधित थाना प्रभारियों व राजपत्रित अधिकारियों को निर्देशित किया गया। जनसुनवाई के दौरान उप पुलिस अधीक्षक ग्रामीण श्रीमती आकांक्षा उपाध्याय,उप पुलिस अधीक्षक मुख्यालय बी एस गोठरिया उपस्थित रहे। पुलिस अधीक्षक सम्पत उपाध्याय के निर्देश पर समस्त राजपत्रित अधिकारी कार्यालय, शहर एंव देहात के थाना एवं चौकी में जनसुनवाई करते हुये शिकायतकर्ताओं की शिकायतें सुनी गयी।

# दस जुआड़ी पकड़ाए, 23 हजार की नगदी जप्त

## क्राईम ब्रांच व रांझी पुलिस की संयुक्त कार्यवाही

**जबलपुर,देशबन्धु।** क्राईम ब्रांच की टीम ने रांझी पुलिस के साथ संयुक्त कार्यवाही करते हुए दो जुआं फड़ों पर दबिश दी। जहां से पुलिस ने दस जुआडियों को इक्का-बली पर दांव लगाते हुए दबोचा है। जिनके पास से पुलिस ने ताश के 52 पत्तें व 23 हजार 50 रुपये की नगदी जप्त की है।

पुलिस ने बताया कि क्राईम ब्रांच के साथ मिलकर मुखबिर की सूचना पर मोनू सोनकर के बाड़ा के पास विश्वकर्मा मोहल्ला मानेगांव में दबिश दी गई। जहां बिजली के खम्बे के नीचे कुछ लोग ताश पत्तों पर हार जीत का दांव लगाते हुए मिले। पुलिस ने मौके से अनूप सोनकर निवासी खटीक मोहल्ला घमापुर चौक थाना बेलबाग, राहुल रजक निवासी शिवशक्ति नगर दीनदयाल बस स्टेण्ड के पास माढोताल, शैंकी रैकवार निवासी छोटी खेरमाई घमापुर, गोलू उर्फ कुनाल निवासी दुर्गा मंदिर के पास बड़ा पत्थर रांझी को हिरासत में लिया।

जिनके पास से पुलिस ने ताश के 52 पत्तें व बीस हजार 450 रुपये की नगदी जप्त की। वहीं दूसरी कार्यवाही मई कोलान मोहल्ले में की गई। जहां से पुलिस ने सौरभ कोल उर्फ टक्कू, अजय कोल, देवकुमार कोल, मोहन रैकवार चारों निवासी मई कोलान मोहल्ला, शुभम केवट निवासी मई मस्जिद के पीछे रांझी व कुलदीप प्रसाद धानुक निवासी सिद्धी विनायक कालोनी रांझी को हिरासत में लिया। जिनके पास से ताश के पत्तें व 26 सौ रुपये की नगदी जप्त की गई। पुलिस ने सभी जुआडियों के खिलाफ जुआं एक्ट के तहत कार्यवाही की।

# विद्युत विभाग के कनिष्ठ अभियंता के सूने घर का ताला टूटा

## माढ़ोताल करमेता में वारदात

**जबलपुर,देशबन्धु।** माढ़ोताल थानातंर्गत करमेता निवासी विद्युत विभाग के कनिष्ठ अभियंता रंजन कुमार पांडे के सूने घर का ताला तोड़कर अज्ञात चोर कीमती जेवर व नगदी चुरा ले गये। जिस वक्त वारदात हुई, उस वक्त पीड़ित परिवार पटना बिहार गया हुआ था। जिन्होंने अपने मोबाईल पर आनलाईन सीसीटीव्ही कैमरे चौक किये तो उन्हें चोरी का पता चला। जिसके बाद उन्होंने पडोसी से चौक कराया और मामले की शिकायत पुलिस में दर्ज करायी।

पुलिस ने बताया कि रंजन कुमार पांडे विद्युत विभाग में कनिष्ठ अभियंता के पद पर शहपुरा भिटौनी में कार्यरत् है। विगत नौ अप्रैल की सुबह वह परिवार सहित बख्तियारपुर जिला पटना बिहार गये हुए थे। 17 अप्रैल की सुबह उन्होंने अपने जबलपुर करमेता स्थित घर में लगे सीसीटीव्ही कैमरों को ऑनलाईन चौक किया तो पूरा सामान अस्त व्यस्त पड़ा नज़र आया। जिसके बाद उन्होंने पड़ोसी पवन यादव को फोन कर अपना घर चौक करने के लिये कहा तो पवन यादव ने घर चौक कर बताया कि कोई अज्ञात चोर घर के मेन गेट का कुन्दा तोड़कर घर के अंदर लगी आलमारी खोलकर लॉकर तोड़कर आलमारी में रखे जेवर चोरी कर ले गया है। पीड़ित ने पुलिस को बताया कि उसके घर की आलमारी में रखे सोने चांदी के जेवर जिसमें सोने की 1 बेंदी, 1 नथ चौन लगी हुयी, एक जोड़ी बाली, एक जोड़ी मुई धागा , 4 नग लौंग, 2 लाकेट, चांदी की 6 जोड़ी पायल, 8 सिक्के तथा नगदी 8 हजार रुपये नहीं थे। कोई अज्ञात चोर दरवाजे का कुंदा तो?कर घर में घुसकर सोने चांदी के जेवर तथा नगदी चोरी कर ले गया है। शिकायत पर पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर मामले को विवेचना में लिया है।

# शराब दुकान के सेल्समेन से रुपयों की मांग कर मारपीट

## अधारताल संजय नगर में वारदात

**जबलपुर,देशबन्धु।** अधारताल थानातंर्गत संजय नगर शराब दुकान के सेल्समेन के साथ एक असमाजिक तत्व ने रुपयों की मांग कर मारपीट कर दी। जब पीड़ित दुकान पहुंचा तो दो अन्य बदमाश पहुंचे, जिन्होंने दुकान पर पत्थरों से हमला कर दिया। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर मामले को जांच में लिया है।

पुलिस ने बताया कि झारखंड के गोपालगंज निवासी उमाशंकर गुप्ता संजय नगर शराब दुकान में सेल्समेन का काम करता है। बीती शाम सात बजे के करीब वह दुकान के आगे पान दुकान के पास खड़ा था। उसी समय एक युवक पहुंचा और उमाशंकर के साथ गालीगलौज करते हुए शराब पीने के लिये एक हजार रुपये मांगने लगा। उमाशंकर ने रुपये देने से मना किया तो आरोपी ने मारपीट कर चोट पहुंचा दी और भाग निकला। जिसके बाद उमाशंकर अपनी शराब दुकान पहुंच गया, जिसके कुछ देरबाद सोनू चूहा अपने साथी के साथ आया और पत्थर उठाकर दुकान में मारे तथा जान से मारने की धमकी देत हुये भाग गये। शिकायत पर पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर आरोपी राज बर्मन उम्र 20 वर्ष निवासी फेस 1 तिलहरी को अभिरक्षा में लेते हुये प्रकरण को विवेचना में लिया है।

# ग्रिल तोड़कर आफिस में घुसे चोर चुरा ले गये चांदी की मूर्तियां

**जबलपुर,देशबन्धु।** भेड़ाघाट पुलिस ने बताया कि नेपियर टाउन निवासी राजकुमार जैन का तेवर में ट्रक डीलरशिप का आफिस है। बीते उनके कर्मी चंदन तिवारी ने बताया कि ऑफिस अंदर से लॉक है। जब श्री जैन ने जाकर देख तो आफिस का पूरा सामान अस्त व्यस्त था। आफिस के पीछे के रास्ते की ग्रिल तो?कर अज्ञात चोर उनके केबिन में रखी चांदी की चार मूर्तियां, एक कलश, एक लोटा कीमती सामान चुरा ले गया। शिकायत पर पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर मामले को विवेचना में लिया है।

# मण्डला को हराकर जबलपुर फाइनल में

**जबलपुर,देशबन्धु।** मध्य प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन द्वारा जबलपुर संभाग की क्रिकेट संचालन हेतु गठित समिति के तत्वावधान में एमपीसीए के नीमखेड़ा मैदान पर खेली जा रही अंडर 22 वनडे क्रिकेट प्रतियोगिता में आज जबलपुर ने मंडला को 119 रनों से हराकर फाइनल में प्रवेश किया। टॉस जीत कर पहले बल्लेबाजी करते हुए जबलपुर ने 39 ओवर में अपने सभी विकेट खोकर 219 रनों का स्कोर खड़ा किया। इसमें ऑलराउंडर आदित्य मिश्रा के60 अंबर शर्मा के 42 आर्य दुबे के 32 तथा अथर्व यादव के 19 रन शामिल है। मंडला की ओर से युवा मध्यम तेज गति के गेंदबाज देवराज यादव ने शानदार गेंदबाजी की एवं चार विकेट हासिल किए । पारस जैन एवं प्रखर पांडे ने दो-दो विकेट लिए। जवाबी पारी खेलने उतरी मंडला की पूरी टीम 20 ओवर में 100 रन बनाकर आउट हो गई। मंडला के प्रखर पांडे 32 युवराज यादव 18 एवं देवराज यादव ने 12 रन का योगदान दिया शेष कोई बल्लेबाज और उल्लेखनीय प्रदर्शन नहीं कर सका। जबलपुर के अथर्व यादव ने शानदार गेंदबाजी की और पांच विकेट प्राप्त किये। मयंकेश ने तीन विकेट लिए। अथर्व यादव प्लेयर ऑफ द मैच रहे। कल पूल बी के अंतर्गत कटनी एवं बालाघाट के बीच प्रात: 7:30 बजे से मैच खेला जाएगा।



# नियम विरुद्ध तरीके से गैर वनवासियों को समिति में किया शामिल

## बुरहानपुर कलेक्टर व आदिवासी कल्याण विभाग सहित अन्य को नोटिस

**जबलपुर,देशबन्धु।** वनवासियों के उत्थान के लिये गठित होने वाली जिला स्तरीय कमेटी में नियम विरुद्ध तरीके से गैर वनवासियों को शामिल कर मनमाने तरीके से पट्टे आवंटन का आरोप लगाते हुए मामले को हाईकोर्ट में चुनौती दी गई है। चीफ जस्टिस सुरेश कुमार कैत व जस्टिस विवेक जैन की युगलपीठ ने मामले में आदिवासी कल्याण विभाग, बुरहानपुर कलेक्टर सहित अन्य को नोटिस जारी कर जवाब पेश करने के निर्देश दिये है। युगलपीठ ने मामले की अगली सुनवाई छह सप्ताह बाद निर्धारित की है।

यह जनहित याचिका बुरहानपुर निवासी जितेन्द्र रावतोले की तरफ से दायर याचिका में कहा गया था कि नेशनल कमीशन फॉर एसटी द्वारा वन भूमि में निवास करने वाले वन वासियों के उत्थान के लिये हर जिले में जिला स्तरीय कमेटी गठित की गई है, जो कि उन्हें समय-समय पर रहने के लिये पट्टों का आवंटन व उनके विकास के कार्य करती है। आवेदक का कहना है कि इसके लिये बकायदा वर्ष 2008 में नोटिफिकेशन जारी किया गया था। जिसके तहत जिला स्तरीय कमेटी में जिला कलेक्टर, वन अधिकारी व तीन पंचायत सदस्य होंगे, जिसमें एक पद महिला व दो पदों पर आदिवासी होंगे। आरोप है कि सितंबर 2024 में डायरेक्टर नेशनल कमीशन फॉर एसटी ने मनमाने तरीके से जिला स्तरीय कमेटी गठित कर दी। जिसमें कलेक्टर, वन अधिकारी को तो शामिल किया गया, लेकिन पंचायत के तीन सदस्यों में अन्य जाति के लोगों को शामिल कर दिया गया, उसमें आदिवासियों को शामिल नहीं किया गया, इतना ही नहीं एक भी महिला सदस्य भी नहीं है। जिसे चुनौती देते हुए हाईकोर्ट की शरण ली गई है। मामले में राहत चाही गई है कि उक्त कमेटी को भंग कर नियमानुसार कमेटी का गठन किया जाये। मामले की प्रारंभिक सुनवाई पश्चात् न्यायालय ने अनावेदकों को नोटिस जारी कर जवाब पेश करने के निर्देश दिये है।




एवं नागरिक आपूर्ति विभाग, सिवनी कलेक्टर और जिला आपूर्ति अधिकारी को पक्षकार बनाया गया है। हाईकोर्ट ने प्रारंभिक सुनवाई के बाद अहम अंतरिम आदेश पारित करते हुए अनावेदकों से जवाब तलब किया है।

# ब्लैक लिस्टेड समितियों को गेहूं खरीदी की जिम्मेदारी देने पर रोक

## हाईकोर्ट ने राज्य शासन सहित अन्य को नोटिस जारी कर मांगा जवाब

**जबलपुर,देशबन्धु।** मप्र हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस सुरेश कुमार कैत व जस्टिस विवेक जैन की युगलपीठ ने ब्लैक लिस्टेड समितियों को गेहूं खरीदी की जिम्मेदारी देने पर रोक लगा दी है। न्यायालय ने उक्त अंतरिम आदेश के साथ ही राज्य शासन सहित अन्य को नोटिस जारी कर जवाब पेश करने के निर्देश दिये है। युगलपीठ ने मामले की अगली सुनवाई छह सप्ताह बाद निर्धारित की है।

यह जनहित याचिका याचिकाकर्ता सिवनी अंतर्गत ग्राम बरेली पार निवासी अनीता उईके की ओर से दायर की गई थी। जिसमें कहा गया कि प्रतिवर्ष समर्थन मूल्य पर खरीदे जाने वाले गेहूं में होने वाले भ्रष्टाचार को रोकने के लिये राज्य सरकार ने कड़ा कदम उठाया था। इसके अंतर्गत उपार्जन नीति के तहत समर्थन मूल्य पर गेहूं की खरीदी करने की जिम्मेदारी महिला स्व-सहायता समूहों को सौंपी गई थी। इस वर्ष भी स्व-सहायता समूहों के जरिए भी समर्थन मूल्य पर गेहूं की खरीदी की जा रही है। न्यायालय को बताया गया कि इस वर्ष 20 ब्लैक लिस्टेड स्व-सहायता समितियों को गेहूं खरीदी की जिम्मेदारी सौंप दी गई है। याचिका में 25 मार्च 2025 को जारी आवंटन आदेश का हवाला दिया गया है। इस बारे में संबंधितों को शिकायतें देने के बाद भी कोई कार्रवाई न होने पर याचिका दायर की गई। याचिका में राज्य सरकार के खाद्य

# महाधिवक्ता के खिलाफ दायर याचिका ली गई वापस

## मनमानी फीस व नियुक्तियों संबंधी मामला

**जबलपुर,देशबन्धु।** मध्य प्रदेश के महाधिवक्ता प्रशांत सिंह पर नर्सिंग मामले की पैरवी के लिए अलग से फीस लेने व एजी आफिस में शासकीय अधिवक्ताओं की नियुक्ति में मनमानी सहित अन्य आरोपों संबंधी याचिका बुधवार को वापस ले ली गई। इसी के साथ प्रकरण का पटाक्षेप हो गया। इससे पूर्व भी इसी प्रकृति का एक आवेदन निरस्त कर दिया गया था।

सुनवाई के दौरान याचिकाकर्ता ओबीसी एडवाकेट्स वेलफेयर एसोसिएशन की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता रामेश्वर सिंह ठाकुर पक्ष रखने खड़े हुए। उन्होंने याचिका के समर्थन में विभिन्न तर्क प्रस्तुत किए। किंतु हाईकोर्ट ने तर्क दरकिनार कर स्पष्ट किया कि यह याचिका ठोस तथ्यों व दस्तावेजी आधारों के बिना दायर करने की त्रुटि की गई है। यही नहीं एक ही याचिका में विविध बिंदु समाहित कर लिये गये हैं। नियमानुसार प्रत्येक बिंदु पर आधृत पृथक याचिका दायर होनी चाहिए। वरिष्ठ अधिवक्ता रामेश्वर सिंह ठाकुर ने हाईकोर्ट की इस टिप्पणी के उपरांत बिना विलंब किये याचिका वापस लेने का आग्रह कर दिया, जिसे स्वीकार कर लिया गया।

# आवासीय क्षेत्र में पेट्रोल पंप के लिए जारी की एनओसी

## हाईकोर्ट ने नोटिस जारी कर मांगा जवाब

**जबलपुर,देशबन्धु।** हरदा शहर के बीचोबीच पेट्रोल पंप संचालन के लिए पर्यावरण मंजूरी और उचित सुरक्षा मंजूरी के लिए अनापत्ति प्रमाण-पत्र जारी किये जाने को चुनौती देते हुए हाईकोर्ट में याचिका दायर की गयी थी। हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस सुरेश कुमार कैत तथा जस्टिस विवेक जैन की युगलपीठ ने अनावेदकों को नोटिस जारी कर जवाब मांगा है। याचिका पर अगली सुनवाई दो सप्ताह बाद निर्धारित की गयी है।

आरटीआई कार्यकर्ता विजय बजाज की तरफ से दायर की गयी याचिका में कहा गया था कि तरफ से दायर याचिका में कहा गया था कि हरदा क्षेत्र में बीचोबीच आवासीय क्षेत्र में पेट्रोल पंप संचालित है। पेट्रोल पंप संचालन के लिए पर्यावरण मंजूरी और उचित सुरक्षा मंजूरी के लिए अनापत्ति प्रमाण-पत्र जारी किया गया है। याचिका में कहा गया था कि पेट्रोल पंप शहर के घनी आबादी वाले आवासीय क्षेत्र में स्थित है। सुप्रीम कोर्ट के दिशा-निर्देशों के अनुसार घनी आबादी वाले क्षेत्र में नया पेट्रोल पंप शुरू करने के लिए एनओसी नहीं दी जा सकती। याचिकाकर्ता की तरफ से पैरवी करते हुए वरिष्ठ अधिवक्ता आदित्य संघी ने तर्क दिया कि हरदा में शहर के अंदर स्थित पटाखा फैक्ट्री में हादसा होने के कारण कई व्यक्तियों की मौत हो गयी थी। याचिका में सचिव स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग,कलेक्टर हरदा, हिंदुस्तान पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड (एचपीसीएल) तथा नगर निगम को अनावेदक बनाया गया था। युगल पीठ ने याचिका की सुनवाई के बाद अनावेदकों को नोटिस जारी कर जवाब मांगा है।

# वाहन राजसात करने का अधिकार कलेक्टर नहीं ट्रायल कोर्ट को होगा

## हाईकोर्ट की फुल कोर्ट ने आबकारी अधिनियम की धारा को असंवैधानिक घोषित किया

**जबलपुर,देशबन्धु।** मप्र हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस सुरेश कुमार कैत, जस्टिस एसए धर्माधिकारी व जस्टिस विवेक जैन की फुल कोर्ट बेंच ने आबकारी अधिनियम की उस धारा को असंवैधानिक घोषित कर दिया है, जिसके अंतर्गत अवैध शराब आदि अपराधों में शामिल वाहन को राजसात करने का अधिकार कलेक्टर के पास था। हाईकोर्ट द्वारा यह महत्वपूर्ण आदेश पारित किए जाने के साथ ही राजसात करने का अधिकार अब ट्रायल कोर्ट को मिल गया है।

हाईकोर्ट ने इस आदेश के साथ ही उस समस्या को निर्मूल कर दिया गया है, जो ट्रायल पूरी होने के बाद वाहन मालिक के दोषमुक्त होने की दशा में समुपस्थित होती थी। नवीन व्यवस्था के अंतर्गत अब वाहन वापस हासिल करने के लिए अपेक्षाकृत विधिसम्मत प्रक्रिया अपनाई जा सकेगी।

## विदाई समारोह में बोले जस्टिस एसए धर्माधिकारी

ट्रायल कोर्ट इस सिलसिले में सुनवाई का अवसर मुहैया कराएगी। हाईकोर्ट की फुल कोर्ट बेंच ने अपने आदेश में एक और महत्वपूर्ण व्यवस्था दी है। इसके अंतर्गत गौवंश अधिनियम के अंतर्गत होने वाले अपराध में कलेक्टर वाहन को तब राजसात कर सकेंगे, जब ट्रायल कोर्ट आरोपित को सजा सुना देगी और वाहन का उपयोग होना साबित हो जाएगा।

हाईकोर्ट का यह आदेश उन सभी विचाराधीन प्रकरणों पर प्रभावी होगा, जिसमें आज की तिथि तक जिला दंडाधिकारी ने राजसात या जब्ती का आदेश नहीं दिया है। दरअसल, सागर निवासी राजेश विश्वकर्मा, तेंदूखेड़ा नरसिंहपुर निवासी रामलाल झारिया व अन्य की ओर से अधिवक्ता विवेक रंजन पांडे, जयंत नीखरा, संजीव नीखरा सहित अन्य ने पक्ष रखा। उन्होंने दलील दी कि आबकारी अधिनियम-1915 की धारा 47-ए की संवैधानिकता वैधता चुनौती के योग्य है। वर्तमान में इस धारा के अंतर्गत वाहन को राजसात करने का अधिकार कलेक्टर के पास है।

इसी भांति गोवंश अधिनियम-2004 का वह प्रविधान भी चुनौती के योग्य है, जिसके अंतर्गत अपराध में शामिल वाहन को राजसात करने का अधिकार कलेक्टर को है। अलग-अलग बेंच में लगे इन मामलों में उठाए गए वैधानिक प्रश्न के निराकरण के लिए फुल बेंच को रेफर किया गया था। मैराथन सुनवाई के दौरान अधिवक्ता विवेक रंजन ने दलील दी कि कई बार मालिक की मर्जी बिना भी वाहन का उपयोग होता है। लंबी ट्रायल के चलते राजसात वाहन कंडम हो जाते हैं और उनकी नीलामी हो जाती है। कई लोग ऋण लेकर वाहन खरीदते हैं। वाहन जब्त होने से मालिक को अपूर्णीय क्षति होती है। हाईकोर्ट ने तर्कों से सहमत होकर महत्वपूर्ण आदेश पारित कर दिया।

# एक दशक पूर्व सेवानिवृत्त कर्मी को पुनः सेवा में बहाल करने के आदेश

## अनिवार्य सेवानिवृत्ति को हाईकोर्ट ने किया निरस्त

**जबलपुर,देशबन्धु।** हाईकोर्ट के जस्टिस विवेक जैन की एकलपीठ ने बारह वर्ष पूर्व अनिवार्य सेवानिवृत्त कर्मी को वापस सेवा में लेने का राहतकारी आदेश पारित किया। एकलपीठ ने अनिवार्य सेवानिवृत्ति के आदेश को विधि विरुद्ध पाते हुए निरस्त कर दिया है।

याचिकाकर्ता पन्ना निवासी चंद्रेश वाल्मीक की ओर से अधिवक्ता रमाकांत अवस्थी ने पक्ष रखा। उन्होंने दलील दी कि याचिकाकर्ता को वर्ष 2012 में मनमाने तरीके से अनिवार्य सेवानिवृत्त कर दिया गया था। वह स्टोर कीपर के पद पर कार्यरत था। इस रवैये के विरुद्ध आवेदन- निवेदन का कोई असर नहीं हुआ। जिस पर हाईकोर्ट की शरण ली गई थी। न्यायालय ने मामले की अंतिम सुनवाई करते हुए अपने आदेश में स्पष्ट किया कि याचिकाकर्ता को सुनवाई का समुचित अवसर दिए बिना सेवा से पृथक किया गया था। इस वजह से वह अवसाद तक में चला गया। ऐसा इसलिए भी क्योंकि उसे अनिवार्य सेवानिवृत्ति होने के बावजूद पेंशन व अन्य लाभ प्रदान नहीं किये गये। इसलिये अनिवार्य सेवानिवृत्ति का आदेश अनुचित पाकर निरस्त किया जाता है। साथ ही आदेश दिया जाता है कि याचिकाकर्ता सेवा में वापस लिया जाये।

# गर्मी ने दिखाए तेवर तो बच्चों ने कर ली छुट्टी

**गांधीग्राम,देशबन्धु।** वर्तमान में पड़ रही भीषण गर्मी का असर अब स्कूलों में भी साफ दिखाई दे रहा है। तापमान में लगातार हो रही वृद्धि और लू के चलते अभिभावक अपने बच्चों को स्कूल भेजने में हिचकिचा रहे हैं। विकासखंड सिहोरा के अन्तर्गत आने वाले ग्रामीण और नगरीय क्षेत्रों में आलम यह है कि कई स्कूलों में कक्षाएं खाली नजर आ रही हैं, जिससे जाहिर है कि शिक्षण कार्य कैसे और किसे कराएं। संकुल केन्द्र गांधीग्राम के अंतर्गत और ग्रामीण क्षेत्रों के विभिन्न स्कूलों का जायजा लेने पर पता चला कि उपस्थिति अपेक्षाकृत काफी कम है।

खासकर प्राथमिक और माध्यमिक कक्षाओं में छात्रों की संख्या न के बराबर है। शिक्षकों का कहना है कि वे कक्षाओं में छात्रों का इंतजार करते रह जाते हैं, लेकिन बच्चों के स्कूल नहीं आने से कक्षाएं खाली ही रहती हैं। बच्चों को स्कूल भेजने के लिए बहुत से शिक्षकों ने जब गृह संपर्क कर अभिभावकों से निवेदन किया कि बच्चों को स्कूल भेजें तो अभिभावकों ने जवाब दिया कि मसाब भीषण गर्मी में प्राण देने है का, बहुत से अभिभावकों ने हाथ जोड़कर निवेदन किया कि मासाब गर्मी में बच्चों को बख्श दो।



## सूनी पड़ी हैं स्कूलों की कक्षाएं

अर्थात अभिभावकों का कहना है कि इस जानलेवा गर्मी में छोटे बच्चों को स्कूल भेजना खतरे से खाली नहीं है। तेज धूप और गर्म हवाओं के कारण बच्चों के बीमार पड़ने का डर बना रहता है। कई अभिभावकों ने बताया कि उन्होंने स्कूल प्रबंधन से भी इस बारे में बात की है और जब तक मौसम सामान्य नहीं होता, बच्चों को घर पर ही रखने का फैसला किया है।

एक अभिभावक श्रीमती वन्दना ने कहा, अपने बच्चे की जान जोखिम में डालकर स्कूल भेजना उचित नहीं है। इतनी गर्मी में बच्चे कैसे पढ़ाई करेंगे? सरकार और स्कूल प्रशासन को इस पर ध्यान देना चाहिए। स्कूल प्रबंधन भी इस स्थिति को लेकर चिंतित है। कई स्कूलों के प्रभारियों ने बताया कि वे अभिभावकों की चिंताओं को समझते हैं परन्तु क्या करें सरकारी आदेश तो मानना ही पड़ेगा। उनका कहना है कि वे सरकार , शासन प्रशासन के अगले आदेश का इंतजार कर रहे हैं।


इस बीच, मौसम विभाग ने अगले कुछ दिनों तक जबलपुर में गर्मी का प्रकोप जारी रहने की हिदायत दी है। ऐसे में यह देखना महत्वपूर्ण होगा कि शिक्षा विभाग इस स्थिति से निपटने के लिए क्या कदम उठाता है।

# गर्मी बढ़ते ही शीतल पेय गन्ने, बेल, नीबूपानी के स्टालों पर जुटे लोग

## गर्मी में गला तर कर रहे

**गांधीग्राम,देशबन्धु।** वर्तमान अप्रेल माह में गर्मी अपने रौद्र रुप में है गर्मी बढ़ने के साथ ही लोगों के गले को तर करने हेतु लोग शीतल पेय पदार्थों की दुकानो में शरण ले रहे है। वर्तमान समय में गांधीग्राम से सिहोरा एन एच 30 हाईवे पर व गांवो में प्रमुख तिराहों, चौराहों पर तरह-तरह पेय पदार्थ वाली दुकानें लगी हैं। जहां हर समय भीड़ जुटी दिखाई देती है।

वर्तमान अप्रैल में गर्मी अपना रौद्र रूप दिखा रही है। धूप व उमस भरी गर्मी के थपेड़ों से बचने के लिए छात्र से लेकर राहगीर भले ही सिर ढ़कने के लिए गमछा आदि का प्रयोग कर रहे हैं। हालत यह है थोड़ी दूरी का सफर तय करने के बाद गला सूख जाता है। जिसे तर करने के लिए लोग शीतल पेय पदार्थ दुकानों की ओर बढ़ जाते हैं। गर्मी बढ़ने एवं लोगों के प्यास की शिद्दत को देखते हुए तमाम मुख्य तिराहों व चौराहों पर जगह-जगह दुकान व स्टॉल लगे हुए हैं । बेल व गन्ना जूस, नींबू-पानी आदि ठेलों, स्टॉलों पर इन दिनों शीतल पेय पीने वाले जुट रहे हैं।



जूस की दुकान लगाने वाले ने बताया एक दिन में करीब दो से तीन हजार रुपये की बिक्री हो जाती है। जूस के दाम में भी मंहगाई का असर देखने को मिल रहा है। पिछले वर्ष 20 रूपये मिलने वाला जूस गिलास इस बार 30 से 50 रूपए में मिल रहा है। गांधीग्राम में गन्ने का रस बेचने वाले संतोष बर्मन ने बताया 30 से 50 रूपये प्रति गिलास की दर से बिक्री हो रही है। ग्रामीण व राहगीरों ने बताया कि गर्मी के इस मौसम जूस न केवल गला तर करता है बल्कि पेट भी सही रखता है। वहीं गन्ने का रस पी रहे अमित चौबे,आदित्य मिश्रा आदि ने बताया रस में पुदीना की पत्ती का रस मिलाकर पीने से पेट खराबी की शिकायतें भी कम हो जाती है। अभी तो यह शुरूआत है जैसे-जैसे मौसम और गर्म होगा, ऐसे पदार्थों की बिक्री में भी और तेजी आएगी।

## सार-समाचार




### मंडी उड़नदस्ता दल की अवैध परिवहन पर बड़ी कार्रवाई

**पाटन देशबन्धु।** कृषि उपज मंडी समिति पाटन क्षेत्र के अंतर्गत उड़न दस्ता दल द्वारा बगैर अनुज्ञा पत्र के अवैध रूप से महुआ फूल परिवहन करते हुए दो वाहनों को पकड़ा गया है। पाटन मंडी सचिव सुनील पांडे ने बताया कि संयुक्त संचालक जबलपुर के निर्देशानुसार गठित किए गए उड़न दस्ता दल द्वारा क्षेत्र में अवैध परिवहन एवं भंडारण पर लगातार कार्यवाही की जा रही है विगत दिवस वाहन क्रमांक एमपी 33 एच 2315 जो तेंदूखेड़ा से जबलपुर की ओर बगैर अनुज्ञा पत्र के परिवहन किए जा रहे 100 क्विंटल (250 बोरी) महुआ फूल पर कार्यवाही करते हुए जुर्माना राशि 18500 एवं दिनांक 20/4/2025 को वाहन क्रमांक एमपी 20 जेडएस 8689 जो तेंदूखेड़ा जिला दमोह से मंडला की ओर जा रहा था जिस पर अवैध रूप से परिवहन किए जा रहे महुआ फूल मात्रा 110 कुंटल 275 बोरी महुआ फूल बगैर अनुज्ञा पत्र के परिवहन किए जाने पर जुर्माना राशि 20250 रुपए वसूल किए गए अवैध परिवहन में लिप्त दोनों वाहनों से कुल जुर्माना राशि 38750 वसूल की गई।

### नशे में धुत शराबी दो घंटे तक पड़ा रहा नाले पर



**पाटन देशबन्धु।** पाटन न्यायालय के मुख्य गेट की दीवाल किनारे बने नाले पर शाम के समय नशे में धुत होकर एक शराबी व्यक्ति कई घंटे तक पड़ा रहा। लेकिन बहुत देर तक जब शराबी नहीं उठा तो आस पास के लोगों ने शराबी को उठाने की कोशिश की लेकिन वह नही उठा। इस दौरान कई बार ग्रामीणों द्वारा शराबी के चेहरे पर पानी के छींटे मारकर उसे होश में लाने का भी प्रयास किया गया। लेकिन इसके बाद भी शराबी व्यक्ति नहीं उठा। न्यायालय परिसर के अंदर एवं बाहर चाक चौबंद सुरक्षा व्यवस्था का दम भरने वाली पाटन पुलिस की लापरवाही के चलते शाम होते ही शराबियों की महफिल सिविल कोर्ट की दीवाल से सटे नाले पर सजने लगती है। जिसे रोकने में पाटन पुलिस कर्मी ध्यान नहीं दे रहे है।

### मुख्यमंत्री विवाह निकाह का होगा पाटन में आयोजन

**पाटन देशबन्धु।** मध्यप्रदेश शासन के सामाजिक न्याय एवं निशक्तजन विभाग भोपाल के पत्र क्रमांक एफ-3-39/2017/26-2/439 भोपाल दिनांक 28/3/23 के परिपालन में मुख्यमंत्री कन्या विवाह,निकाह योजना (सन्शोधित योजना 2022) के तहत दिननं 15-5-2025 दिन गुरुवार को जनपद पंचायत पाटन में मुख्यमंत्री कन्या विवाह/निकाह समारोह का आयोजित किया जाना प्रस्तावित है। श्रीमती मधुरा केलकर सामाजिक सुरक्षा अधिकारी जनपद पंचायत पाटन द्वारा अपील की गई है कि उपरोक्त समारोह में भाग लेने वाले इच्छुक वर/वधु दिनांक 5/5/2025 तक निर्धारित प्रारूप में अपना आवेदन पत्र भरकर आवश्यक दस्तावेजों सहित सम्बंधित ग्राम पंचायत से परीक्षण पश्चात जनपद पंचायत कार्यालय में जमा कर सकते हैं।

### समय पर नहीं खुल पा रहे विद्यालयों के ताले

**बरेला।** शासन द्वारा बढ़ते तापमान के चलते जहां स्कूलों का समय परिवर्तित किया गया है जिसके अनुसार सुबह 7ः30 से 12ः00 तक स्कूल खुला अनिवार्य है तथा स्कूल समय पर शिक्षकों की उपस्थिति साथ-साथ बच्चों की उपस्थिति भी अनिवार्य है किंतु वह देखने में आ रहा है कि ग्रामीण क्षेत्र में विद्यालय मनमर्जी से खुल रहे हैं तथा बच्चे भी नहीं आ पा रहे हैं ।ग्रामीण क्षेत्र शारदा नगर, पूरवा, हराटोला लोहार टोला, जुनवानी, देवरी, महंगवा, धनपुरी , गाड़रखेड़ा, बीजापुरी, मलारा,पहाड़ी खेड़ा, सिलपुरी, पड़वार, कुडारी उमरिया, परतला, हिनोतिया भोई,जमुनिया, बिलहरी, लहंगी, सिहोरा,सरोरॉ स्थित विद्यालयों के ताले मनमर्जी से खुल रहे हैं बताया जाता है कि इन विद्यालयों के निरीक्षण के लिए संलग्न जन शिक्षक अपने-अपने व्यक्तिगत कार्यों में लगे रहते हैं उनके द्वारा भी इन विद्यालयों का निरीक्षण नहीं किया जा रहा है।

# स्व सहायता समूह भी रोज नहीं खोल पा रही राशन दुकान

**बरेला,देशबन्धु।** राज्य शासन द्वारा राशन दुकान नियमित रूप से खुले,इसके लिए नित नए नवाचार करती रहती हैं ताकि जनता को शासन की कल्याणकारी योजना का लाभ मिलता रहे।

इसी संदर्भ में राज्य सरकार द्वारा जहां-तहां राशन दुकानौसे सेल्समेन को हटाकर गांव के ही स्वसहायता समूह को प्रदान की गई है ताकि गांव के लोगों को रोज राशन दुकान खुली मिले तथा नियमित राशन भी मिले किंतु इसके बावजूद भी यह देखने आ रहा है।

कि स्व सहायता समूह को प्रदान की गई राशन दुकान भी नियमित नहीं खुल रही हैं अपितु अब तो वह भी सेल्समैन की कार्य प्रणाली पर ही काम कर रही हैं इसके कारण ग्रामीणों को समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। इसका प्रत्यक्ष प्रमाण ग्राम बम्हनी स्थित राशन दुकान है जहां पर स्व सहायता समूह द्वारा संचालित की जाने वाली राशन दुकान महीने में वह मुश्किल



दो-तीन दिन ही खुल रही है। इस राशन दुकान के अंतर्गत ग्राम बमनी पूरवा और मिडकी टोला भी आते हैं। यह आदिवासी गांव है तथा यहां के मजदूर काम करने शहर की ओर जाते हैं तथा यह गांव बम्हनी से दो-तीन किलोमीटर की दूरी पर भी हैं।

इसके कारण ग्रामीणों को राशन लेने के लिए राशन दुकान के चक्कर काटना पड़ता है स्थानीय ग्रामीणों ने बताया कि यह राशन दुकान गांव के ही प्रार्थना स्व समूह द्वारा चलाया जाता है ।कुछ समय तो स्व सहायता समूह द्वारा यह दुकान नियमित रोज खोली जाती थी किंतु समय बीतने के पश्चात यह दुकान भी सेल्समैन के तर्ज पर ही कार्य करने लगी है। यह दुकान अब वर्तमान में वमुश्किल दो तीन दिन ही खुल रही है।इस तीन दिन में यदि कोई राशन धारी राशन ले ले तो ठीक है अन्यथा उसका राशन भी लैप्स हो जाता है। हितग्राहियों को ओ पी एस मशीन में अंगूठा लगाने के पश्चात उन्हें कोई पर्ची नहीं दी जाती है जिसकी वजह से ग्रामीण हितग्राहियों को मिलने वाले सामान की सही जानकारी नहीं हो पाती है तथा उपभोक्ताओं से नमक के 1 के मूल्य के नाम पर 5 वसूले जा रहे हैं। उपभोक्ताओं का कहना है कि स्वच्छता समूह के संचालकों द्वारा उन्हें कोई पर्ची नहीं दी जाती है इसके कारण उनको मिलने वाले सामग्री की मूल्य की भी कोई जानकारी नहीं हो पाती है। स्थानीय ग्रामीणों ने सहकारिता विभाग के उच्च अधिकारियों से राशन दुकान की जांच कर कार्यवाही की मांग की है तथा राशन दुकान नियमित्त खोलने की मांग की है।




## सी एम राइज सिहोरा में वसुंधरा दिवस मनाया

**सिहोरा,देशबन्धु।** मंगलवार को सी एम राइस विद्यालय सिहोरा में विश्व वसुंधरा दिवस बड़े उत्साह एवं उल्लास के साथ मनाया गया इस कार्यक्रम का आयोजन शाला प्राचार्य अशोक उपाध्याय की अध्यक्षता में हुआ जिसमें विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया विद्यार्थियों ने पृथ्वी संरक्षण, जल संरक्षण एवं प्रदूषण नियंत्रण विषय को ध्यान में रखते हुए विभिन्न रोचक पोस्टर्स बनाकर प्रतियोगिता में भाग लिया एवं छात्रों ने विभिन्न नारे बोलकर बैनर और स्लोगन के साथ पृथ्वी संरक्षण रैली निकाली ।इस कार्यक्रम में शिक्षको एवम प्राचार्य द्वारा बच्चों को पृथ्वी संरक्षण के लिए प्रोत्साहित किया गया, छोटे-छोटे बहुत से उपाय बताए गए जिसके अंतर्गत दैनिक जीवन में जल को कैसे बचाना है पेड़ पौधों की रक्षा कैसे करना है जीव जंतुओं को संरक्षित करना है आदि के बारे में विस्तृत चर्चा की गई ।इस कार्यक्रम में शाला के प्राचार्य श्री अशोक उपाध्याय जी, उप प्राचार्य शैलेंद्र मिश्रा, श्री सत्यनारायण तिवारी ,हर्षिता मिश्रा, अपूर्वा कुटार,मंजू श्री राणा,सरस्वती सिंह राणा,इंदिरा सोनी,अभिषेक प्यासी आदि शिक्षक एवम समस्त स्टाफ उपस्थित रहे।



## महायज्ञ की तैयारी में विधायक पांडे ने विधानसभा में किया दौरा रिंवझा में हुई बैठक

**सिहोरा,देशबन्धु।** जबलपुर जिले के सिहोरा से निकटवर्ती ग्राम रिंवझा में 3 से 9 मई तक आयोजित होने वाले सप्त दिवसीय श्री लक्ष्मी नारायण महायज्ञ एवं श्रीमद्भागवत कथा की तैयारियों के संबंध में आयोजन स्थल पर एक बड़ी बैठक का आयोजन सभी जनप्रतिनिधियों, क्षेत्रीय गणमान्य नागरिकों की उपस्थिति रही।

बहोरीबन्द विधायक प्रणय प्रभात पांडे ने महायज्ञ को सफल बनाने खुद ही अपने कार्यकर्ताओं के साथ आगे आकर महाराज अनिरूद्ध आचार्य के सहयोग में तत्परता से लगे हुए हैं जिसके लिए विधायक पांडे ने खुद की बहोरीबंद विधानसभा का भी भ्रमण कर यज्ञ की तैयारियों में जुटे हैं जिससे हर जगह विधायक पांडे की हिंदुत्व और धर्म के प्रति उत्सुकता को देख नगर का हर व्यक्ति उनके कार्यों की सराहना कर रहा है विधायक पांडे राजनीति से लेकर धार्मिक कार्यों के प्रति जिस तरह से बढ़ चढ़कर जिम्मेदारी निभाते हैं उससे हर कोई उनका मुरीद हो रहा है। बहोरीबंद विधानसभा के भ्रमण के दौरान विधायक अजय विश्नोई भी उनके साथ थे।

# शिकायत के बाद जांच तक नहीं कर सके अधिकारी

## एक्स-रे टेक्निशियन दे रहे गलत रिपोर्ट

**सिहोरा,देशबन्धु।** नगर में इन दिनों कुछ लैब और पॉली क्लिनिक मकड़ी के जाल जैसे फैलते जा रहे हैं जिसमे किसी भी व्यक्ति के काम पर रखकर उनसे रिपोर्ट तैयार कराई जा रही है जिससे मरीजो को सीधे ठगा जा रहा है। जिसकी शिकायत विगत एक सप्ताह पहले ही एक मरीज ने लिखित रूप से आवेदन देकर अनुविभागीय अधिकारी सिहोरा के कार्यालय में शिकायत देकर जांच करके कार्यवाही करने की प्रार्थना की थी लेकिन पीड़ित युवक की कोई सुनवाई नही हुई और धलल्ले से इन क्लिनिकों में बड़ी बड़ी जांचे की जा रही हैं।

**यह था मामला-** सिहोरा गढ़िया मोहल्ला निवासी नवीन आहूजा 9 अप्रैल बुधवार की शाम को बाइक से फिसल कर गिर गया था जिसके हाथ पैर में मामूली चोट आई थी जबकि दाहिने हाथ की कलाई में तेज दर्द के साथ सूजन आ गई थी जो सिविल अस्पताल रोड पर स्थित इंद्रा पॉली क्लिनिक में एक्सरा कराने गया जहां पर आदर्श नामक युवक ने एक्सरा फ़िल्म निकाल कर हाथ सही होना बताया गया था। जब दूसरे दिन ज्यादा दर्द होने पर पीड़ित नवीन दूसरे हड्डी रोग विशेषज्ञ के पास जाकर पुनः एक्सरा कराया गया जिसमें हाथ की कलाई में फ्रेक्चर आया, जबकि डॉ असाटी के क्लिनिक चिकित्सक तो नही थे लेकिन उनके काम चलाऊ सहायको के द्वारा एक्सरे कर प्लास्टर बांधा और पर्ची में दवा तक लिख दिए साथ ही परामर्श शुल्क तक ले ली गई। जिसके बाद पीड़ित युवक के प्लास्टर किया गया। जिसकी शिकायत पीड़ित नवीन आहूजा अनुविभागीय अधिकारी को आवेदन देकर शिकायत की गई है और उक्त क्लिनिक पर कार्यवाही की मांग की है जिससे इस तरह की स्वास्थ्य के प्रति लापरवाही किसी अन्य के साथ न हो।

**अप्रशिक्षित कर रहे जांच-** सिहोरा के ज्यादातर क्लिनिक या निजी अस्पतालों और आसपास के ग्रामों में बिना किसी प्रशिक्षण और डिग्री के अप्रशिक्षित लोगों को कम वेतन पर रख कर इन क्लिनिक संचालकों द्वारा काम लिया जा रहा है जिसका परिणाम यह होता है कि पीड़ित मरीज को ज्यादा परेशानी और आर्थिक रूप से भी ठगा जाता है लेकिन इन क्लीनिकों की कभी जांच नही होती है जिनका मकड़जाल सिहोरा सहित आसपास के गांवों तक मे फैला हुआ है। और गलत ढंग से इलाज के नाम पर रुपये ऐंठे जाते हैं जिसमे स्वास्थ्य विभाग के अमले का ध्यान कभी नही जाता और यदि कभी कोई शिकायत करता है तो जांच के नाम पर वसूली करके मामले को दवा दिया जाता है।

**मरीजों की जान से खिलवाड़**

मरीजों के सामने बड़ी समस्या है। सिहोरा खितौला नगर में अल्ट्रा साउंड और एक्स-रे सेंटर के नाम पर दर्जनों अवैध केंद्र चल रहे हैं। जहां गैर पेशेवर लोग जांच कर रिपोर्ट बना रहे हैं। निजी अस्पताल व नर्सिंग होम के अलावा जांच घरों की भरमार है। ज्यादातर के पास न ही सुविधा होती है न ही उपचार करने का प्रशिक्षण। यहां तो पलंग पर लिटाकर ऑपरेशन तक कर दिया जाता है। नगर में ऐसे अस्पतालों में पहुंचने वाले मरीजों से ऐसी कई जांच भी करवाई जाती है, जिसका इलाज से कोई लेना-देना नहीं होता है।

# जली कार की डिक्की में मिले शव की पहचान, परिवार स्तब्ध

**जबलपुर,देशबन्धु।** बीते 18- 19 अप्रेल शुक्रवार की मध्य रात्रि को शहडोल हाइवे से करीब 50 मीटर अंदर एक जली हुई कार मिलने की सूचना मिली जिसकी आग में काबू पाने दो घण्टे लग गये थे । जिसकी तलाश करने पर जली हुयी कार की डिक्की में एक जला हुआ शव बरामद हुआ था जिसमे शुरुआती कायाश में किसी पुरुष का शव होने की संभावना हुई जब शिनाख्त की गई तो मृतक की पहचान मोनू सिंह पिता रणवीर सिंह 40 वर्ष गोसलपुर जिला जबलपुर के रूप में हुई जैसे ही मृतक के परिजनों को जानकारी लगी सभी स्तब्ध रह गए।

पाली थाना अंतर्गत घुनघुटी -शहडोल के बीच पूरी तरह जली हुई हालत में कार मिली है, इस कार के पीछे सन्दिग्ध परिस्थितियों में एक इंसानी शव मिला है,जो पूरी तरह जला हुआ है, मृतक के शरीर मे एक जला



हुआ बेल्ट मिला था जिससे प्राथमिक रूप से इंसानी शव को युवक का शव होना पाया था । मृतक की पहचान मोनू सिंह पिता रणवीर सिंह 40 वर्ष वार्ड 16 गोसलपुर जिला जबलपुर के रूप में हुई फिलहाल इस घटना के बाद मौके पर सभी वरिष्ठ पुलिस अधिकारी और फॉरेंसिक डॉक्टर्स टीम पहुंच कर सूक्ष्मता से सबूत जुटाए हैं,और घटना के सम्बब्ध में ज़रूरी गहनता से जांच कर रही है। यह वारदातों घुनघुटी के आगे मदारी ढावा और जेके काम्प्लेक्स के बीच अर्जुनी मार्ग की बताई है, जो शहडोल हाइवे से करीब 50 मीटर की दूरी पर थी।इसके अलावा घटनास्थल के बारे में पुलिस टोल प्लाजा सहित हाइवे के किनारे में लगे सभी सीसीटीवी फुटेज भी एकत्रित कर सुराग खंगालने की तैयारी में जुटी है।

**ससुराल में कोयला का व्यापार करता था युवक**

पुलिस ने बताया कि कार मालिक संस्कार सिंह के बताए अनुसार उसके जीजा कार चलाते थे, जो जबलपुर के गोसलपुर निवासी थे और अनूपपुर में रहकर कोयला से जुड़ा कारोबार करते थे। शव की शिनाख्त के लिए पुलिस ने जबलपुर से परिजनों को बुलाया था।

**गमगीन महौल में हुआ अंतिम संस्कार**

मृतक मोनू का जला हुआ शव जब गृहग्राम गोसलपुर पहुंचा तो शव की स्थिति देख सभी नगरवासी स्तब्ध रह गए और और पूरे नगर के लोग गमगीन नजर आए जबकि परिवार में मोनू के दो बड़े भाई है जिनमे मोनू सबसे छोटा था वहीं मृतक मोनू की दो वर्ष की बच्ची भी है जिसके सिर से पिता का साया भी उठ गया। ऐसे माहौल में हर कोई परिवार को सांत्वना देते नजर आए। जिसका अंतिम संस्कार सोमवार को गोसलपुर में किया गया। परिजनों ने पुलिस प्रशासन से निष्पक्ष जांच कर दोषियों को जल्द पकड़ने की मांग की है।



## ग्वारी धनेटा के समीप झाड़ियों में लाश मिलने से मचा हड़कप

### जांच में जुटी पुलिस

**पाटन देशबन्धु।** ग्राम पंचायत ग्वारी के अंतर्गत आने वाली मुख्य सड़क ग्वारी घनेटा के बीज में सड़क किनारे झाड़ियों में सीडी हंड्रेड बाईक सवार की संदिग्ध अवस्था में लाश मिलने से हड़कम की स्थिति निर्मित हो गई। ग्रामीणों ने बताया कि ग्राम कोटवार बाल किसन मेहरा को सूचना मिली कि किसी अज्ञात व्यक्ति का शव सड़क किनारे झाड़ियों में पड़ा है वही समीप ही उसकी बाइक पड़ी है। ग्राम कोटवार के द्वारा तुरंत इसकी सूचना स्थानीय पुलिस थाने को दी गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने झाड़ियों में जाकर देखा कि एक व्यक्ति का शव और बाजू से उसकी बाइक पड़ी है। मृतक के मोबाइल से पुलिस ने उसके परिजनों को सूचना दी है। वही पुलिस पूरे मामले की बारीकी से जांच कर रही है कि यह हत्या है या सड़क एक्सीडेंट है।

## नेपाल की शिक्षा मंत्री का इस्तीफा, आंदोलनकारी शिक्षकों की मांगों पर पीएम ओली से थे मतभेद

**काठमांडू, (आईएएनएस)।** नेपाल की शिक्षा मंत्री विद्या भट्टाराई ने इस्तीफा दे दिया है। उन्होंने यह कदम ऐसे समय में उठाया जब हजारों शिक्षक स्कूल शिक्षा विधेयक पारित करने की मांग को लेकर काठमांडू में विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं। स्थानीय मीडिया रिपोर्टों के अनुसार, शिक्षा मंत्री ने प्रधानमंत्री केपी शर्मा ओली और वित्त मंत्री बिष्णु पौडेल के साथ बढ़ते राजनीतिक मतभेदों के चलते पद छोड़ने का मन बनाया। इस बीच, नेपाली शिक्षक परिसंघ (सीएनटी) के अध्यक्ष लक्ष्मी किशोर सुबेदी ने सोशल मीडिया पर कहा कि उनका आंदोलन मंगलवार को भी जारी रहेगा। भट्टाराई ने प्रधानमंत्री ओली से मुलाकात की। इस मुलाकात के दौरान उन्होंने प्रधानमंत्री को अपना इस्तीफा सौंप दिया, जिसकी पुष्टि शिक्षा मंत्रालय ने की। नेपाल के प्रमुख समाचार पत्र काठमांडू पोस्ट ने एक मंत्री के हवाले से बताया, भट्टाराई पीएम ओली और वित्त मंत्री पौडेल दोनों से नाखुश हैं, लेकिन उन्हें इस्तीफे पर पुनर्विचार करने के लिए मनाने की कोशिशें जारी हैं। प्रधानमंत्री उनसे बात करेंगे।

# आखिर महिलाएं क्यों नहीं बन सकती पोप? क्या है ईसाईयों की मान्यता



पोप फ्रांसिस के निधन के बाद अब जल्द ही नए पोप का चुनाव होगा। हालांकि कोई भी महिला पोप नहीं बन सकती। कैथलिक चर्च की मान्यता के मुताबिक केवल पुरुष ही पोप बन सकते हैं। ईसाइयों के सबसे बड़े धर्मगुरु पोप फ्रांसिस के 88 साल की अवस्था में निधन के बाद अगले पोप के चुनाव की चर्चा शुरू हो गई है। ईस्टर संडे के अगले दिन पोप फ्रांसिस का निधन हो गया था। अब सवाल है कि उनका अगला उत्तराधिकारी कौन बनेगा।

इनमें लुइस एंटोनियो, पिएट्रो पारोलिन, पीटर तुर्कसन, पीटर एर्डो, एंजेला स्कोला का नाम अग्रणी माना जा रहा है। गौर करने वाली बात है कि इसमें किसी भी महिला का नाम नहीं है। अब सवाल है कि क्या कोई महिला पोप बन सकती है? इसका जवाब है, नहीं।

**कैसे चुने जाते हैं पोप?-** वेटिकन परंपरा के मुताबिक पोप का चुनाव होता है। इसके लिए 80 साल के कम के कार्डिनल्स कॉलेज सिस्टिन चैपल के अंदर गुप्त मतदान करते हैं। पोप बनने के लिए दो तिहाई बहुमत की जरूरत होती है। अगर किसी के नाम पर सहमति नहीं बनती है तो जरूरी समर्थन मिलने तक मतदान के चरण चलते रहे हैं। निर्णय ना होने पर मतपत्रों को जलाया जाता है। चिमनी से निकलने वाला काला धुआं बताता है कि अभी पोप नहीं मिला है। वहीं जब चिमनी से सफेद धुआं निकलता है तो मान लिया जाता है कि नया पोप मिल गया है।

### महिलाएं क्यों नहीं बन सकती पोप

पोप की चयन प्रक्रिया को लेकर कुछ नियम निर्धारित किए गए हैं। इसके मुताबिक कोई बापटाइस्ड कैथलिक पुरुष ही पोप बन सकता है। इसके अलावा उसका अविवाहित होना जरूरी है। उसका बिशप, कार्डिनल, प्रीस्ट होना जरूरी है। कैथलिक चर्च के नियमों में महिलाओं का पादरी बनना स्वीकार नहीं किया जाता था। इसी परंपरा के तहत पोप के पद से भी महिलाओं को अलग रखा गया है। हालांकि पोप फ्रांसिस ने महिलाओं को वाचक के तौर पर नियुक्त करने की इजाजत दे दी थी।

पोप फ्रांसिस का कहना था कि महिलाओं को योग्यता के मुताबिक पवित्र ग्रंथ पढ़ने और यूचरिस्टिक मंत्रियों के तौर पर सेवा का अधिकार मिलना चाहिए। कैथलिक चर्च का कहना है कि जीसस ने केवल पुरुषों को ही ईश्वर के कार्य के लिए चुना था। शुरुआती दिनों मे कोई भी महिला चर्च में प्रीस्ट नहीं होती थी। बल्कि महिलाओं को चर्च में कोई जिम्मेदारी ही नहीं दी जाती थी। बाद में उन्हें भी चर्च में सेवा का अधिकार दिया गया। एक स्टडी के मुताबिक कैथलिक चर्च में पुरुषों को इसलिए भी मान्यता दी जाती है क्योंकि जीसस खुद पुरुष थे। ऐसे में उनके शब्दों को वे पुरुष के मुंह से ही सुनना चाहते हैं।

# हिंदुओं को बचाने के लिए यह देश लाया ऐतिहासिक बिल, पहली बार 'हिंदूफोबिया' पर उठी आवाज

यूरोपीय देश स्कॉटलैंड की संसद में पहली बार हिंदू समुदाय के खिलाफ बढ़ते भेदभाव और हाशिए पर डाले जाने को लेकर एक ऐतिहासिक प्रस्ताव पेश किया गया है। एल्बा पार्टी की सांसद ऐश रीगन ने यह प्रस्ताव ग्लासगो की गांधीवादी शांति संस्था की रिपोर्ट के आधार पर पेश किया है। यह कदम न केवल स्कॉटलैंड बल्कि पूरे यूरोपीय संघ में अपनी तरह का पहला प्रस्ताव है। यह प्रस्ताव स्कॉटलैंड के हिंदू समुदाय के सामने आ रही चुनौतियों, जैसे कि धार्मिक नफरत, मंदिरों पर हमले और सांस्कृतिक असहिष्णुता को प्रमुखता से उजागर करता है।

**प्रस्ताव में क्या है?-** स्कॉटिश संसद ने गांधीवादी शांति संस्था के कार्यों की सराहना की है।

प्रस्ताव में 'हिंदूफोबिया इन स्कॉटलैंड' रिपोर्ट का हवाला देते हुए बताया गया है कि किस तरह से हिंदू समुदाय को भेदभाव, बहिष्करण और दुर्व्यवहार का सामना करना पड़ रहा है। यह प्रस्ताव अंतर-धार्मिक संवाद, सामाजिक समरसता और विविधता को



बढ़ावा देने के प्रयासों को आगे बढ़ाने की अपील करता है।

**क्या कहती है रिपोर्ट?-** यह रिपोर्ट स्कॉटलैंड में हिंदू समुदाय पर केंद्रित पहली व्यापक अध्ययन है। इसके अनुसार, 5.4 मिलियन की जनसंख्या वाले स्कॉटलैंड में हिंदुओं की संख्या महज 0.3त्न है और इस छोटे समुदाय को असमानता, मंदिरों पर हमले, जातिगत टिप्पणियां और दुर्व्यवहार जैसी चुनौतियों का सामना करना पड़ता है।

**भारतीय मूल के नेताओं की प्रतिक्रिया-** सरकार द्वारा पेश किए गए इस बिल को लेकर भारतीय मूल के नेताओं की प्रतिक्रिया आई है। भारतीय काउंसिल ऑफ स्कॉटलैंड के अध्यक्ष नील लाल ने कहा, जब मंदिरों पर हमला होता है या हिंदू परिवारों पर फब्तियां कसी जाती हैं, तो यह केवल समुदाय पर हमला नहीं होता, बल्कि यह स्कॉटलैंड के सहिष्णुता मूल्यों पर आघात होता है। गांधीवादी संस्था ने इसे धार्मिक समानता की दिशा में ऐतिहासिक कदम बताया है।

## आज का इतिहास

1504- सिखों के दूसरे धर्मगुरू अंगद का जन्म।
1564- कवि और नाटककार विलियम शेक्सपियर का जन्म।
1660- स्वीडन और पोलैंड ने ओलिवा संधि पर सहमति जतायी।
1908- डेनमार्क, जर्मनी,ब्रिटेन, फ्रांस, हालैंड और स्वीडन ने उत्तरी अटलांटिक संगठन संधि(नाटो) पर हस्ताक्षर किये।
1935- यूरोपीय देश पोलैंड ने संविधन अपनाया।
1968- मशहूर गजल गायक बड़े गुलाम अली खान का निधन।
1992- प्रसिद्ध फिल्म निर्माता-निर्देशक एवं भारत रत्न से सम्मानित सत्यजीत राय का निधन।
1992- मैकडॉनल्ड्स ने चीन में अपना पहला फास्ट-फूड रेस्तरां खोला।

## सुडोकू 6891

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 2 | | | | | 3 | | |
| | | | | 1 | 3 | | 6 | |
| | | 1 | | | | 4 | 7 | |
| | | 5 | 4 | | | | | 7 |
| 4 | 1 | | 7 | | 6 | | 3 | 5 |
| 3 | | | | | 5 | 6 | | |
| | 9 | 6 | | | | 7 | | |
| | 5 | | 8 | 9 | | | | |
| | | 2 | | | | | 9 | |

**: नियम :**

1. कुल 81 (9×9) वर्ग हैं, जिसमें 9 (3×3) वर्गों का एक खंड (ब्लॉक) बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1 से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते हैं।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कॉलम,कतार और खंड में 1 से 9 अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते हैं।

**हल आज ही के अंक में**

## वर्ग पहेली 6891

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| १ | | २ | | ■ | ■ | ३ | | ४ | |
| | ■ | | ■ | ५ | | | ■ | | ■ |
| ६ | | | ■ | | ■ | ७ | | | |
| | ■ | ८ | ९ | | | | ■ | | ■ |
| ■ | १० | ■ | | ■ | ■ | ■ | ११ | ■ | १२ |
| १३ | | | | ■ | १४ | ■ | १५ | | |
| ■ | | ■ | १६ | | | | ■ | ■ | |
| १७ | | | ■ | ■ | | ■ | १८ | १९ | |
| | ■ | ■ | २० | | | २१ | ■ | | ■ |
| २२ | | | | ■ | ■ | २३ | | | |

**दायें से बायें:-**

१. चुना हुआ, निर्वाचित
३. सबसे नीचे
५. नामुकम्मल
६. पद, पैर
७. मोर्चाबंदी, रणनीति
८. गरमी के प्रभाव में रुकावट
१३. दूसरे की निंदा
१५. सागर
१६. सूर्य किरण, सूर्य
१७. वधिक
१८. जंगल, वन
२०. कर्ण
२२. जिसे फायदा हुआ हो
२३. आकाशचारी

**ऊपर से नीचे:-**

१. अस्थिर और स्थिर
२. महारत,दक्षता
३. नि:शस्त्र
४. 'टेक्नीक'
५. कमी, किल्लत
९. सुदृढ़ मजबूत (उर्दू)
१०. खुदा का बनाया हुआ
११. गुलाम, सेवक
१२. भला आदमी
१४. एक वाद्य यंत्र
१७. आक्रमण (उर्दू)
१९. भूत, प्रेत
२०. आखिर नाश
२१. लोग

### वर्ग पहेली-6890

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| १ खा | सि | २ य | त | ■ | ■ | ३ वि | फ | ४ ल | ता |
| न | ■ | था | ■ | ५ कुं | ठि | त | ■ | क | ■ |
| ६ दा | खि | ल | ■ | भ | ■ | ७ र | ग | ड़ | ना |
| न | ■ | ८ भ | ९ य | ज | न | क | ■ | ना | ■ |
| ■ | १० स | ■ | था | ■ | ■ | ■ | ११ पा | ■ | १२ रा |
| १३ का | मा | य | नी | ■ | १४ बे | ■ | १५ स | रो | ज |
| ■ | न | ■ | १६ ति | रो | हि | त | ■ | ■ | नी |
| १७ बे | ता | ब | ■ | ■ | सा | ■ | १८ प्र | १९ ग | ति |
| ग | ■ | ■ | २० का | दं | ब | २१ री | ■ | वा | ■ |
| २२ म | धु | शा | ला | ■ | ■ | २३ छ | र | ह | रा |

युसूफ कुरैशी, मो. 8109948408

## हिमालय में 23 साल में सबसे कम बर्फबारी हुई

**दिल्ली।** हिमालय-हिंदुकुश पर्वत श्रृंखला में बर्फबारी पिछले 23 सालों में अपने सबसे निचले स्तर पर पहुंच गई है.यह हालात उन दो अरब लोगों के लिए गंभीर खतरा पैदा कर रही है जो पिघलते ग्लेशियरों से निकलने वाले पानी पर निर्भर हैं.इंटरनेशनल सेंटर फॉर इंटीग्रेटेड माउंटेन डेवलपमेंट (आईसीआईएमओडी) ने सोमवार को जारी अपनी एक रिपोर्ट में चेतावनी दी कि हिमालय पर्वत श्रृंखला में बर्फ की कमी का यह रुझान लगातार तीसरे वर्ष भी जारी रहा है और इससे क्षेत्र में जल सुरक्षा खतरे में पड़ गई है.हिमालय-हिंदुकुश पर्वत श्रृंखला अफगानिस्तान से म्यांमार तक फैली हुई है, जबकि आर्कटिक और अंटार्कटिक महाद्वीप के बाद बर्फ और ग्लेशियरों का सबसे बड़ा भंडार इसी क्षेत्र में है.ये जलाशय लगभग दो अरब लोगों के लिए ताजे पानी का मुख्य स्रोत हैं, जबकि कृषि, घरेलू इस्तेमाल और अन्य आवश्यकताओं के लिए भी इन्हीं जलाशयों पर निर्भर रहा जाता है.सूखे जैसे बढ़ते जोखिमआईसीआईएमओडी की इस ताजा रिपोर्ट के मुताबिक, इस क्षेत्र में मौसमी बर्फ आवरण (वह समय जब बर्फ जमीन पर रहती है) सामान्य से 23.6 प्रतिशत कम है, जो पिछले 23 सालों में सबसे निचला स्तर है.रिपोर्ट के मुख्य लेखक शेर मोहम्मद ने समाचार एजेंसी एएफपी से कहा, इस साल बर्फबारी जनवरी के अंत में शुरू हुई और पूरे शीतकाल में औसत से कम रही उन्होंने कहा कि इस कमी से नदी के प्रवाह में संभावित कमी, भूजल पर निर्भरता में वृद्धि, तथा सूखे जैसे जोखिम में वृद्धि हो सकती है.क्षेत्र के कई देशों ने पहले ही सूखे की चेतावनी जारी कर दी है, जबकि फसल की पैदावार और पानी की उपलब्धता भी खतरे में है.यह स्थिति उस आबादी के लिए और भी जटिल हो जाती है जो लंबे समय तक चलने वाली, तीव्र और बार-बार आने वाली गर्मी की लहरों से जूझती है इन देशों पर पड़ सकता है असरपाकिस्तान, अफगानिस्तान, बांग्लादेश, भूटान, चीन, भारत, म्यांमार और नेपाल अंतरराष्ट्रीय एकीकृत पर्वतीय विकास केंद्र के सदस्य देश हैं.अंतर-सरकारी निकाय ने क्षेत्र की 12 प्रमुख नदी घाटियों पर निर्भर देशों से जल प्रबंधन, सूखे की तैयारी, पूर्व चेतावनी प्रणालियों में सुधार करने और क्षेत्रीय सहयोग बढ़ाने का आग्रह किया है.2023 में एशिया जलवायु, मौसमी आपदाओं से सबसे अधिक प्रभावित रहारिपोर्ट में विशेष रूप से बताया गया है कि दक्षिण-पूर्व एशिया की दो सबसे लंबी नदियां मेकांग और सालवीन, जो चीन और म्यांमार को पानी देती हैं, उनकी लगभग आधी बर्फ पिघल चुकी है।



# टिश्यू उठाने रुकी थी महिला कर्मचारी, फ्लाइट में भारतीय यात्री ने की गंदी हरकत

सिंगापुर जाने वाले विमान की केबिन क्रू (चालक दल) सदस्य की मर्यादा भंग करने के आरोप में मंगलवार को 20 वर्षीय भारतीय नागरिक पर मामला दर्ज किया जाएगा। उड़ान के दौरान 28 वर्षीय महिला केबिन क्रू सदस्य की कथित तौर पर मर्यादा भंग किए जाने की घटना के बाद 28 फरवरी को दोपहर 12 बजकर पांच मिनट पर पुलिस को इसकी सूचना दी गई थी।

सोमवार को जारी एक पुलिस बयान के अनुसार, प्रारंभिक जांच में सामने आया कि महिला केबिन क्रू सदस्य एक महिला यात्री को शौचालय की ओर ले जा रही थीं, तभी उन्होंने जमीन पर टिश्यू पेपर का एक टुकड़ा देखा। जब वह उसे उठाने के लिए झुकीं, तभी 20 वर्षीय आरोपी उनके पीछे आया और उन्हें पकड़कर जबरन शौचालय में घुस गया। 'द स्ट्रेट्स टाइम्स' अखबार की खबर के अनुसार, महिला यात्री जो उस वक्त वहां मौजूद थीं, उन्होंने मामले में तत्काल हस्तक्षेप कर महिला क्रू सदस्य को विमान के शौचालय से बाहर निकाला। घटना की सूचना केबिन सुपरवाइजर को दी गई और विमान के सिंगापुर के चांगी हवाई अड्डे पर उतरते ही पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने संबंधित एयरलाइन का नाम उजागर नहीं किया है। आरोपी पर 'मर्यादा भंग करने के इरादे से बल प्रयोग' की धारा के तहत आरोप दर्ज किए जाएंगे।

हवाई अड्डा पुलिस विभाग की कमांडर, सहायक आयुक्त एम. मालती ने



कहा, हम ऐसे मामलों को गंभीरता से लेते हैं क्योंकि केबिन क्रू प्रशिक्षित पेशेवर होते हैं, जो सभी यात्रियों की सुरक्षा और भलाई सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध होते हैं। उन्होंने कहा, पुलिस विमान में सवार सभी कर्मचारियों और यात्रियों को किसी भी प्रकार के यौन उत्पीड़न या हमले से सुरक्षित रखने के लिए प्रतिबद्ध है।

# दक्षिण सूडान की सेना ने नासिर काउंटी पर फिर से कब्जा किया

**जुबा, (आईएएनएस)।** दक्षिण सूडान पीपुल्स डिफेंस फोर्सेज (एसएसपीडीएफ) ने अपर नाइल के नासिर काउंटी पर फिर से कब्जा कर लिया है। इस शहर को उसने मार्च में व्हाइट आर्मी मिलिशिया के साथ भीषण लड़ाई के बाद खो दिया था।

एसएसपीडीएफ के प्रवक्ता लुल रुआई कोआंग ने रविवार को एक बयान में पुष्टि की कि नासिर के प्रमुख कस्बे पर फिर से कब्जा करना उन सैनिकों के लिए सबसे बड़ा उपहार है, जिन्होंने इसकी रक्षा और पुन: कब्जे के दौरान अपनी जान गंवाई। मार्च में नासिर में दक्षिण सूडान की सेना और व्हाइट आर्मी के बीच भीषण लड़ाई छिड़ गई थी। व्हाइट आर्मी एक मिलिशिया है, जिसके बारे में सरकार का दावा है कि वह विपक्षी सूडान पीपुल्स



लिबरेशन मूवमेंट-इन-ओपोजिशन से जुड़ी हुई है। एसएसपीडीएफ की हालिया घोषणा पड़ोसी उलांग काउंटी के मुख्यालय पर नियंत्रण का दावा करने के कुछ दिनों बाद आई, जो व्हाइट आर्मी के साथ एक सप्ताह की लड़ाई के बाद हुआ।

इससे पहले अप्रैल में संयुक्त राष्ट्र राहत एजेंसी ने दक्षिण सूडान के अपर नील राज्य में लड़ाई के बाद नागरिकों की सुरक्षा और निर्बाध मानवीय पहुंच सुनिश्चित करने के लिए तेजी से तनाव कम करने का आह्वान किया था, जिसमें मार्च से अब तक 180 से अधिक लोग मारे गए थे। दक्षिण सूडान के लिए संयुक्त राष्ट्र मानवीय समन्वयक अनीता किकी गेबेहो ने दक्षिण सूडान की राजधानी जुबा में जारी एक बयान में कहा कि सशस्त्र झड़पों और हवाई बमबारी में 250 से अधिक लोग घायल हुए हैं और लगभग 125,000 लोग विस्थापित हुए हैं। समाचार एजेंसी सिन्हुआ के अनुसार, गेबेहो ने यह भी कहा कि 4 मार्च से शुरू हुई हिंसा में चार मानवीय कार्यकर्ता मारे गए हैं। लूटपाट और विनाश के कारण छह स्वास्थ्य सुविधाओं को बंद करना पड़ा है। गेबेहो ने कहा, हिंसा में यह नई बढ़ोतरी जरूर रुकनी चाहिए।

**हमला** *अखिलेश यादव ने भाजपा को बताया प्रभुत्ववादियों की पार्टी, कहा*

# भाजपा में दलितों को कभी नहीं मिला 'पदमान'

**लखनऊ, (एजेंसियां)। समाजवादी पार्टी के नेता अखिलेश यादव ने अपने हालिया सोशल मीडिया पोस्ट में भारतीय जनता पार्टी पर तीखा हमला बोला है। उन्होंने चुनावी धांधलियों और भ्रष्टाचार के गंभीर आरोप लगाते हुए लंबी फेहरिस्त पेश की है। अखिलेश ने भाजपा पर अनैतिकता का आरोप भी लगाया और कहा कि इस पार्टी में आंतरिक गुटबाजी और सत्ता के दुरुपयोग जैसी चीजें भी आम हैं।**

अखिलेश यादव ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर पोस्ट में लिखा, 'जिसको उसी के तथाकथित अपने दल ने ये कहकर खारिज कर दिया हो कि उसका विचार व्यक्तिगत है और इस लायक नहीं कि उसकी पुष्टि या समर्थन किया जाए, वो एक सेवानिवृत्त संवैधानिक पद को सफलतापूर्वक सुशोभित कर चुके उच्चाधिकारी के बारे में मुंह न खोले, उसी में उसकी इज्जत है।'

अखिलेश ने पोस्ट में आगे एक लंबी लिस्ट शेयर करते हुए कहा- कुछ भी कहने-लिखने से पहले भाजपाई अपनी निम्नलिखित चंद चुनावी वारदातों पर निगाह डाल लें। 2022 के यूपी



**कुछ भी कहने-लिखने से पहले भाजपाई अपनी निम्नलिखित चंद चुनावी वारदातों पर निगाह डाल लें। 2022 के यूपी विधानसभा में वोटर लिस्ट के द्वारा धांधली और लगभग 90 सीटों के परिणामों पर घपला : अखिलेश यादव**

विधानसभा में वोटर लिस्ट के द्वारा धांधली और लगभग 90 सीटों के परिणामों पर घपला। चंडीगढ़ मेयर चुनाव में सुप्रीम कोर्ट के सीसीटीवी के सामने वोट की धांधली की वीडियो रिकॉर्डिंग और बाद में सुप्रीम कोर्ट की डांट। 2024 के लोकसभा चुनावों में कुछ भ्रष्ट अधिकारियों की मदद से झूठी गिनती के आधार पर कई सीटों पर सर्टिफिकेट में हेराफेरी के 'फर्रुखाबाद कांड' जैसे अनेक गैरकानूनी इलेक्शन रिजल्ट हेराफेरी कांड। उत्तर प्रदेश के मीरापुर उपचुनाव में कुछ भ्रष्ट पुलिसकर्मियों की मदद से वोटरों को पिस्तौल से धमकाकर वोट न डालने देने की घटना और उसकी विश्वविख्यात तस्वीर। लोकसभा चुनाव में मप्र में भाजपा प्रत्याशी के विरुद्ध खड़े हुए प्रत्याशियों को उठाकर ले जाने और चुनावी पर्चे वापस करवाने की घटना और तथाकथित निर्विरोध चुनाव जीतने का लोकतांत्रिक पाप। महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में एक बड़े भाजपाई नेता के नोट बांटते पकड़े जाने की घटना।

हरियाणा व महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में अचानक वोटरों की संख्या या आखिरी घंटे में कई प्रतिशत वोट बढ़ जाने की घटना। उत्तर प्रदेश के मिल्कीपुर उपचुनाव में किसी 'मुख्य कार्यालय' से चुनावी तंत्र को झूठे वोट डलवाने का टारगेट देने का अपराध और झूठे वोटरों का इस्तेमाल, एक मतदाता द्वारा भाजपा के पक्ष में 6 वोट डालने का टीवी पर खुद स्वीकार किया जाना।

# खेल जगत

## केकेआर जीतने के लिए नहीं खेल रहा था : फिंच



**नई दिल्ली।** ऑस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान आरोन फिंच ने गुजरात टाइटन्स से 39 रन की हार में कोलकाता नाइट राइडर्स की तत्परता की कमी की आलोचना की, इसे रणनीतिक गलत निर्णय और डरपोक बल्लेबाजी का मामला बताया। उनके सबसे कड़े शब्द वेंकटेश अय्यर के लिए आरक्षित थे, जिन्होंने 19 गेंदों पर धीमी गति से 14 रन बनाकर केकेआर के लक्ष्य का पीछा करने में बाधा डाली। फिंच ने ईएसपीएनक्रिकइंफो के टाइम आउट पर कहा कि अगर आप बाउंड्री लगाने के बारे में नहीं सोच रहे हैं तो आप स्कोर नहीं कर सकते। वेंकटेश की पहली प्रवृत्ति बस लेग साइड में टैप करना और एक रन लेना था। इस तरह से आप 200 रन का पीछा नहीं करते हैं। वेंकटेश पावरप्ले के अंदर केकेआर के 2 विकेट पर 43 रन पर चौथे नंबर पर आए।

# मुंबई अब हैदराबाद को हराकर फिर श्रेष्ठता साबित करने उतरेगी

■ हैदराबाद के लिए मुंबई से हिसाब चुकता करना आसान नहीं

■ सत्येन्द्र पाल सिंह



आईपीएल 2025

**नई दिल्ली,** 22 अप्रैल (देशबन्धु)। अपने धुरंधर बल्लेबाज रोहित शर्मा के सूर्य कुमार यादव के साथ आतिशी अविजित अर्द्धशतक और दूसरे विकेट की 114 रन की अटूट भागीदारी की बदौलत मुंबई इंडियंस ने चेन्नई सुपर किंग्स को रिटर्न मैच में नौ विकेट से हरा उससे आईपीएल 2025 में अपने मैच में मिली चार विकेट से हार का हिसाब चुकता कर लगातार तीसरी और मौजूदा सीजन में आठ मैचों में कुल चौथी जीत दर्ज की। पांच बार की चैंपियन मुंबई इंडियंस ने सनराइजर्स हैदराबाद से पिछले पांच में चार मैच जीते हैं। अब पूरे रंग में लौट चुकी हार्दिक पांड्या की अगुआई वाली मुंबई इंडियंस अब रिटर्न मैच में भी सनराइजर्स हैदराबाद को बुधवार को उसके घर हैदराबाद में हरा एक बार फिर अपनी श्रेष्ठता साबित करने के साथ अंक तालिका में अपनी स्थिति बेहतर करने के लिए इरादे से उतरेगी। अपने कप्तान हार्दिक पांड्या और दुनिया के सर्वश्रेष्ठ तेज गेंदबाज भारत के जसप्रीत बुमराह, ट्रेंट बोल्ट व दीपक चाहर जैसे तेज गेंदबाज की चतुर चौकड़ी की बदौलत ट्रेविस (अभिषेक शर्मा व ट्रेविज हेड)की सलामी जोड़ी को बांध कर उसकी आतिशी आगाज की मंशा पर पानी फेर उसे अभिषेक की 40 रन की तेज पारी के बावजूद सनराइजर्स हैदराबाद को 20 ओवर में पांच विकेट पर 162 रन पर रोकने के बाद शीर्ष क्रम में विल जैक की 26 गेंदों में 36 रन की तेज पारियों की बदौलत 11 गेंदों के बाकी रहते छह विकेट पर 166 रन पर बनाकर मैच जीता था। बेशक सनराइजर्स हैदराबाद की कोशिश मुंबई इंडियंस से हिसाब चुकता करने की होगी लेकिन मेहमान टीम के मौजूदा फॉर्म और तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह की चोट के बाद कामयाब वापसी और कामचलाउ ऑफ स्पिनर विल जैक के गेंद से अहम योगदान के चलते यह कतई आसान नहीं होगा। मुंबई इंडियंस आठ मैचों में चार जीत के साथ छठे और सनराइजर्स सात मैचों में मात्र दो जीत के साथ दस टीमो में नौवें स्थान पर है। बेशक अभिषेक शर्मा व ट्रेविज हेड की सलामी जोड़ी और इशान किशन जैसे अपने विस्फोटक बल्लेबाजों पर और कप्तान तेज गेंदबाज पैट कमिंस व ईशान मलिंगा पर ही सनराइजर्स हैदराबाद की जीत का दारोमदार है। दिलचस्प बात यह है कि मौजूदा आईपीएल में अब तक जड़े कुल तीन में से दो सनराइजर्स हैदराबाद के ईशान किशन और अभिषेक शर्मा ने जड़े हैं जबकि इन दोनों के अलावा इकलौता शतक पंजाब किंग्स के प्रियांश आर्य ने जड़ा है। दरअसल सनराइजर्स हैदराबाद मैच और पिच के मिजाज को जेहन में रखे बिना केवल और केवल अकेले पहली ही गेंद से दे दनादन और टॉप गियर में बल्लेबाजी करने की कोशिश में बराबर गच्चा खा रही है और इसलिए वह शुरू के सात में मात्र दो ही जीत पाई जबकि पांच में उसे हार झेलनी पड़ी है।

मुंबई इंडियंस ने जिस रणनीति से वानखेड़े में गेंदबाजी कर हैदराबाद के अभिषेक और हेड को रोका था उसकी काट खोजना मुंबई के बुमराह , हार्दिक व दीपक चाहर जैसे चतुर तृेज गेंदबाजों की मौजूदगी में कतई आसान नहीं होगा। मुंबई इंडियंस के लिए अच्छी बात है कि उसके 360 डिग्री सूर्य कुमार यादव आठ मैचों में दो अर्धशतक सहित दो बार अविजित राह 333 रन बना रन बनाने में चौथे , तिलक वर्मा आठ मैचों में दो अर्धशतक सहित 230 रन सलामी बल्लेबाज रेयन रिकल्टन एक अर्धशतक सहित कुल 204 रन, रोहित शर्मा 8 मैचों में एक अर्धशतक सहित कुल 158, हार्दिक पांड्या सात मचो में 104 रन बनाए हैं। मुंबई की चिंता सात मैचों विल जैक का मातर 91 रन बनाना है। सनराइजर्स हैदराबाद के लिए हर्षल पटेल ने छह मैचों में 9 विकेट, कप्तान पैट कमिंस ने सात मैचों मे सात,मोहम्मद शमी ने सात मैचों में पांच, बाएं हाथ के स्पिनर जीशान अंसारी ने पांच मैचों में चार विकेट चटकाए हैं।पिछले मैच में खासतौर पर मुंबई के अनुभवी तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह, कप्तान हार्दिक पांड्या, ट्रेंट बोल्ट, दीपक चाहर जैसे तेज गेंदबाजों ने जिस तरह रफ्तार व चतुराई से गेंदबाजी की उसके सामने अकेले अभिषेक शर्मा ने 40 रन की सबसे बड़ी पारी जरूर खेली लेकिन खुल कर बल्लेबाजी नहीं कर पाए थे। अब मौजूदा आईपीएल अपना पहला पड़ाव पार कर दूसरे और आखिरी पड़ाव की ओर बढ़ चुका है। ऐसे में बराबर मैचों के बाद पिच पर अब स्पिनरों का रोल अहम होता जाएगा। मुंबई के पास पर बाएं हाथ के मिचेल सेंटनर, विगनेश पुतुर के साथ कर्ण शर्मा जैसे सदाबहार स्पिनर तथा विल जैक जैसा कामचलाऊ तेज गेंदबाजों की चौकड़ी के साथ उसके गेंदबाजी आक्रमण को और धारदार बना सकता है।

## रोह्ति जब रंग में आते तो प्रतिद्ंदी पस्त हो जाते हैं : पांड्या



हम जिस तरह से क्रिकेट खेल रहे हैं मुझे मालूम था कि यह बड़े स्कोर वाला मैच होने वाला है।रोहित और सूर्य कुमार यादव ने जिस अंदाज में बल्लेबाजी बाहर बैठ कर इसे देखना राहत देने वाला था। आपको रोहित की फॉर्म को लेकर चिंतित होने की जरूरत नहीं है। रोहित इसी अंदाज में लय में आते हैं। हमें मालूम है रोहित जब रंग में आते हैं तो प्रतिद्वंद्वी टीम पूरी तरह पस्त हो जाती है। सूर्य कुमार यादव ने उनके साथ बढ़िया कदमताल की। अब टीम में सभी रंगत पा योगदान कर रहे हैं। अब बेसिक्स पर काबिज हैं। हम कुछ चमत्कारिक करने की कोशिश की बजाय सामान्य औसत क्रिकेट खेल रहे हैं। हमने गेंदबाजों ने रन दिए और हम जानते थे कि सीएसके का 175 रन सामान्य से कम है। हम बहुत अच्छे से बहुत दूर नहीं है। हम यह जानना था कि उन गेंदों को देखना होगा जिन पर हम विकेट गंवा रहे थे। हमने सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ गति में बदलाव का चतुराई से इस्तेमाल किया। यॉर्कर का भी चतुराई से इस्तेमाल किया।

## मंधाना और बुमराह को विज्डन का सर्वश्रेष्ठ क्रिकेटर का सम्मान

**नई दिल्ली,** 22 अप्रैल (एजेंसियां)। विज्डन क्रिकेटर्स अल्मनाक ने भारतीय क्रिकेटर स्मृति मंधाना और जसप्रीत बुमराह को वर्ष 2024 के लिए विश्व का सर्वश्रेष्ठ क्रिकेटर चुना गया है। वर्ष 2024 के लिए विज्डन क्रिकेटर्स अल्मनाक ने भारतीय महिला टीम की बल्लेबाज स्मृति मंधाना और पुरुष टीम के तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह को विश्व का सर्वश्रेष्ठ



क्रिकेटर चुना है। जसप्रीत बुमराह को 2024 मे औसत 14.92 रहा और स्ट्राइक रेट 30 से रिकॉर्ड तोड़ 71 टेस्ट विकेट लिए और टी-20 विश्वकप में भारत की जीत में अहम भूमिका निभाई। बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी में उन्होंने अकेले 13.06 की औसत से 32 विकेट झटके। महिला वर्ग में स्मृति मंधाना ने पिछले वर्ष तीनों प्रारुपों टी-20, एकदिवसीय और टेस्ट मैच में 1659 रन बनाए। इसी के साथ उन्होंने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में एक कैलेंडर वर्ष में सबसे अधिक रन बनाने का रिकॉर्ड भी अपने नाम किया। मधाना ने यह उपलब्धि दो बार पाने वाले पहली भारतीय महिला खिलाड़ी है। बीते वर्ष उन्होंने चार एकदिवसीय शतक और दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ एक टेस्ट शतक (149 रन) बनाया था।

## पुजारा ने केकेआर की बल्लेबाजी को जिम्मेदार ठहराया

**नई दिल्ली,** 22 अप्रैल (एजेंसियां)। भारत के टेस्ट बल्लेबाज चेतेश्वर पुजारा ने गुजरात टाइटन्स से 39 रन से हारने के बाद कोलकाता नाइट राइडर्स की खतरनाक बल्लेबाजी पर सवाल उठाया है। उन्होंने न केवल वेंकटेश अय्यर की मंशा की कमी बल्कि टीम की योजना और डगआउट से संचार पर भी सवाल उठाए हैं। वेंकटेश को गुजरात के बाएं हाथ के स्पिनर साई किशोर और लेग स्पिनर राशिद खान का मुकाबला करने के लिए नंबर 4 पर पदोन्नत किया गया था। हालांकि, बाएं हाथ का यह बल्लेबाज इस कदम को सही साबित करने में विफल रहा और 19 गेंदों पर बिना कोई बाउंड्री लगाए 14 रन बनाए। पुजारा ने ईएसपीएन क्रिकइंफो के टाइम आउट पर कहा कि मैं इस बात से सहमत हूं कि वेंकटेश ने वह भूमिका नहीं निभाई जो उसे निभानी चाहिए थी। लेकिन क्या उसे सिर्फ टिके रहने के लिए कहा गया था? क्या डगआउट से यह संदेश था कि जब राशिद गेंदबाजी कर रहे हों तो बस इधर-उधर घूमें? पुजारा के लिए, यह सिर्फ व्यक्तिगत निर्णय लेने की बात नहीं थी, बल्कि



सामरिक स्पष्टता का एक बड़ा सवाल था। टाइमआउट किसी कारण से होते हैं। जब आपको लगता है कि चीजें काम नहीं कर रही हैं, तो सपोर्ट स्टाफ को हस्तक्षेप करना चाहिए और स्पष्ट निर्देश देना चाहिए। ऐसा लगता है कि यह गायब था। पुजारा ने

■ मैं इस बात से सहमत हूं कि वेंकटेश ने वह भूमिका नहीं निभाई जो उसे निभानी चाहिए थी : पुजारा

केकेआर की गेंदबाजी पर भी ध्यान केंद्रित किया, जिसके बारे में उनका मानना है कि जीटी ने ऐसी सतह पर 198 रन बनाए जो स्कोर के हिसाब से उतनी सपाट नहीं थी। पिच में पर्याप्त टर्न था। अगर आप ऐसी सतह पर आखिरी पांच ओवरों में 60 से ज्यादा रन दे रहे हैं, तो आपका निष्पादन कमजोर है। उन्हें उनको 180 के आसपास सीमित रखना चाहिए था। केकेआर 10 ओवर के बाद 2 विकेट पर 68 रन बना चुका था, उसे 13 रन प्रति ओवर की दर से 131 रन और चाहिए थे। पिच को ठीक से पढ़ न पाने और तत्परता की कमी के कारण उन्हें भारी नुकसान उठाना पड़ा - ठीक वैसे ही जैसे पंजाब किंग्स के खिलाफ पिछले मैच में हुआ था, जहां वे 112 रन का पीछा नहीं कर पाए थे। पुजारा ने कहा कि यह सिर्फ बल्लेबाजी के ढहने की बात नहीं है; यह इस बात को समझने में विफल होने की बात है कि इस समय क्या जरूरी है।

## केकेआर के बल्लेबाज खो चुके हैं आत्मविश्वास : ब्रावो



**कोलकाता।** कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) के कप्तान अजिंक्य रहाणे का कहना है कि उन्हें गेंदबाजों से 'कोई शिकायत नहीं' है और उनकी लड़खड़ाती बल्लेबाजी ही आठ में पांचवीं हार की मुख्य वजह है। केकेआर के मेंटर ड्वेन ब्रावो ने एक कदम आगे बढ़ते हुए कहा कि मौजूदा चैंपियन आत्मविश्वास खो चुके हैं। केकेआर ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी चुनी, जिसके बाद गुजरात टाइटंस ने 198/3 का स्कोर खड़ा किया। जवाब में केकेआर की टीम 159/8 पर सिमट गई और उन्हें 39 रनों से हार का सामना करना पड़ा। रहाणे ने मैच के बाद कहा कि मुझे लगा कि 199 का लक्ष्य हासिल किया जा सकता था, और हमने गेंद से वापसी भी अच्छी की। जब आप 199 का पीछा कर रहे हों, तो आपको अच्छी शुरुआत की जरूरत होती है, जो हमारे लिए पूरे टूर्नामेंट में समस्या रही है। हमने अच्छी गेंदबाजी की, लेकिन बल्लेबाजी में चूक हुई। अब हमें जल्दी से सीखना होगा और आगे बढ़ते रहना होगा। ब्रावो ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में आंद्रे रसेल के प्रदर्शन (छह पारियों में 55 रन, स्ट्राइक रेट 119.56) पर पूछे गए सवाल के जवाब में कहा कि हमने एक टीम के रूप में अच्छी बल्लेबाजी नहीं की, यही सच्चाई है।

## प्रसिद्ध कृष्णा को एक खिलाड़ी के रूप में बढ़ते देखना शानदार है : इयोन मोर्गन

**नई दिल्ली,** 22 अप्रैल (एजेंसियां)। इंग्लैंड के पूर्व कप्तान इयोन मोर्गन गुजरात टाइटन्स के तेज गेंदबाज प्रसिद्ध कृष्णा को आईपीएल 2025 सीजन में अब तक सबसे ज्यादा विकेट लेने के लिए पर्पल कैप हासिल करते देख खुश हैं। 198 रनों का बचाव करते हुए, कृष्णा ने अपने चार ओवरों में 2-25 के आंकड़े दिए, जबकि राशिद खान ने भी इसी तरह के आंकड़े दिए और कोलकाता नाइट राइडर्स को 20 ओवरों में 159/8 पर रोक दिया, जिससे जीटी को ईडन गार्डन्स में 39 रनों से जीत मिली।

इस जीत ने उन्हें आठ मैचों में 12 अंकों के साथ तालिका में शीर्ष पर भी पहुंचा दिया। आठ मैचों में 16 विकेट के साथ, 29 वर्षीय खिलाड़ी टूर्नामेंट में अग्रणी विकेटटेकर है और दूसरे स्थान पर मौजूद कुलदीप यादव के साथ अच्छा अंतर रखते हैं , जिन्होंने दिल्ली कैपिटल्स के लिए सात



■ गुजरात की इस जीत ने उन्हें आठ मैचों में 12 अंकों के साथ तालिका में शीर्ष पर भी पहुंचा दिया

मैचों में 12 विकेट लिए हैं।

वह इस समय पर्पल कैप होल्डर है, और उसकी लय लगातार बेहतर होती जा रही है। हम जानते हैं कि उसके पास काम करने के लिए अतिरिक्त गति है, लेकिन आपको खेल के मध्य चरण के दौरान उसके द्वारा लाई गई ताकत की प्रशंसा करनी होगी। एक कप्तान के रूप में, एक ऐसा तेज गेंदबाज होना जो बीच के ओवरों में इस तरह का प्रभाव डाल सके, बिल्कुल अमूल्य है।



मोर्गन ने जियोहॉटस्टार पर कहा कि अब वह खुद को इस साल के टूर्नामेंट में सबसे अधिक विकेट लेने वाला पाता है - वास्तव में, कुछ अंतर से, चार से। एक खिलाड़ी के तौर पर उसे बढ़ते हुए, विभिन्न प्रारूपों में विकसित होते हुए और अब राष्ट्रीय सम्मान से भी पुरस्कृत होते हुए देखना शानदार है। यह दूसरी बार भी था जब केकेआर की बल्लेबाजी पिछले मैच में पंजाब किंग्स के खिलाफ मात्र 112 रनों का पीछा करते हुए 16 रनों की शर्मनाक हार में ढह गई। मोर्गन ने केकेआर के प्रदर्शन और मैच में वापसी करने में उनकी असमर्थता का विश्लेषण किया।

## शिवम दुबे ने तमिलनाडु के युवा एथलीटों को 7 लाख रुपए दान किए

**चेन्नई,** 22 अप्रैल (एजेंसियां)। भारतीय क्रिकेटर और चेन्नई सुपर किंग्स के ऑलराउंडर शिवम दुबे ने मंगलवार को आयोजित तमिलनाडु खेल पत्रकार संघ (टीएनएसजेए) पुरस्कार और छात्रवृत्ति समारोह में 7 लाख रुपये दान करके तमिलनाडु के उभरते एथलीटों की मदद की है। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल दुबे ने विभिन्न खेलों के 10 होनहार एथलीटों में से प्रत्येक को दिल को छू लेने वाली सरप्राइज पहल में 70,000 रुपये दिए। टीएनएसजेए ने शुरुआत में 10 एथलीटों में से प्रत्येक को उनकी उपलब्धियों और क्षमता को पहचानते हुए 30,000 रुपये की छात्रवृत्ति प्रदान की थी। एथलीटों में पीबी अभिनंद (टेबल टेनिस), के.एस. वेनिसा श्री (तीरंदाजी), मुथुमीना वेल्लासामी (पैरा एथलेटिक्स), शमीना रियाज (स्क्वैश), एस. नंदना और जयंत आर.के. (क्रिकेट), कमली पी. (सर्फिंग), आर. अबिनया और आर.सी. जितिन अर्जुनन (एथलेटिक्स), और ए. तक्क्षंत (शतरंज) शामिल हैं। इस पहल से प्रभावित होकर दुबे ने उपस्थित लोगों को संबोधित किया और कहा कि यह आयोजन युवा एथलीटों के लिए वाकई उत्साहवर्धक है। ये शुरुआती उपलब्धियां उन्हें और अधिक मेहनत करने और देश को गौरवान्वित करने की प्रेरणा देती हैं।

## आईपीएल 2025 : अंबाती रायडू ने शुभमन गिल की 90 रनों की शानदार पारी को सराहा

**नई दिल्ली,** 22 अप्रैल (एजेंसियां)। भारत के पूर्व बल्लेबाज अंबाती रायडू ने गुजरात टाइटंस के कप्तान शुभमन गिल की कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) के खिलाफ 90 रनों की शानदार पारी की तारीफ की। सोमवार को ईडन गार्डन्स में खेले गए मैच में गिल ने 55 गेंदों में 10 चौके और 3 छक्के लगाकर 198/3 का स्कोर बनाने में अहम भूमिका निभाई। रायडू ने इसे 'शानदार बल्लेबाजी' करार दिया। इस पारी की बदौलत जीटी ने 39 रनों से जीत हासिल की। गिल ने साई सुदर्शन के साथ मिलकर 114 रनों की ओपनिंग साझेदारी की। सुदर्शन ने 36 गेंदों में 52 रन बनाए, जिसने जोस बटलर के लिए मंच तैयार किया। बटलर ने 23 गेंदों में 8 चौकों के साथ 41 रन बनाए। गेंदबाजी में प्रसिद्ध कृष्णा और राशिद खान ने दो-दो विकेट लिए, जिससे गुजरात टाइटंस की जीत पक्की हुई। रायडू ने हॉटस्टार पर गिल की पारी का विश्लेषण करते हुए कहा कि गिल ने मुश्किल पिच पर बेहतरीन अनुकूलन दिखाया। उन्होंने बताया कि हर्षित राणा की दो वाइड गेंदों के बाद गिल ने लय पकड़ी। रायडू ने गिल के शॉट्स की



■ गिल ने पूरे मैदान में रन बनाए, जमीन के साथ शॉट खेले और समझदारी दिखाई

तारीफ की, खासकर सुनील नरेन के खिलाफ उनके स्लॉग स्वीप को। उन्होंने कहा कि यह आसान शॉट नहीं था। गिल ने पूरे मैदान में रन बनाए, जमीन के साथ शॉट खेले और समझदारी दिखाई। यह उनकी काबिलियत और मजबूत साझेदारी को दर्शाता है। धीमी पिच पर ऐसी बल्लेबाजी कमाल की है। रायडू ने साई सुदर्शन की भी जमकर तारीफ की। उन्होंने कहा कि सुदर्शन का पारंपरिक अंदाज देखने में मजा आता है। वह गेंद की गति का इस्तेमाल करते हैं, सटीक शॉट खेलते हैं।

## सार संक्षेप

### शास्त्री ने सिटी को रौंदा, जुबा संघा की आसान जीत

**नई दिल्ली।** डीएसए सीनियर डिवीजन लीग में मंगलवार को शास्त्री फुटबॉल क्लब ने सिटी एफसी को तथा महिला वर्ग की वूमेंस प्रीमियर लीग में जुबासंघा ने ईव्स स्पोर्ट्स क्लब को हराया। आज यहां अम्बेडकर स्टेडियम मैदान पर खेले गए डीएसए सीनियर डिवीजन लीग के मुकाबले में शास्त्री फुटबॉल क्लब ने सिटी एफसी को 7-1 से रौंदकर जीत के साथ अपने अभियान की शुरुआत की। शास्त्री क्लब के लिए एंडी, होकिप और वंशनगलांग ने दो दो गोल किये। सेमन ने एक गोल दागा। पराजित टीम सिटी एफसी के लिए अक्षय राज ने एक गोल किया। दिन के पहले मुकाबले में अजमल एफसी ने गढ़वाल डायमंड को 2-1 से हराया। अजमल के लिए राकेश और पैसोउ ने गोल किए जबकि गढ़वाल के लिए आलतू ने गोल किया।

### पंजाब कलिंगा सुपरकप के क्वार्टर फाइनल में

**भुवनेश्वर।** पंजाब एफसी ने राउंड ऑफ 16 के एकतरफा मुकाबले में ओडिशा एफसी को 3-0 से हराकर कलिंगा सुपर कप 2025 के क्वार्टरफाइनल में अपनी जगह पक्की कर ली हैं कलिंगा स्टेडियम में सोमवार रात खेले गये मैच में पंजाब एफसी के खिलाड़ियों ने तेज आक्रामक खेल का प्रदर्शन करते हुए ओडिशा एफसी की खराब रक्षापंक्ति का फायदा उठाया। ओडिशा एफसी के कई बार गोल करने के मौके आये लेकिन वे उसे भुनाने में विफल रहे। असमीर सुलजिक ने (14वें) मिनट में गोलकर पंजाब एफसी को बढ़त दिलाई। एजेकिएल विडाल ने (69वें) मिनट में गोल कर बढ़त को दोगुना कर दिया। इसके बाद निहाल सुदेश ने (90वें) मिनट में गोलकर स्कोर 3-0 कर अपनी टीम की जीत पक्की कर दी।

### नजमुल शान्तो ने बंगलादेश की पारी को संभाला

**सिलहट।** कप्तान नजमुल शान्तो (नाबाद 60), मोमिनुल हक (47) और जाकेर अली (नाबाद 21) की जूझारू पारियों के दम पर बांग्लादेश ने पहले टेस्ट मैच के तीसरे दिन मंगलवार को जिम्ब्बावे के खिलाफ दूसरी पारी में स्टंप के समय चार विकेट पर 194 रन बना लिये है। बांग्लादेश ने कल के एक विकेट पर 57 रन के स्कोर से आगे खेलना शुरु किया। 20वें ओवर में ब्लेसिंग मुजारबानी ने महमुदुल हसन जॉय (33) को आउट कर जिम्बाब्वे को दूसरी सफलता दिलाई।

## भारत एशियन योगासन चैम्पियनशिप की मेजबानी करेगा, 20 देशों के 170 एथलीट लेंगे हिस्सा

■ भारत सरकार योगासन को एक वैश्विक खेल के रूप में बढ़ावा देने के लिए पूरी तरह से तैयार




**नई दिल्ली,** 22 अप्रैल (एजेंसियां)। भारत में योग को खेल के रूप में बढ़ावा देने के लिए एक बड़ा कदम उठाया जा रहा है। भारत सरकार का युवा मामले और खेल मंत्रालय, साई और योगासन भारत मिलकर 25 से 27 अप्रैल 2025 तक नई दिल्ली के इंदिरा गांधी इंडोर स्टेडियम में दूसरी एशियाई योगासन स्पोर्ट्स चैंपियनशिप का आयोजन करेंगे। इस चैंपियनशिप में 20 से अधिक एशियाई देशों के 170 एथलीट, 40 तकनीकी अधिकारी और 30 टीम मैनेजर और कोच भाग लेंगे। यह आयोजन योगासन को वैश्विक खेल के रूप में स्थापित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। भारत सरकार योगासन को एक वैश्विक खेल के रूप में बढ़ावा देने के लिए पूरी तरह से तैयार है। युवा मामले और खेल मंत्रालय इस दिशा में लगातार काम कर रहा है। इसी के तहत, भारत 25 से 27 अप्रैल 2025 तक दूसरी एशियाई योगासन स्पोर्ट्स चैंपियनशिप की मेजबानी करेगा। यह चैंपियनशिप नई दिल्ली के इंदिरा गांधी इंडोर स्टेडियम में आयोजित की जाएगी। इस बारे में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस का आयोजन किया गया। इस प्रेस कॉन्फ्रेंस में योगासन मूवमेंट के कई गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे। प्रमुख रूप से उदित शेठ (अध्यक्ष, योगासन भारत), डॉ. संजय मालपानी (अध्यक्ष, एशियाई योगासन) और डॉ. जयदीप आर्य (महासचिव, विश्व योगासन) शामिल थे। केंद्रीय युवा मामले और खेल मंत्री डॉ. मनसुख मांडविया 25 अप्रैल 2025 को उद्घाटन समारोह में मुख्य अतिथि होंगे। यह भारत की योगासन को एक प्रतिस्पर्धी वैश्विक खेल के रूप में बढ़ावा देने की प्रतिबद्धता को दर्शाता है। उदित शेठ ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कि योगासन खेल के लिए यह एक ऐतिहासिक क्षण है क्योंकि हम भारत में एशियाई चैंपियनशिप की मेजबानी कर रहे हैं।

| पोजिशन | टीम | मैच | जीते | हारे | अंक | औसत |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1- | गुजरात टाइटंस | 8 | 6 | 2 | 12 | +0.104 |
| 2- | दिल्ली कैपिटल | 7 | 5 | 2 | 10 | +0.589 |
| 3- | रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु | 8 | 5 | 3 | 10 | +0.472 |
| 4- | पंजाब किंग्स | 8 | 5 | 3 | 10 | +0.177 |
| 5- | लखनऊ सुपर जायंट्स | 8 | 5 | 3 | 10 | +0.088 |
| 6- | मुंबई इंडियंस | 8 | 4 | 4 | 8 | +0. 483 |
| 7- | कोलकाता नाइट राइडर | 8 | 3 | 5 | 6 | +0.212 |
| 8- | राजस्थान रॉयल्स | 8 | 2 | 6 | 4 | -0.633 |
| 9- | सनराइजर्स हैदराबाद | 7 | 2 | 5 | 4 | -1.217 |
| 10- | चेन्नई सुपर किंग्स | 8 | 2 | 6 | 4 | -1.392 |

# [ अर्थ जगत

## घरेलू शेयर बाजार बढ़त के साथ बंद

**नई दिल्ली।** घरेलू शेयर बाजार मंगलवार को भी बढ़त के साथ बंद हुआ। बीएसई सेंसेक्स कारोबार के आखिर में 187.09 अंक की उछाल के साथ 79,595.59 के लेवल पर बंद हुआ। इसी तरह, एनएसई का निफ्टी भी 41.7 अंक बढ़कर 24,167.25 पर बंद हुआ। निफ्टी बैंक भी 342.7 अंक की उछाल के साथ 55,647.25 के लेवल पर बंद हुआ। फाइनेंस, ऑटो और एफएमसीजी स्टॉक्स में में मजबूती आने से 22 अप्रैल को भारतीय शेयर बाजार में लगातार छठे सत्र में बढ़त दर्ज की गई।



### आरबीआई का बड़ा फैसला

## अब 10 साल का बच्चा भी बन सकता है खुद का बैंक मैनेजर!






*__नई दिल्ली।__ भारतीय रिजर्व बैंक ने बैंकिंग नियमों में बड़ा बदलाव करते हुए 10 साल या उससे ज़्यादा उम्र के बच्चों को बिना किसी अभिभावक की मदद के अपना बैंक अकाउंट खोलने और चलाने की अनुमति दे दी है। पहले तक यह सुविधा सिर्फ माता-पिता या गार्जियन की निगरानी में मिलती थी लेकिन अब बच्चे खुद ही सेविंग अकाउंट और फिक्स्ड डिपॉजिट खोल सकेंगे और उसे ऑपरेट भी कर सकेंगे। 1 जुलाई 2025 से यह नया नियम देश के सभी बैंकों में लागू हो जाएगा।*

आरबीआई ने सोमवार को सभी कमर्शियल बैंक और कोऑपरेटिव बैंक को सर्कुलर जारी कर ये जानकारी दी है। इसमें कहा गया है कि किसी भी उम्र का बच्चा अपने पेरेंट्स या गार्जियन के ज़रिए अकाउंट खोल सकता है लेकिन अगर उसकी उम्र 10 साल से ज़्यादा है, तो वो खुद भी यह कर सकता है। वह अपनी मां को भी गार्जियन बनाकर अकाउंट खुलवा सकता है।

**नए नियमों की मुख्य बातें-** 10 साल या उससे ज्यादा उम्र के बच्चे अब स्वतंत्र रूप से सेविंग्स और फिक्स्ड डिपॉजिट अकाउंट खोल सकते हैं और खुद ही उसे ऑपरेट कर सकते हैं। हर बैंक अपने अनुसार तय करेगा कि बच्चे अकाउंट में कितनी रकम जमा कर सकते हैं और कितनी राशि निकाल सकते हैं- ये सब बैंक की रिस्क मैनेजमेंट पॉलिसी पर आधारित होगा। जब बच्चा 18 साल का हो जाएगा, तो बैंक को उससे नए सिग्नेचर और अकाउंट ऑपरेट करने से जुड़ी जानकारी दोबारा लेनी होगी। इंटरनेट बैंकिंग, एटीएम एवं डेबिट कार्ड, चेकबुक जैसी सुविधाएं देना या न देना- यह भी बैंक अपने नीति और ग्राहक प्रोफाइल के अनुसार तय करेंगे।

**जरूरी बातें....** बच्चों के खाते की केवायसी प्रक्रिया पूरी करनी होगी। वयस्क होने पर नए हस्ताक्षर और निर्देश बैंक में दर्ज कराना होगा। खाता हमेशा सक्रिय रहे, यह सुनिश्चित करने की जिम्मेदारी बैंक और ग्राहक दोनों की होगी।

## महंगा हो सकता है सीमेंट!

### 7.5 प्रतिशत तक मांग में इजाफा होने की उम्मीद



*__नई दिल्ली।__ इंफ्रास्ट्रक्चर का जैसे-जैसे विकास होता जा रहा है वैसे-वैसे सीमेंट की मांग भी बढ़ती जा रही है. क्रिसिल इंटेलिजेंस की एक रिपोर्ट के मुताबिक, वित्तीय वर्ष 2025-26 में सीमेंट इंडस्ट्री की मांग में 6.5-7.5 प्रतिशत तक का इजाफा होने की उम्मीद है. इसके पीछे वजह इंफ्रास्ट्रक्चर से जुड़े मंत्रालयों का बजटीय आवंटन का बढ़ाना और मानसून का सामान्य से बेहतर होने की संभावना है, जिससे कृषि उपज बढ़ेगी और ग्रामीण आवासों की भी मांग में तेजी आएगी।*

**पिछले साल मध्यम रही सीमेंट की मांग-** वित्त वर्ष 2025 में सीमेंट की मांग 4.5-5.5 परसेंट के मध्यम स्तर पर रही. इस साल आम चुनाव होने की वजह से वित्त वर्ष की शुरुआत सुस्त रही। इसके अलावा, सामान्य से अधिक मानसून के चलते भी कंस्ट्रक्शन के कामों में रूकावट आई. रिपोर्ट के मुताबिक, पहली छमाही में राज्य सरकार के खर्च में भी कमी आई, जिससे कई प्रोजेक्ट्स पर काम धीमा पड़ गया. धीमे रियल एस्टेट मार्केट का अर्बन हाउसिंग पर असर पड़ा।

**इस वजह से बढ़ेगी सीमेंट की मांग-** रिपोर्ट में बताया गया कि घरेलू सीमेंट की मांग में 29-30 परसेंट का योगदान देने वाले इंफ्रास्ट्रक्चर की वजह से चालू वित्त वर्ष में भी इसकी मांग में तेजी आने की उम्मीद है और सड़कों का कंट्रीब्यूशन इसमें सबसे ज्यादा होगा. इसके बाद रेलवे, सिंचाई और शहरी बुनियादी ढांचे का स्थान है. ग्रामीण आवास सीमेंट की खपत ज्यादा होगी. इसकी अनुमानित हिस्सेदारी 32-34 परसेंट है. इसी के साथ प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना और मनरेगा जैसी सरकारी परियोजनाओं के लिए बजटीय आवंटन बढ़ने से भी सीमेंट के उपभोग को बढ़ावा मिलेगा. प्रधानमंत्री आवास योजना - ग्रामीण के लिए भी आवेदनों को अधिक से अधिक मंजूरी दी जा रही है. ऐसे में कई कंस्ट्रक्शन यूनिट के साथ काम में तेजी आने की उम्मीद है. क्रिसिल के अनुसार, औसत ग्रामीण मजदूरी वित्त वर्ष 2025 में लगभग 25 प्रतिशत बढ़ने का अनुमान है.

**अर्बन हाउसिंग सेगमेंट में तेजी की उम्मीद-** वित्त वर्ष 2025 में रियल एस्टेट की सुस्ती की वजह से अर्बन हाउसिंग सेगमेंट को मुश्किलों का सामना करना पड़ा था, लेकिन अब चालू वित्त वर्ष में इसके फिर से पटरी पर लौटने की उम्मीद है. इसके लिए कम आधार, ब्याज दरों में कटौती और प्रधानमंत्री आवास योजना-शहरी के तहत एग्जीक्यूशन में सुधार होना जिम्मेदार है. केंद्रीय बजट 2025-26 में इस योजना के लिए आवंटन में 45 प्रतिशत की वृद्धि की गई है. घरेलू सीमेंट की मांग में 13-15 प्रतिशत की हिस्सेदारी रखने वाले इंडस्ट्रियल और कमर्शियल सेगमेंट में इस साल स्थिर वृद्धि की उम्मीद है क्योंकि कमर्शियल रियल एस्टेट और वेयर हाउसिंग की मांग बढ़ेगी।

## एयरटेल ने स्पैम के खिलाफ अपनी लड़ाई को आगे बढ़ाते हुए नए फीचर्स की घोषणा की




*__इंदौर।__ हाल ही में अपनी एआई आधारित स्पैम डिटेक्शन टूल की शुरुआत के बाद एयरटेल ने आज दो महत्वपूर्ण नई सुविधाओं की घोषणा की है, जो स्पैमर्स से एक कदम आगे रहने के उद्देश्य से शुरू की गई है। एयरटेल की इस प्रणाली ने अब तक 27.5 अरब से अधिक कॉलों को स्पैम के रूप में पहचानकर उपभोक्ताओं को अलर्ट किया है।*

अब ग्राहकों को कॉल और संदेश के लिए स्पैम अलर्ट उनकी मनचाही भारतीय भाषाओं में मिलेगा। यह नई सुविधा प्रारंभ में दस क्षेत्रीय भाषाओं में उपलब्ध होगी और भविष्य में अन्य भाषाओं को भी जोड़ा जाएगा। एयरटेल का एआई आधारित टूल अब अंतरराष्ट्रीय नेटवर्कों से आने वाली सभी स्पैम कॉलों और संदेशों की पहचान कर उपभोक्ताओं को अलर्ट करेगा। जबसे एयरटेल ने देश के भीतर स्पैम कॉलों पर सख्ती बढ़ाई है, तब से स्पैमर्स अंतरराष्ट्रीय नेटवर्कों का सहारा लेकर भारत में फर्जी कॉलों की बाढ़ लाने लगे हैं। इस खतरनाक प्रवृत्ति से पिछले छह महीनों में विदेशी स्पैम कॉल में 12 प्रतिशत की बढ़त देखी गई है।

## एसबीआई ने यूजर्स को किया अलर्ट

### खाताधारकों को हाई रिटर्न का झांसा दे रहे धोखेबाज




*__नई दिल्ली।__ भारतीय स्टेट बैंक ने सोशल मीडिया पर प्रसारित हो रहे डीपफेक स्कैम वीडियो के बारे में अपने खाताधारकों और आम जनता को अलर्ट किया है। एसबीआई ने पब्लिक सावधानी नोटिस जारी कर डीपफेक विडियो को लेकर अगाह किया है।*

वीडियो में झूठा दावा किया गया है कि एसबीआई ने भारत सरकार और बहुराष्ट्रीय निगमों के साथ मिलकर एक आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस एआई बेस्ड इन्वेस्टमेंट प्लेटफॉर्म लॉन्च किया है जो निवेशकों को बंपर रिटर्न प्रदान करता है। धोखाधड़ी वाले वीडियो में एसबीआई द्वारा एक एआई-बेस्ड इन्वेस्टमेंट प्लेटाफॉर्म लॉन्च करने का दावा किया गया है। हालांकि, एसबीआई ने कहा है कि ये दावे पूरी तरह से झूठे हैं।

**एसबीआई ने ग्राहकों को किया अलर्ट-** एसबीआई ने अपने ग्राहकों और आम जनता को सलाह दी है कि किसी भी जानकारी को एसबीआई की आधिकारिक वेबसाइट, अधिकारिक सोशल मीडिया अकाउंट्स, या नजदीकी ब्रांच से ही सत्यापित करें। बैंक ने यह भी कहा है कि ऐसी डीपफेक वीडियो से बचें और उनके झांसे में न आएं। एसबीआई ने अपने आधिकारिक- (पहले ट्विटर) अकाउंट पर एक वीडियो पोस्ट करते हुए कहा है कि स्टेट बैंक ऑफ इंडिया अपने ग्राहकों और आम जनता को सोशल मीडिया पर वायरल हो रही डीपफेक वीडियो को लेकर सतर्क करता है। इन वीडियो में एआईआधारित प्लेटफॉर्म के जरिए लाभकारी निवेश योजनाओं को एसबीआई भारत सरकार और कुछ बहुराष्ट्रीय कंपनियों के साथ मिलकर लॉन्च करने का झूठा दावा किया जा रहा है। बैंक ने स्पष्ट किया है कि ऐसी किसी योजना का कोई अस्तित्व नहीं है और लोगों को सावधान रहने की सलाह दी गई है।

**डीपफेक वीडियो स्कैम कैसे काम करता है?-** स्कैमर अब डीपफेक तकनीक का इस्तेमाल कर रहे हैं, जिससे वे मशहूर लोगों या वरिष्ठ अधिकारियों की नकली वीडियो बना रहे हैं। ये वीडियो इतने असली लगते हैं कि लोग आसानी से भरोसा कर लेते हैं। वीडियो में फर्जी स्कीम्स को प्रमोट किया जाता है ताकि लोग धोखे में आकर पैसे निवेश कर दें।

### मुद्रा बाजार

**रुपया के मुकाबले अन्य मुद्राएं**

| मुद्रा | रुपया |
| --- | --- |
| एक अमेरिकी डॉलर | 85. 19 |
| एक यूरो | 97. 91 |
| एक ब्रिटिश पाउंड | 113. 58 |
| एक आस्ट्रेलियन डॉलर | 54. 52 |
| एक जापानी येन | 0. 60 |


**परफेक्ट हैचरीज एंड पोल्ट्री प्रोडेक्ट इंडिया प्रा. लि.**

864 मारुति शोरूम के सामने
फोन- 2412223,9329428085

जिंदा बायलर्स बड़ा- फार्म रेट 114 प्रति कि.
जिंदा बायलर्स मीडियम- फार्म रेट 130 प्रति कि.
जिंदा बायलर्स छोटा- फार्म रेट-138 नेट प्रति किलो
जिंदा मुर्गी लेयर कल्स -66 नेट प्रति किलो
जिंदा काकरेल-मुर्गा- 180 रु. प्रति किलो
(जिंदा थोक फार्म रेट)


### सराफा बाजार


**दुल्हन श्री आभूषण**
कमानिया गेट, सराफा बाजार-
मो. 9425860998,9826307100
सोना बुलियन ( प्रति 10 ग्राम ) फाइन भाव- 97500 चांदी -99200

**सोहन लाल एण्ड संस**
रसल चौक फोन- 9425156095
सोना बुलियन ( प्रति 10 ग्राम ) फाइन भाव- 97500 चांदी -99200


### दाल- चावल भाव


**महावर ट्रेडिंग कंपनी, गांधीगंज**
फोन- 4067270, 9826035338


**प्रति क्विंटल-** राहर दाल एवरेज 8000-9000, मीडियम बोल्ड 11000-12000, फाइन 130000-13500, एक्स्ट्रा बोल्ड 13500-14000, चना दाल एवरेज 7600-7800 चना दाल मार्का 7800-8000, मसूर दाल एवरेज 7500-7700, मसूर दाल फाइन 7800-8000, उड़द छिलका 8000-8500, फाइन 8500-9500, उड़द धुली 10000-11000, फाइन 11000-12000, मूंग दाल छिलका 9000-9500, मूंग दाल फाइन 9500-10000, मूंगदाल धुली 10000- 10500, फाइन 10500-11000। चावल - पुराना चावल सरना चालू 3400-3600, बेस्ट 3600-3800, बीपीटी चालू 4200-4500,फाइन 4500-4800,एचएमटी-5200-5500 फाइन-5800-6000 दुबराज भाटापारा 5200-5300, जेजेएल चालू 5600-5800, फाइन 6000-6300, बासमती कनकी चालू 3200-3600, बासमती कनकी मीडियम 4000-4200, बेस्ट 4400-4500, मोगरा- 4300-5200, दुबार- 5200-5800, तिबार- 6500-6800, बासमती 8500-1000, बेस्ट 10000-11000 पोहा- 4400-4500, फाइन 5400-5500, मुरमुरा- 5500-6000, फाइन- 7000-8000 रु.।

### लोहा भाव


**अग्रवाल आयरन ट्रेडर्स**
शास्त्री-ब्रिज 4004070, 2402070


भाव प्रति क्विं.- 6 एम एम 6400, 8 एम एम 5980, 10 एम एम 5860,12 एम एम, 5800 एवं 16 एम 5800 रु.। तार- 75 रु. किलो।

## खादी ग्रामोद्योग का टर्नओवर 1,70,551 करोड़ के पार



बिक्री में 561 प्रतिशत का उछाल

*__नई दिल्ली।__ देश में खादी और ग्रामोद्योग उत्पादों की मांग में लगातार जबरदस्त बढ़ोतरी देखी जा रही है। मांग में इस तेजी की वजह से खादी और ग्रामोद्योग उत्पादों की बिक्री ने एक नया रिकॉर्ड स्थापित कर दिया है। जी हां, वित्त वर्ष 2024-25 में खादी और ग्रामोद्योग उत्पादों की कुल बिक्री बढ़कर 1,70,551.37 करोड़ रुपये पर पहुंच गई। सूक्ष्म, लघु एवं मझोले उद्यम मंत्रालय ने सोमवार को ये जानकारी दी। मंत्रालय ने बताया कि पिछले 11 साल में खादी और ग्रामोद्योग उत्पादों की बिक्री में 5 गुना से ज्यादा की बढ़ोतरी दर्ज की गई है। वित्त वर्ष 2013-14 में इन उत्पादों की बिक्री 31,154.19 करोड़ रुपये थी।*

**खादी कपड़ों की खरीद में 366 प्रतिशत का जोरदार उछाल-** मंत्रालय ने बयान में ये भी कहा कि इन उत्पादों का उत्पादन भी पिछले वित्त वर्ष में बढ़कर 1,16,599.75 करोड़ रुपये हो गया, जो वित्त वर्ष 2013-14 में महज 26,109.07 करोड़ रुपये था। सरकारी बयान के अनुसार, ''पिछले 11 सालों में खादी और ग्रामोद्योग उत्पादों की बिक्री में 447 प्रतिशत, उत्पादन में 347 प्रतिशत और रोजगार सृजन में 49.23 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई है।'' इसके अलावा, खादी कपड़ों का उत्पादन 2013-14 में 811.08 करोड़ रुपये से बढ़कर 2024-25 में 3783.36 करोड़ रुपये हो गया। इसमें 366 प्रतिशत का उछाल देखने को मिला है। इन कपड़ों की बिक्री 2013-14 में 1081.04 करोड़ रुपये से 561 प्रतिशत बढ़कर पिछले वित्त वर्ष में 7145.61 करोड़ रुपये पहुंच गई।

**दिल्ली के खादी ग्रामोद्योग भवन ने भी किया रिकॉर्ड कारोबार-** देश में घरेलू उत्पादों के इस्तेमाल और खरीद पर काफी ध्यान दिया जा रहा है। इतनी ही नहीं, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी खुद घरेलू उत्पादों को जमकर प्रोमोशन करते रहते हैं। मंत्रालय ने कहा कि वित्त वर्ष 2013-14 में इस सेक्टर में संचयी रूप से रोजगार 1.30 करोड़ था, जो 2024-25 में 49.23 प्रतिशत बढ़कर 1.94 करोड़ हो गया।


## वोल्वो सीई ने उत्तर भारत में इक्विपमेंट को नया डीलर पार्टनर बनाया



*__नई दिल्ली।__ वोल्वो कंस्ट्रक्शन इक्विपमेंट (वोल्वो सीई) इंडिया ने आज घोषणा की कि उसने टाइम इक्विपमेंट प्राइवेट लिमिटेड को दिल्ली-एनसीआर, हरियाणा, उत्तर प्रदेश (एनसीएल सिंगरौली सहित) और उत्तराखंड के लिए अपना अधिकृत डीलर नियुक्त किया है। यह रणनीतिक कदम उत्तर भारत में वोल्वो सीई की ग्राहक पहुँच और सेवा नेटवर्क को और मजबूत करेगा।*

फरीदाबाद डीलरशिप मुख्य कार्यालय का उद्घाटन वोल्वो सीई इंडिया के मैनेजिंग डायरेक्टर दिमित्रोव कृष्णन और हेड ऑफ प्रोडक्ट एंड रिटेल मैनेजमेंट सुरत मेहता द्वारा किया गया। इस अवसर पर टाइम इक्विपमेंट के डायरेक्टर्स सचिन चिलाना, सतीश पर्णामी, आर.के. चिलाना और विशाल पर्णामी अपने दल के साथ उपस्थित रहे। यह आयोजन ग्राहकों के अनुभव को बेहतर बनाने और सेवा उत्कृष्टता को और सशक्त करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि रहा। इस साझेदारी के ज़रिए वोल्वो कंस्ट्रक्शन इक्विपमेंट का उद्देश्य ग्राहकों की संतुष्टि को बेहतर बनाना है, जिसमें टाइम इक्विपमेंटकी स्थापित संचालन क्षमता, गहरी बाज़ार समझ और मज़बूत ग्राहक संबंधों का लाभ लिया जाएगा। टाइम इक्विपमेंट इन चार प्रमुख राज्यों में बिक्री कार्यालय, पार्ट्स केंद्र और सेवा आउटलेट्स स्थापित कर अपनी ज़मीनी उपस्थिति को मज़बूत करेगा।


देशबन्धु
ग्राहक सेवा



रेमण्ड से ट्रेनिंग प्राप्त फ्यूजिंग सूट, ट्राउजर शर्ट स्पेशलिस्ट
**टेलर्स वारिस**
शॉप नं. 3 आनंद टॉकीज शॉपिंग काम्पलेक्स, जबलपुर फोन: 2405596
मो.- 9424392281, 9425152707
देग्रासे सी 30/7/2022

**100 प्रतिशत गारन्टेड इलाज**
क्या आपको गुप्त रोग है। अंडकोष, बवासीर, सेक्स से संबंधित रोगों के स्थायी इलाज के लिए मिलें
बिना ऑपरेशन
**डॉ. विश्वास**
राइट टाउन, प्रेम मंदिर, होटल पंकज पेलेश के पीछे
मो: 9827042596

**फ्लैट बेचना है**
गोलबाजार, जबलपुर में 742 वर्गफुट का 2 BHK बालकनी सहित फ्लैट दूसरी मंजिल पर बिक्री हेतु उपलब्ध है। अधिक जानकारी के लिए संपर्क करें:-
एडवोकेट रविशंकर पटेल
फोन नंबर-
9827087838

नोट- पाठकों को सूचना दी जाती है कि किसी भी विज्ञापन पर कार्यवाही जैसे पैसा भेजना, कोई खर्च करना या प्रकाशित विज्ञापन के विश्वास पर किसी प्रकार संबंध बनाना आदि करने से पूर्व आवश्यक/संपूर्ण जानकारी कर लेवें।
देशबन्धु यह भी घोषित करता है कि इस समाचार पत्र में प्रकाशित होने वाले किसी भी राजनैतिक, सामाजिक अथवा अन्य प्रकार के विज्ञापनों से देशबन्धु का कोई सरोकार नहीं है। अतः विज्ञापनदाता द्वारा जारी किये गये किसी भी प्रकार के दावे/ प्रस्तुतिकरण के लिये जिम्मेदार नहीं हैं।


## अमेरिकी टैरिफ का फायदा भारत को, स्मार्टफोन निर्माण में मिल सकता है बड़ा मौका



*__नई दिल्ली।__ अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा लगाए गए नए टैरिफ के चलते भारत को इलेक्ट्रॉनिक्स मैन्युफैक्चरिंग और खासकर स्मार्टफोन निर्यात के क्षेत्र में बड़ा फायदा हो सकता है।*

क्रिसिल की रिपोर्ट के अनुसार, भारत पर अपेक्षाकृत कम टैरिफ (26 प्रतिशत) लगने के कारण विदेशी कंपनियां चीन और वियतनाम की जगह भारत को उत्पादन केंद्र बना सकती हैं। ट्रंप ने 2 अप्रैल को लिबरेशन डे के मौके पर चीन सहित कई देशों पर व्यापारिक शुल्क बढ़ाने की घोषणा की थी। चीन पर यह टैरिफ अब 245 प्रतिशत तक पहुंच चुका है, जबकि वियतनाम पर 46 प्रतिशत और भारत पर केवल 26 प्रतिशत है।

**भारत को क्यों मिलेगा फायदा?-** भारत से स्मार्टफोन भेजने की लागत अब चीन की तुलना में अधिक प्रतिस्पर्धी हो सकती है। उदाहरण के लिए, अमेरिका में चीन में बने आईफोन वीएक्स प्रो (256 जीबी) की कीमत 480-580 है, जबकि भारत में बना वही मॉडल 550-650 में आता है। हालांकि टैरिफ के बाद चीन के मॉडल और महंगे हो जाएंगे।

**गूगल भी शिफ्ट करेगा प्रोडक्शन-** गूगल अब अपने पिक्सल स्मार्टफोन्स का निर्माण भारत में शुरू करने की योजना बना रहा है। इसके लिए कंपनी ने डिक्सन टेक्नोलॉजीज और फॉक्सकॉन जैसी कंपनियों से बातचीत की है। भारत में फोन के कुछ पुर्जे जैसे चार्जर, कवर, फिंगरप्रिंट सेंसर और बैटरी भी बनाए जाएंगे।

**व्यापारिक रणनीति में बदलाव-** ग्लोबल सप्लाई चेन में विविधता लाने के मकसद से कंपनियां एक ही देश पर निर्भरता कम कर रही हैं। अमेरिका और वियतनाम के बीच व्यापारिक तनाव के चलते भारत एक वैकल्पिक विकल्प के रूप में उभर रहा है।

**अमेरिका में स्मार्टफोन आयात की स्थिति**

| | |
| --- | --- |
| चीन | - 81 प्रतिशत (2024) |
| भारत | - 13.7 प्रतिशत |
| वियतनाम | - 4.2 प्रतिशत |

(2023 में भारत का हिस्सा केवल 8.4 प्रतिशत था)


प्रकाशक-गिरिराज चाचा, मुद्रक-मोहन सुरजन द्वारा पत्रकार प्रकाशन प्रा. लिमि. के लिये देशबन्धु काम्पलेक्स नौदराब्रिज जबलपुर से प्रकाशित एवं श्रीजी प्रिंटर्स से मुद्रित, सम्पादक-अशोक मिश्रा, * ( * पी.आर.बी. एक्ट के तहत समाचार चयन के लिये जिम्मेदार)
फोन संपादकीय-4006577 व्यवस्था - 4085031, 4085679, 2626244 आर.एन.आई. पंजी. क्रमांक 38276/71 डाक पंजीयन क्रमांक-एसएसपी जबलपुर /04/2020-2022 E mail- Jabdesh1@yahoo.com

# शहर में अक्टूबर से दोड़ेंगी ई-बसें

## जबलपुर सहित 6 शहरों में सुविधा, 2 रुपए प्रति किमी होगा किराया



**जबलपुर, देशबन्धु।** बस, ट्रेनों सहित आवागमन के अन्य साधनों में सफर के दौरान अत्यधिक किराए की मार झेल रहे यात्रियों के लिए यह खबर राहत भरी हो सकती हैं कि शहर के साथ प्रदेश के 6 शहरों में अक्टूबर माह से इलेक्ट्रिक बसो (ई-बसों) को संचालन शुरु हो जाएगा। जबलपुर के साथ इंदौर, भोपाल, ग्वालियर, उज्जैन और सागर में 552 इलेक्ट्रिक बसें चलेंगी। पर्यावरण संरक्षण और बेहतर शहरी परिवहन को बढ़ावा देने के माध्यम से हो रही यह शुरुआत देंगी।

संचालन जीसीसी मॉडल पर होगा। यात्रियों से 2 रुपए प्रति किमी में सफर करने की सुविधा मिलेगी। योजना में 10 नए डिपो, चार्जिंग स्टेशन और नेशनल कॉमन मोबिलिटी कार्ड जैसी आधुनिक सुविधाएं शामिल हैं। इनमें से 472 मिडी बसें होंगी जिनमें 26 यात्री बैठ सकते हैं, जबकि 110 मिनी बसें 21 सीटर होंगी।

प्रदेश के अन्य महानगरों को हो रहे बस आवंटन के हिसाब से जबलपुर जिले के लिए जितनी बसों का आवंटन हो रहा हैं उससे शहर के नागरिकों ने शहर के साथ सौतेले व्यवहार का आरोप लगाया हैं।

### केंद्र सरकार से भी मिलेगी सब्सिडी

बताया जा रहा हैं कि ई-बस संचालन के लिए केंद्र सरकार से भी सब्सिडी मिलेगी। इसके लिए सरकार का खर्चा 58.14 रुपए प्रति किमी होगा जिसमें से 22 रुपए केंद्र सरकार देगी।

ई-बसों का संचालन ग्लोबल कैपेबिलिटी सेंटर (जीसीसी) मॉडल पर होगा। इस मॉडल के तहत ऑपरेटर को हर किलोमीटर संचालन के लिए 58.14 का भुगतान किया जाएगा। जिसमें से 22 केंद्र सरकार वहन करेगी। यात्रियों के लिए अनुमानित किराया 2 रुपए प्रति किलोमीटर होगा। जो वर्तमान की सिटी बस सेवाओं की तुलना में काफी सस्ता होगा।

### यात्री सुविधा के अनुसार तय होंगे रूट और टाइमिंग

बसों (ई-बसों) का संचालन मोबिलिटी प्लान पर आधारित होगा। ट्रेन टाइम और ट्रैफिक पैटर्न के हिसाब से टाइमिंग तय होगी। हर शहर के लिए 20 साल की जनसंख्या वृद्धि को ध्यान में रखते हुए मोबिलिटी प्लान तैयार किया जा रही है। इसमें मेट्रो, ऑटो, बस और साइकिल मार्गों का समावेश होगा। शताब्दी ट्रेन आवागमन, ऑफिस टाइम और ट्रैफिक पैटर्न के अनुसार ई-बसों के रूट और समय तय किए जाएंगे ताकि यात्रियों को ज्यादा इंतजार न करना पड़े।

### टिकटिंग सिस्टम में आएगा बड़ा बदलाव

मैट्रो, बस और सायकल सर्विस के लिए एक ही कार्ड से भुगतान यात्रियों को डिजिटल सुविधा प्रदान करने के लिए बसों में नेशनल कॉमन मोबिलिटी कार्ड (एनसीएमसी) लागू किया जाएगा। इससे यात्री मेट्रो, बस और साइकिल सेवाओं के लिए एक ही कार्ड से भुगतान कर सकेंगे। किराया निर्धारण की जिम्मेदारी स्पेशल पर्पस व्हीकल (एसपीवी) को सौंपी गई है।

### भोपाल में यात्री करते हैं बसों का इस्तेमाल

भोपाल में प्रतिदिन करीब 1.52 लाख यात्री पब्लिक ट्रांसपोर्ट का उपयोग करते हैं, जिनमें से 70 फीसद लोग पैदल बस स्टॉप तक पहुंचते हैं। इस ट्रैफिक डाटा को ध्यान में रखते हुए 1200 किलोमीटर रोड नेटवर्क कनेक्टिविटी योजना तैयार की गई है, जिससे मेट्रो स्टेशनों और बस नेटवर्क के बीच आसान कनेक्टिविटी सुनिश्चित होगी।

### जबलपुर छोड़ अन्य शहरों में बन रहे डिपो-हाई पावर चार्जिंग स्टेशन

भोपाल, इंदौर, उज्जैन और सागर में बस संचालन के लिए इंफ्रास्ट्रक्चर बनेगा। सरकार बस संचालन के लिए जरूरी ढांचा खड़ा करने में भी तेजी से काम कर रही है। इसके अंतर्गत 10 इलेक्ट्रिक बस डिपो बनाए जाएंगे। भोपाल के बैरागढ़ और कस्तूरबा नगर में 14 करोड़ की लागत से डिपो बनेगा। वहीं इंदौर में नायता मुंडला और चंदन नगर में 6 करोड़ की लागत से डिपो और पावर स्टेशन बनेंगे। वहीं उज्जैन और सागर में एक एक डिपो बनेंगे। इन डिपो के पास ही चार्जिंग स्टेशन लगाए जाएंगे और 41 किमी लंबी हाई टेंशन लाइन बिछाई जाएगी, जो चार्जिंग को स्थिर बनाएगी। इस सूची में जबलपुर का नाम नहीं हैं।



## जबलपुर में पारा 43 डिग्री के पास पहुंचा, धूप और गर्मी से लोग बेहाल

**जबलपुर, देशबन्धु।** प्रदेश में जबलपुर के साथ ही अन्य जिलों में गर्मी का प्रकोप बना हुआ है। 22 अप्रेल को जबलपुर में पारा 42 डिग्री से उपर रहा। वहीं संभाग के अन्य जिलों में इसी तरह गर्मी ने अब सामान्य जन जीवन को प्रभावित करना शुरू कर दिया है। इससे लोग बेचैन होने लगे हैं।

मौसम विभाग से मिली जानकारी के अनुसार गरम हवाओं और तेज धूप के अलावा सुबह से देर शाम तक उमस और गर्मी की प्रचंडता बनी हुई है। इससे केवल जरूरी काम के लिये ही लोग निकल रहे हैं। बाकी दूसरे कामों को या तो सुबह-सुबह, इसके बाद शाम के समय किया जा रहा है। इससे कारोबार पर असर हो रहा है। दोपहर की ग्राहकी कम हो रही है। दुकानदार भी मौसम की मार से अछूते नही हैं।

बताया गया है कि अभी शाम ढलने के बाद भी गरम हवाओं का चलना बंद नहीं हो रहा है। न्यूनतम तापमान 20.8 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, वहीं बीते साल 35.6 और 25.9 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया था। इससे कहा जा सकता है कि बीते साल की अपेक्षा में इस बार गर्मी ज्यादा है।

## शादी के चंद घंटे बाद ही उजड़ गया सुहाग

**शहडोल,देशबन्धु।** जिले के ब्यौहारी थाना क्षेत्र में एक हृदय विदारक घटना में दूल्हा समेत दो युवकों की मौत हो गई। शादी के अगले ही दिन दूल्हे की मौत से मातम पसर गया। शादी के बाद दूल्हा अपनी पत्नी के लिए तोहफा लेने बाइक से गया था। ये बाइक उसको शादी में ही मिली थी। तोहफा लेकर लौटते समय विपरीत दिशा से आ रही बाईक से उसकी टककर हो गई। हादसे में दूल्हा और सामने से आ रही बाइक सवार युवक की मौत हो गई।

## धनबाद-एलटीटी साप्ताहिक स्पेशल ट्रेन

**जबलपुर, देशबन्धु।** समर के दौरान अतिरिक्त यात्री यातायात को क्लियर करने और उनकी यात्रा मांग को पूरा करने के उद्देश्य से धनबाद-एलटीटी-धनबाद साप्ताहिक स्पेशल ट्रेन विशेष किराये पर 10-10 ट्रिप रेल प्रशासन द्वारा चलाने का निर्णय लिया गया है।

गाड़ी संख्या 03379 धनबाद-एलटीटी साप्ताहिक स्पेशल ट्रेन 22 अप्रैल से 24 जून 2025 तक प्रत्येक मंगलवार को धनबाद स्टेशन से रात 22:00 बजे प्रस्थान कर, अगले दिन सिंगरौली सुबह 07:30 बजे, बरगवां 08:50 बजे, ब्यौहारी 1055 बजे, कटनी साऊथ दोपहर 13:05 बजे, मदनमहल दोपहर 14:40 बजे, पिपरिया 16:45 बजे, इटारसी 18:00 बजे पहुँचकर और तीसरे दिन गुरुवार सुबह 08:30 बजे एलटीटी स्टेशन पहुँचेगी।

इसी प्रकार गाड़ी संख्या 03380 एलटीटी-धनबाद साप्ताहिक स्पेशल ट्रेन 24 अप्रैल से 26 जून 2025 तक प्रत्येक गुरुवार को एलटीटी स्टेशन से सुबह 10:00 बजे प्रस्थान कर, इटारसी रात्रि 23:00 बजे पहुँचकर, अगले दिन पिपरिया मध्य रात्रि 00:15 बजे, मदनमहल 02:30 बजे, कटनी साऊथ 04:05 बजे, ब्यौहारी 06:20 बजे, बरगवां 08:55 बजे पहुँचकर और शुक्रवार रात 22:30 बजे धनबाद स्टेशन पहुँचेगी।

## रीवा से दक्षिण यात्रा के लिए चर्लपल्ली (सिकन्दरबाद) समर स्पेशल ट्रेन चलाई



**जबलपुर, देशबन्धु।** रेल प्रशासन द्वारा ग्रीष्मकालीन अवकाश के दौरान यात्रियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए विशेष ट्रेनों का संचालन किया जा रहा है। इसी कड़ी में पश्चिम मध्य रेलवे से गाड़ी संख्या 01704/01703 रीवा-चर्लपल्ली (सिकन्दरबाद)-रीवा द्वि-साप्ताहिक ग्रीष्मकालीन विशेष ट्रेन (10-10 ट्रिप) चलाने का निर्णय लिया गया है। इस गाड़ी में वातानुकूलित श्रेणी एवं शयनयान श्रेणी के कोच रहेंगे।

यह स्पेशल ट्रेन पश्चिम मध्य रेल के सतना, मैहर, कटनी मुड़वारा, दमोह, सागर, बीना, रानी कमलापति एवं इटारसी स्टेशनों पर ठहरकर गंतव्य तक जाएगी।

गाड़ी संख्या 01704 रीवा-चर्लपल्ली (सिकन्दरबाद) विशेष ट्रेन 24 अप्रैल 2025 से 25 मई 2025 तक प्रत्येक गुरुवार एवं रविवार को रीवा स्टेशन से दोपहर 13:00 बजे प्रस्थान कर, सतना 14:05 बजे, मैहर 14:38 बजे, कटनी मुड़वारा 15:50 बजे, दमोह 17:23 बजे, सागर18:30 बजे, बीना रात 19:50 बजे, रानी कमलापति 22:00 बजे, इटारसी 23:35 बजे पहुँचकर एवं अन्य स्टेशनों पर ठहराव के बाद अगले दिन दोपहर 14:45 बजे चर्लपल्ली (सिकन्दरबाद) स्टेशन पहुंचेगी।

गाड़ी संख्या 01703 चर्लपल्ली (सिकन्दरबाद)-रीवा विशेष ट्रेन दिनांक 25 अप्रैल 2025 से 26 मई 2025 तक प्रत्येक शुक्रवार एवं सोमवार को चर्लपल्ली (सिकन्दरबाद) स्टेशन से शाम 16:55 बजे प्रस्थान कर,अगले दिन मार्ग के अन्य स्टेशनों से होते हुए इटारसी दोपहर 12:25 बजे, रानी कमलापति 15:40 बजे, बीना 18:15 बजे, सागर 19:20 बजे, दमोह 20:38 बजे , कटनी मुड़वारा 22:50 बजे, पहुँचकर तीसरे दिन मैहर मध्य रात्रि 01:38 बजे, सतना 02:05 बजे और भोर 03:30 बजे रीवा स्टेशन पहुंचेगी।

## किरर के जंगल में लगी भीषण आग

**अनूपपुर, देशबन्धु।** किरर के जंगल में सोमवार की शाम से आग लगने की जानकारी वन विभाग को राहगीरों से मिली। देर शाम अधिकारी मौके पर पहुंचे। रात के कारण आग पर नियंत्रण नहीं पाया जा सका। जिसे मंगलवार को फायर ब्रिगेड से काबू करने का प्रयास जारी हैं। सूत्रों की माने तो यह आग ग्रमीणों ने हाथियों को गांव में आने से रोकने के लिए सोमवार की शाम आग लगाई गई जो विकराल रूप धारण कर लिया हैं। वहीं कुछ लोगों का कहना हैं कि महुआ बीनने गए ग्रामीणों की लापरवाही से आग लग गई है। यह आग अब एक किलोमीटर के क्षेत्र में फैल चुकी है।

आग धीरे-धीरे एक किमी के क्षेत्र में फैल गई। आग का विकराल रूप देख राहगीरों ने वन विभाग को सूचित किया। इसके बाद वन विभाग लगातार आग पर काबू पाने के लिए कोशिश कर रहा है।








**J.B.F.A.**
जबलपुर बॉयलर फार्मस् एसोसियेशन
मुर्गा छोटा - रु. 138
मुर्गा मीडियम - रु. 130
मुर्गा बड़ा - रु. 112
मुर्गा जम्बो - रु. 112
मो.-9039925000, 9425800409

**सोनू पोल्ट्री**
बड़ा ब्रॉयलर - रु. 108
मीडियम ब्रॉयलर - रु. 126
छोटा ब्रॉयलर - रु. 134
मोबाइल नं. 9300692405

